CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 15°C

नई दिल्ली, बुधवार 5 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 214 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार: अखिलेश

पेज 2




मंधाना को हटाकर वुलफार्ट बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज

खेल टाइम्स



बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच

सम्पादकीय



भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर अमेरिकी अदालत की रोक

पेज 12

# बिहार में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है।

**केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर, कहा था- वोटिंग के दिन कुछ नेताओं को घर से निकलने मत देना**



दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें, तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। राजद ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जदयू ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है। दूसरी तरफ, राजद नेता और महागठबंधन के सीएम चेहरे तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी को माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे। तेजस्वी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन, 14 जनवरी को, पूरे साल भर का 30 हजार महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। 5 साल के दौरान कुल डेढ़ लाख मिलेंगे। राज्य की जीविका दीदीयों को स्थायी किया जाएगा। उन्हें 30,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।



कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य टीएमसी नेता राज्य के मताधिकार की रक्षा के लिए एसआईआर पहल के खिलाफ एक विशाल रैली निकालते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में NDA की प्रचंड जीत होगी, कोई शक नहीं: मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान के आखिरी चरण में एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत की। भाजपा-एनडीए समर्थक मतदाताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह बातचीत भारतीय जनता पार्टी की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत हुई।

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। हिंदुजा परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं।

### NHRC ने अफसरों के रिश्वत मामले का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि बेंगलुरु में अपनी इकलौती बेटी की मौत के बाद एक पिता को हर कदम पर रिश्वत देनी पड़ी। आयोग ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में केंद्र सरकार से जवाब तलब

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवम्बर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें, ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इस पर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को -**शेष पृष्ठ दो पर**

**ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई**

**कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा**



### ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के कदम पर केंद्र की खिंचाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने के केंद्र सरकार के आवेदन पर नाराजगी व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यह कदम मौजूदा पीठ से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जो पहले ही इस मामले की व्यापक सुनवाई कर चुकी है।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ लंबे समय से लंबित मद्रास बार एसोसिएशन मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। कार्यवाही के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने एक आवेदन पेश कर अनुरोध किया है कि मामले को एक बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाए। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि हमें उम्मीद नहीं है कि भारत संघ इस तरह की रणनीति अपनाएगा।

# बंगाल में एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी का मार्च

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किमी लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से एसआईआर शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है। एसआईआर पर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। जिसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं। इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी।

**पार्टी वर्कर्स के साथ कोलकाता की सड़कों पर उतरीं, भाजपा ने कहा: जमात की रैली**

### इंडिया गठबंधन करेगा एसआईआर प्रक्रिया का देशव्यापी विरोध

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन ने मंगलवार से दूसरे चरण की शुरू हो रही मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने की योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन ने देशव्यापी आंदोलन करने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन इसके विरोध में सामूहिक रूप से उच्चतम न्यायालय का फिर से रुख करने की भी तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद (एसआईआर) के मसले पर इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय से गुहार करने और देशव्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। फिलहाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने पर सहमति दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई गहरी चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है।

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। अदालत ने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि कई बार पोक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है।

**कहा: लोगों को दुष्कर्म व पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करें**

### यात्री ने की विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार शाम को वाराणसी से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट के एप्रन से रनवे की ओर जाते समय एक यात्री ने अचानक इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया। क्रू मेंबरों ने तत्काल इसकी सूचना पायलट को दी। पायलट एटीसी को सूचना देते हुए विमान को वापस एप्रन पर ले आया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर सुरक्षाकर्मियों द्वारा विमान की जांच की गई और यात्री को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## मालगाड़ी पर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, छह की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई।

छह लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है।



**कई लोग घायल, आमने-सामने की हुई टक्कर**

### दिवाली के 13 दिन बाद भी दिल्ली में एक्यूआई 229

**नई दिल्ली।** देश में इस समय 3 तरह के मौसम चल रहे हैं। राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली प्रदूषण, कोहरा और धुंध से जूझ रही है। दिवाली के 13 दिन बाद भी यहां एक्यूआई लेवल गंभीर कैटेगरी में है। मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक्यूआई लेवल 229 रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हिमालय से सटे राज्यों में बर्फबारी का अलर्ट है।

# भारत में राजनीति बन गई फैमिली बिजनेस: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा कि भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है।

जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने लेख में लिखा कि यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है। थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

**कांग्रेस सांसद ने कहा: कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार, वंशवाद छोड़ना चाहिए**



## मणिपुर: उग्रवादियों ने सेना पर की फायरिंग, चार उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में सोमवार तड़के सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के चार उग्रवादी मारे गए।

सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यूकेएनए अब तक केंद्र, राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।

**खनपी गांव में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़**

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश दुबे के करीबी डीएसपी ऋषिकांत सस्पेंड

**लखनऊ।** कानपुर के वकील अखिलेश दुबे के करीबी और मैनपुरी के डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला को आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित कर दिया गया हैं। उन पर अखिलेश दुबे से साठ गांठ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। वो दस तक साल कानपुर में सीओ पद पर नियुक्त रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गृह विभाग के सचिव आईएएस जगदीश ने इन्हें निलंबित करते हुए विजिलेंस जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ऋषिकांत शुक्ला पर कानपुर में तैनाती के दौरान लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर संपत्ति अर्जित करने का आरोप थे। विजिलेंस जांच में भी उनकी अकूत संपत्ति का खुलासा हुआ है, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है। एसआईटी जांच ने जब इस मामले की जांच की, तो सौ करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इनमें पड़ोसी के नाम पर खरीदी गई आर्य नगर में 11 दुकानें भी शामिल हैं।

### तिवारी ने थरूर के वंशवाद संबंधी लेख पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के राजनीति में वंशवाद को लेकर प्रकाशित एक लेख पर गहरी नाराजगी और आपत्ति जताई है। तिवारी ने यहां मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा कि नेहरू परिवार के नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। आखिर भारत में ऐसा कौन सा परिवार है, जिसमें नेहरू परिवार जैसी निष्ठा और क्षमता रही है? गौरतलब है कि थरूर ने वंशवाद की राजनीति को केंद्र में रखकर एक लेख लिखा था।

## स्नान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री का निर्देश

# रीलबाज पुलिसकर्मियों को हटाया जाए: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, ददरी मेला (बलिया) व गढ़मुक्तेवर मेला (हापुड़) के आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी करने के दौरान रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों को हटाने का भी आदेश दिया है। ताकि किसी की भी लापरवाही के चलते इन आयोजनों में कोई बड़ी चूक न हो। जनता की सेवा से जुड़े कामों में मर्यादा और अनुशासन बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आगामी आयोजनो के दौरान घाटों व मेलों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान मेलों में स्वच्छता, सुरक्षा व सतर्कता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा कि ये पुलिस और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आयोजनों में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित व श्रद्धाभाव से भरा रहे। नदियों के जलस्तर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'विकसित उत्तर प्रदेश -2047' अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 72 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। जौनपुर, गाजीपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, बिजनौर, गोरखपुर, बरेली, सोनभद्र और गोंडा सहित कई जिलों से लोगों ने विकास के उपयोगी विचार साझा किए हैं।



■ घाटों पर सुविधाएं रखने का निर्देश, मर्यादा में रहे आचरण

### दरभंगा में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतिम दिन दरभंगा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के दौरान भारी जनसमूह उमड़ा। लोहिया चौक से प्रारंभ होकर मछली चौक तक चले इस भव्य रोड शो में लोगों का उत्साह चरम पर रहा। सड़क के दोनों ओर और छतों पर खड़े लोगों ने योगी योगी, जय श्री राम, भारत माता की जय, मिथिला धाम की जय, माता जानकी की जय और हर हर महादेव के नारे लगाए।

### किसानों को राहत: नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक प्रतिशत रिकवरी की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 प्रतिशत रिकवरी छूट की घोषणा की है, जिससे राज्य के लाखों अन्नदाता किसानों और राइस मिलों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में रोजगार और निवेश क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। योगी सरकार का धान कुटाई पर राहत पैकेज का ऐलान किया है। इस छूट से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। इससे प्रदेश के 13-15 लाख अन्नदाता किसानों और 2000 से अधिक राइस मिलों को सीधा लाभ पहुंचेगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। योगी सरकार के इस निर्णय से राष्ट्रीय स्तर पर बचत होगी। अब पीडीएस के लिए बाहर से चावल की रैक नहीं मांगनी पड़ेगी। सरकार ने हाइब्रिड धान की कुटाई पर रिकवरी प्रतिशत पर पहले से ही 3 प्रतिशत की छूट दी हख जिसके लिए सरकार प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करती है।

## लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलेगी वंदे भारत

लखनऊ, वार्ता

■ सात नवम्बर से होगी शुरू, नौ शहरों से होकर गुजरेगी

उत्तर प्रदेश में अब एक और नए रूट पर वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। ये नई ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सहारनपुर जिले के बीच चलेगी, जिससे प्रदेश के अवध क्षेत्र से पश्चिमी यूपी के जिल के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। लखनऊ से सहारनपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन 7 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए ट्रेन का टाइमटेबल और रूट तय हो गया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है।

वंदे भारत के नए रूट पर चलने के बाद सीतापुर भी वंदे भारत एक्स्प्रेस के रूट से जाएग। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 26504 सोमवार को छोड़कर बाकी सभी सप्ताह के छह दिनों पर चलेगी। टाइम टेबल के मुताबिक वंदे भारत ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सुबह पांच बजे रवाना होगा, इसके बाद ये ट्रेन सुबह 5.55 बजे सीतापुर पहुंचेगी। सीतापुर से शाहजहांपुर सुबह 7.10 बजे, बरेली सुबह 8.08 बजे, मुरादाबाद सुबह 9.27 बजे, नजीबाबाद सुबह 10.45 बजे, रुड़की सुबह 11.40 बजे और रुड़की से सहारनपुर दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। इस तरह ये ट्रेन नौ बड़े शहरों से होकर गुजरेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 26503 वंदे भारत ट्रेन सहारनपुर से दोपहर तीन बजे रवाना होगी और फिर रुड़की 3.45, नजीबाबाद शाम 4.40 बजे, मुरादाबाद शाम 6.10 बजे, बरेली शाम 7.33 बजे, शाहजहांपुर रात 8.38 बजे, सीतापुर रात 9.50 और लखनऊ जंक्शन पर रात 11.00 पहुंचेगी। वापसी में भी ये ट्रेन सहारनपुर से सोमवार को छोड़कर बाकी सभी छह दिन चलेगी।

## अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतर्राष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे



सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नई परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जताई जा रही हैं।

### बाराबंकी में सड़क हादसे में आठ मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत आठ लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा-फतेहपुर मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास बीती रात कल्याणी नदी के पुल पर कार और ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे निलंबित पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकांत शुक्ल और माफिया अखिलेश दुबे को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार के सुशासन के दावों की आए दिन पोल खुल रही है और हर विभाग में दलालों और रिश्वतखोरी चरम पर है।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति मिली है, सोचिए उनके पास खुद कितनी अपार दौलत होगी और उनके उस 'ऊपर वाले' के पास कितनी, जिनके संरक्षण और आशीर्वाद से वे अब तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 'सुशासन' के दावे अब खोखले साबित हो चुके हैं। हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी और हर जगह दलालों का राज कायम है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज का असली अर्थ है 'भ्रष्टाचार का भंडार', जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई का धन लूटने की खुली छूट दी जा रही है। कानपुर के अखिलेश दुबे को लेकर सपा मुखिया इन दिनों काफी हमलावर हैं। अभी बीते दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा था कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास दुबे की गाड़ी इसलिए पलटाई गई थी कि कहीं सरकार न पलट जाए। अब अखिलेश दुबे को बचाया जा रहा है। गौरतलब है कि ऋषिकांत शुक्ल कानपुर नगर पुलिस में लंबे समय तक तैनात रहे हैं।



■ हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी व हर जगह दलालों का राज



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



## निवेशकों के 2.7 लाख करोड़ डूबे, सूचकांक टूटे

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय शेयर बाजारों मंगलवार को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 519 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी गिरकर 25,600 के नीचे चला गया। कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों से शेयर बाजार के सेंटीमेंट पर दबाव देखा गया। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों को लेकर मिलेजुले संकेत और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के चलते भी निवेशक सतर्क दिखाई दिए।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 519.34 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,459.15 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी इंडेक्स 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत तक फिसल गए। दिनभर के कारोबार में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे



### सेंसेक्स 500 अंक टूटा निफ्टी 25,600 के नीचे

सूचकांक दिन के निचले स्तरों के पास ही सिमट गए। लगभग सभी सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए। आईटी, मेटल, बैंकिंग और अक्ट्रो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर डड्रेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। आईटी, मेटल, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 469.79 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 472.51 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। सेंसेक्स के इन 5 शेयरों में रही सबसे अधिक तेजी बीएसई सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 5 शेयर आज हरे निशान में यानी बढ़त के साथ बंद हुए। इसमें टाइटन के शेयरों में 2.28 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्टेट बैंक आफ इंडिया के शेयर 0.72 फीसदी से लेकर 1.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसमें भी पावरग्रिड का शेयर 3.13 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं, इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयरों में 1.76 फीसदी से लेकर 2.79 फीसदी तक की गिरावट रही।

### सस्ता हुआ सोना-चांदी खरीदारी का शानदार मौका

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन में सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। नवंबर की शुरुआत में वेडिंग सीजन शुरू होने से पहले ही सोने -चांदी के दामों में गिरावट आई है। अगर आप गोल्ड ज्वेलरी खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह बढ़िया मौका हो सकता है। 4 नवंबर दोपहर 12.30 बजे के मुताबिक एमसीएक्स पर 5 दिसंबर एक्सपायरी वाला गोल्ड 120,685 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले बंद भाव 121,409 से करीब 724 सस्ता है। यानी सोने में 0.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 4 नवंबर दोपहर 12.32 बजे चांदी 145,924 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी, जो पिछले बंद भाव 147,758 से 1,834 कम है। यानी चांदी 1.24 प्रतिशत टूटी है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 4 नवंबर को 24 कैरेट सोना 1,21,010 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,10,926 पर रहा। चांदी का भाव 1,46,120 प्रति किलो दर्ज हुआ, जिसमें 1.25 प्रशित की गिरावट दिखी। बता दें कि आईबीजेए द्वारा जारी रेट पूरे देश में समान होते हैं।

## फंडिंग के लिए जूझ रही 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑनलाइन जुआ....**

बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी, जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेंटर फॉर अकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टमिक चेंज (सीएएससी) और शौर्य तिवारी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें सरकार को सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चलने वाले ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि ये एप्स पूरे देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट विराग गुप्ता ने केंद्र को 2,000 सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े एप्स की डिटेल्स सौंपीं। गुप्ता ने बेंच को बताया कि 15 करोड़ बच्चों की सुरक्षा के बारे में है। उन्होंने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 का जिक्र भी किया। बेंच ने सरकार से याचिकाकर्ता द्वारा दी गई ऑनलाइन गेमिंग एप्स की डिटेल्स पर एक्शन लेने को कहा।

## कौशाल्या नंद गिरि सनातन किन्नर अखाड़ा की पीठाधीश्वर नियुक्त

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा में लगातार हो रहे भेदभाव और अनियमितिता के चलते प्रयागराज में किन्नर अखाड़े में हुई दो फाड़ फाड़ के बाद किन्नर अखाड़े के कई किन्नरों ने महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को सर्वसम्मति से नए किन्नर अखाड़ा का पीठाधीश्वर नियुक्त किया है। सनातन किन्नर अखाड़ा के नाम से बने इस किन्नर अखाड़े की पीठाधीश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को बनाया गया जबकि पूर्व के किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भवानी मां इसकी संरक्षक बनी है। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम में जहां टीना मां का पट्टाभिषेक किया गया, वहीं यज्ञ और हवन कर नए अखाड़े का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई किन्नर परिवारों के संरक्षक किन्नर गुरु मौजूद रही। उन्होंने साफ तौर से कहा कि इस अखाड़े का उद्देश्य सनातन सभ्यता से जुड़े कर्मकांड को करना है तथा ऐसे लोग जो किन्नर ना होते हुए भी पैसों के बल पर किन्नर अखाड़े को जॉइन कर उसको बदलाव करने में लगे हैं उनसे कितने समाज की रक्षा करना है।

## ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में भिड़े श्रद्धालु और पुलिस

वृंदावन, वार्ता

■ पहले राधे-राधे फिर जमकर हुई मारपीट

वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार की सुबह अजीब स्थिति बन गई। यहां मंदिर में दर्शन कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं को पहले पुलिस ने रोका और फिर देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पुलिस वाले श्रद्धालुओं को पीटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं श्रद्धालु भी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

मामला ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एंट्री गेट का है। जानकारी के मुताबिक मंदिर में दर्शन करने के बाद कुछ महिला और पुरुष श्रद्धालु इसी गेट से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। वहां गेट पर खड़े पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और एग्जिट गेट से बाहर जाने को कहा। चूंकि मंदिर में इतनी भीड़ थी कि एग्जिट गेट तक पहुंचना थोड़ा मुश्किल था, ऐसे में इन श्रद्धालुओं ने पुलिस कर्मियों की बात को नजरअंदाज कर एंट्री गेट से ही आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी बात पर पुलिस के साथ टकराव हो गया। बता दें कि कार्तिक महीने की वजह से वृंदावन में श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। वृंदावन आने वाले बांके बिहारी के दर्शन के लिए जरूर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ बार-बार अनियंत्रित हो जा रही है। इसी क्रम में आज यानी मंगलवार की सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इनमें एटा और मैनपुरी से आए श्रद्धालु भी शामिल थे। ये लोग पहले मंदिर में घुसे और दर्शन के बाद उसी गेट से वापस निकलने लगे थे। वहीं जब पुलिस के साथ इन श्रद्धालुओं की झड़प और मारपीट होने लगी, तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा दिया है। पुलिस इन सभी श्रद्धालुओं से अभी पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## पत्थरों से पीटकर की थी हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुलिस ने सामयपुर बादली इलाके में हुई एक बेरहमी से की गई हत्या की गुत्थी मात्र २४ घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल पत्थर, स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की है। घटना २ नवम्बर की रात करीब १० बजे की है, जब संतोष कुमार श्रीवास्तव नामक व्यक्ति अपने परिचित मनीष के साथ उन लोगों से बात करने गया था, जिन्होंने कुछ दिन पहले मनीष को धमकाया था। सामयपुर बादली अंडरपास के पास मनीष की मुलाकात तीन युवकों से हुई, जो वहां स्कूटी खड़ी किए हुए थे। बातों- बातों में झगड़ा बढ़ा और आरोपियों ने मनीष और उसके साथी पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पत्थर से सिर पर वार लगने से मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही गिर पड़ा। संतोष के होश में आने पर उसने मनीष को सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा पाया।

# श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कला,संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में दिल्ली सचिवालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के आगामी ३५०वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई।

बैठक में पंजाबी अकादमी, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, पर्यटन विभाग, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और अन्य संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। यह तय किया गया कि गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, दर्शन और बलिदान को समर्पित अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक और जनसहभागिता से जुड़े कार्यक्रम दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए जाएं। इसको लेकर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का त्याग केवल एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली उस ऐतिहासिक घटना की गवाह है जहाँ गुरु तेग बहादुर जी ने ए अपने प्राणों की आहुति देकर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक गुरु जी के आदर्शों से प्रेरणा ले और समाज में सहिष्णुता, प्रेम और सेवा की भावना को सशक्त बनाए।मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि गुरु तेग बहादुर जी के विचारों को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का माध्यम बनेगा।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी इस आयोजन में सहयोग कर रही है ताकि इसे और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक रूप दिया जा सके।मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक लाल किले में तीन लॉन चुने गए हैं, जहाँ विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा। श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा की समुचित व्यवस्था की जाएगी और रामलीला मैदान में टेंट सिटी स्थापित की जाएगी, जिसमें ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी।

## डीयू साहित्य महोत्सव का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू द्वारा १२ से १४ फरवरी तक एक विशाल साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। साहित्य महोत्सव के लिए गठित कोर कमेटी की एक बैठक डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। इस पहली बैठक में महोत्सव को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि यह एक विशाल आयोजन होने जा रहा है; इसका केंद्र बिंदु राष्ट्र प्रेम होगा। इस महोत्सव का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) व अन्य साहित्यिक संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन देश हित को ध्यान में रख कर होने चाहिए। ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए जो सामाजिक सौहार्द के खिलाफ हो।

# 11 साल बाद सेवा काल के दौरान मृतक के आश्रितों को दी गई नियुक्तियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा डीएसआईआईडीसी में अनुकंपा आधार पर मृतक आश्रितों को नौकरी देने की प्रक्रिया ११ साल बाद दोबारा शुरू हुई है।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग, पर्यावरण, खाद्य और आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मृतक कर्मचारियों के २४ लीगल उत्तराधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।इस अवसर पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जैसे ही हमने मुख्यमंत्री को बताया कि मृतक आश्रित परिवारों के लिए रखी गई नौकरियाँ पिछले ११ सालों से खाली हैं और एक भी नियुक्ति नहीं हुई है, उन्होंने तुरंत इसका संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि इन पदों को जल्द भरा जाए। यह बहुत पीड़ा की बात है जब किसी घर में कमाने वाला व्यक्ति नहीं रहता और परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हमारी सरकार ऐसे परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। हमें यह देखना है कि उन्हें राहत मिले, ना कि दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ें।"उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम पिछली सरकारों की गलतियों को एक-एक कर सुधार रहे हैं। इस पहल के लिए मैं उनका विशेष धन्यवाद करता हूँ। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मेरे लिए भी बहुत भावनात्मक पल है। कार्यक्रम में डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जिन पदों पर नियुक्तियाँ दी गईं, उनमें एमटीएस (११ पद), असिस्टेंट ग्रेडख्ळ्ळ (७ पद), अकाउंट्स असिस्टेंट (५ पद) और जूनियर स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) (१ पद) शामिल हैं। नए कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंत्री सिरसा ने कहा कि आपको दिल्ली के लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। मुझे विश्वास है कि आप पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे और आपके आने से विभाग का उत्साह और बढ़ेगा।"सिरसा ने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार की उस सोच को दिखाती है जिसमें जनता सबसे पहले है। सरकार हर कठिन समय में अपने नागरिकों के साथ खड़ी है-यही हमारी प्रतिबद्धता है।

# जाली भारतीय मुद्रा सिंडिकेट का भंडाफोड़ , तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जाली भारतीय मुद्रा नोट सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर तीन प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ३,२४,००० रूपये मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि एएसआई दीपक कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक संगठित समूह दिल्ली और उत्तर प्रदेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के प्रसार में शामिल है। इस सूचना के मिलते ही एसीपी राजबीर मालिक की देखरेख मे इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में टीम ने एक आरोपी राकेश अरोड़ा (५०), को नॉर्थ गेट मॉल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस ने उसकी तलाशी के दौरान, ५०० रूपये मूल्यवर्ग के नकली भारतीय नोट (कुल ६१,००,०००/-) बरामद किए गए है। इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से सह-आरोपियों के साथ बातचीत के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि नकली नोट शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी विवेक कुमार मौर्य (३२)ने अपने भाई सह सहयोगी रवि अरोड़ा (५०) के माध्यम से उपलब्ध कराए थे।इसके बाद अपराध शाखा की टीम ने आरोपी रवि अरोड़ा ( के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान, एक लकड़ी के शोकेस से १७,५०० रूपये मूल्य के ५०० रूपये के ३५ नकली भारतीय नोट बरामद किए गए, साथ ही उसके पास से दो और नकली नोट (रु. ५०० और रु. २००) बरामद किए गए। सह-आरोपी विवेक कुमार मौर्य का एक मेडिकल सर्टिफिकेट और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से एक गुप्त सूचना पर आरोपी विवेक कुमार मौर्य को उसके आवास पर छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया।



दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा व पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सचिवालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक करते हुए।

## एक नजर

### हवाला रैकेट का भंडाफोड़ एक करोड़ कैश के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हवाला के एक करोड़ रुपये नकद के साथ एक संदिग्ध को दबोच लिया। यह धनराशि अवैध रूप से स्थानांतरित की जा रही थी, जिसकी सूचना पर आरपीएफ ने त्वरित एक्शन लिया। गिरफ्तार संदिग्ध को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर निलेश कुमार के नेतृत्व में एएसआई पवन, सुशील मलिक कांस्टेबल विनोद, हेड कांस्टेबल नीरज और प्रदीप टीम स्टेशन पर गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी और व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि यह राशि हवाला के जरिए अवैध लेन-देन से जुड़ी थी। जब्त किए गए रुपये को सील कर आयकर विभाग को सुपुर्द कर दिया गया, जहां अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है यह राशि गुजरात के जाई जा रही थी।

### छोटी सी बात पर बहसबाजी, आंख से निकाला खून

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में छोटी सी बात पर हुई बहसबाजी के बाद आरोपियों ने एक युवक की इतनी बुरी तरह से पिटाई की कि उसकी आंख से खून तक निकलने लगा। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। आरोपियों में एक आरोपी सोशल मीडिया वीडियो बनाया करता है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान सेक्टर बी२ नरेला में रहने वाले वंश के रूप में हुई है। वह भोरगढ में स्थित कॉरियर कंपनी में नौकरी करता है। रविसवार रात दस बजे वह संजय कॉलोनी में कंपनी के मैनेजर को बाइक से दस्तावेज देने गया था। वापिस आते वक्त सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल के पास बाइक का पैट्रोल खत्म हो गया था। उसने अपने भाई अंकित को मामले की जानकारी दी। अंकित ने कुछ ही देर में आने की बात कही। जब वह सीएनजी पंप के पास खड़ा था। उसी वक्त तानिश नामक सोशल मीडिया पर वीडिया अपलोड करने वाला अपने साथियों के साथ कार के साथ वहीं पर खड़ा था। जब वह अपने भाई के साथ बात कर रहा था। तानिश अपने दोस्तों के साथ आया और बहसबाजी करने लगा। तानिश ने उसके थप्पड़ व लात घुसें मारकर जमीन पर गिरा दिया। जब वह किसी तरह से आरोपियों के कब्जे से भागने लगा। जबरन पकडकर तानिश ने उसके आंखे में घुंसा मार दिया। आंखे से खून निकलने लगा। वह जमीन पर चिल्लाता हुआ गि गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। राहगीरों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। दोस्त को आपबीति बताई। जिसने पुलिस को वारदात की जानकारी दी।

### मोबिक्विक ने आय परिणामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** मोबिक्विक सिस्टम्स ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने आय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) की घोषणा की। कंपनी ने अपने पेमेंट और फाइनेन्शियल सर्विस बिजनेस में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोबिक्विक ने अपनी मजबूत विकास की रफ्तार को जारी रखा और मुनाफे की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में कॉस्ट कंट्रोल और बेहतर मार्जिन वृद्धि के जरिए एक मजबूत परिचालन तिमाही दर्ज की। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन और हालिया प्रगति पर टिप्पणी करते हुए, मोबिक्विक की अध्यक्ष, कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, उपासना टाकू ने कहा, इस तिमाही में हमारा प्रदर्शन हमारे व्यावसायिक बुनियादी सिद्धांतों की मजबूती और भविष्य में भी लाभ की ओर हमारे ध्यान को दर्शाता है।

### दिल्ली में बस की कमी को लेकर केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा सरकार लगातार डी.टी.सी. के बेड़े में बसें जोड़कर और बसों के रूटों की उपयोग समीक्षा कर दिल्ली में निवर्तमान अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा छोड़े गये बस उपलब्धता संकट को हल करने में लगी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मात्र ८ माह में नई भाजपा सरकार ने ६०० से अधिक बसें डी.टी.सी. के बेड़े में जोड़ी हैं और २८०० नई बसों का आर्डर दिया है जो २०२६ में आ जायेंगी जबकि अरविंद केजरीवाल सरकार ने १० वर्ष की सत्ता में डी.टी.सी. के बेड़े के लिए एक बस भी नही जोड़ी थी।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आज दिल्ली में जो बस कमी महसूस हो रही है उसके लिए अरविंद केजरीवाल सरकार जिसका सौरभ भारद्वाज प्रमुख चेहरा थे की बस ना खरीदने की अपराधिक लापरवाही दोषी है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की सौरभ भारद्वाज एक नाटकीय नेता हैं जिनको दिल्ली वालों की समस्याओं से कोई लेना देना नही है, असल में वह यमुना एवं वायु प्रदूषण से लेकर बस की कमी के नाम पर विडिओ बना कर इन्हे अपने निजी यूट्यूब एवं कुछ सोशल मीडिया चौनल पर डालकर बड़ी इंटर्नेट आमदानी अर्जित कर रहे हैं।

## जीएचवी इंफ्रा ने दूसरे क्वार्टर में वृद्धि हासिल की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने 30 सितंबर, 2025को समाप्त दूसरे तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं।

कंपनी ने इस अवधि के दौरान आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी के वित्तीय परिणामों के संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर अजय हंस ने कहा किजीएचवी इंफ्रा ने इस तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जिसे समय पर प्रोजेक्ट क्रियान्वयन और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन से समर्थन मिला है। सफल बोनस इश्यू और मध्य पूर्व में विस्तार, शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि करने और नई संभावनाएं हासिल करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एमसीडी का प्रदूषण पर नियंत्राण अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वायु और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों को और तेज कर दिया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम दिल्ली की हवा को स्वच्छ और सड़कों को धूल-मुक्त रखने के लिए सर्दियों के दौरान कई प्रभावी कदम उठा रहा है।

एमसीडी लगभग ६,१३० किलोमीटर सड़कों का रखरखाव करती है, जहाँ करीब ५७,००० सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई करते हैं। यहाँ से एकत्र की गई धूल और गाद को निर्धारित स्थलों पर सुरक्षित तरीके से निपटाया जाता है। मुख्य सड़कों की सफाई के लिए एमसीडी ने ५२ मेकैनिकल रोड स्वीपर तैनात किए हैं, जो लगभग ३,४०० किमी सड़कों की सफाई एक दिन छोड़कर करते हैं। निगम जल्द ही १८ और यांत्रिक स्वीपर जोड़ने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, धूल कम करने के लिए १६७ वॉटर स्प्रिंकलर और २८ मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है। एमसीडी ने अपने लैंडफिल स्थलों और संयंत्रों पर २० स्थायी एंटी-स्मॉग गन तथा १५ ऊँची इमारतों पर अतिरिक्त एंटी-स्मॉग गन लगाई हैं।

अप्रैल से सितम्बर २०२५ की अवधि में एमसीडी ने २२४ किलोमीटर सड़कों को ठीक किया है और ७,६०० से अधिक गड्ढों की मरम्मत की है।

धूल को कम करने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों और खुले क्षेत्रों के सुधार हेतु ५९१ किलोमीटर सड़कों और नालों के पुनर्निर्माण की ६७५५ करोड़ की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसे अगले वित्त वर्ष में लागू किया जाएगा। निर्माण और ध्वस्तीकरण कार्यों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए एमसीडी नियमित रूप से सभी पंजीकृत स्थलों की निगरानी कर रही है। वर्तमान में ७६० साइटें डीपीसीसी वेब पोर्टल पर पंजीकृत हैं और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

जनवरी २०२५ से अक्टूबर २०२५ तक, एमसीडी के बिल्डिंग विभाग ने सी एंड डी स्थलों पर उल्लंघन के मामलों में ६१२.१ करोड़ (६१२१,०००,०००) के कुल १,२२२ पर्यावरण मुआवजा नोटिस जारी किए हैं। बिल्डिंग विभाग ने १४९ ऊँची इमारतों ख्र जिनमें मॉल, कार्यालय, होटल और शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं, को एंटी-स्मॉग गन लगाने के लिए भी चिन्हित किया है।

# मच्छर जनित बीमारियों ने पांव पसारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियां पांव पसार रही हैं। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर निगम दिल्ली द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक रिपोर्टों के अनुसार, डेंगू के मामलों में उछाल आया है। दिल्ली डेंगू से दो लोगों की मौत हो गई है। वर्ष २०२५ में अब तक दिल्ली में डेंगू के कुल ११३६ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यह संख्या चिंताजनक है, खासकर जब इसमें दो मौतों की पुष्टि भी शामिल है। ये आंकड़े बताते हैं कि मच्छरों के पनपने और बीमारियों के फैलने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं, जिन पर तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता है। बीती २५ अक्तूबर को एमसीडी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, डेंगू के कुल १०६६ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यानी बीमारी ने १००० का आंकड़ा पार कर लिया है। मानसून के बाद के दो महीनों सितंबर और अक्तूबर में मामलों में सबसे तेज वृद्धि हुई है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकेत है।

डेंगू के सितंबर में २०८ और अक्तूबर (२५ अक्तूबर तक) में ३०७ नए केस दर्ज हुए। गत सप्ताह के दौरान डेंगू के ७२ मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के बाद जमा पानी, अपर्याप्त सफाई और रोकथाम कार्यों में आई रुकावट इस बढ़ोतरी के मुख्य कारण हैं। पिछले एक महीने से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में लगे फील्ड कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।



निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण करती हुई।

# स्थायी समिति की अध्यक्ष ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने आज गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और वहाँ चल रहे बायोमाइनिंग एवं कूड़ा निस्तारण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल, शाहदरा (दक्षिणी) जोन के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, क्षेत्रीय उपायुक्त बादल कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीमती शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़े के पहाड़ की ऊँचाई कम करने के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएँ और नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक मशीनों का प्रयोग कर बायोमाइनिंग कार्य को और तेज किया जाए। श्रीमती शर्मा ने बताया कि गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग का कार्य दूसरे चरण में जारी है। यह चरण पूर्ण होते ही तीसरे चरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में योजना तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर एक नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादन भी संभव होगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में साल २०२७ के अंत तक गाजीपुर के कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। यह दिल्ली की स्वच्छता एवं पर्यावरण सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा पिछले छह महीनों में भाजपा सरकार ने बिना किसी शोर-शराबे के धरातल पर कार्य किया है। पिछली सरकार ने केवल वादों और दिखावे तक ही खुद को सीमित रखा था। निरंतर और परिणामोन्मुख प्रयासों से हम अपने लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त करेंगे।

■ **श्रीमती शर्मा ने बताया कि गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग का कार्य दूसरे चरण में जारी**

# प्रदूषण से बचकर रहें दिल के रोगी: डॉ. कालरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण दिल के लिए खतरनाक है। जी हां, वायु प्रदूषण भी दिल की बीमारियों के अहम कारणों में से एक बन सकता है। वायु प्रदूषण के छोटे कण, खासतौर से पीएम 2.5 सबसे ज्यादा नुकसानदेह होते हैं। ये कण इतने बारीक होते हैं कि हमारे शरीर की प्रोटेक्टिव टिश्यू को पार करके सीधे फेफड़ों में और फिर ब्लड फ्लो में पहुंच जाते हैं। इसके अलावा, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ओजोन जैसी गैसें भी दिल के लिए हानिकारक साबित होती हैं। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक एवं दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा के अनुसार सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस- प्रदूषण के छोटे कण ब्लड फ्लो में पहुंचकर शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करते हैं। यह एक ऐसी कंडीशन है, जहां शरीर में हानिकारक मुक्त कण बनने लगते हैं। यह सूजन आर्टरीज की दीवारों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे एथेरोस्क्लेरोसिस की प्रक्रिया तेज हो जाती है।



डॉ.आरएन कालरा बताते हैं कि ब्लड वेसल्स का कठोर होना- प्रदूषण के कारण ब्लड वेसल्स कम फ्लेक्सीबल और ज्यादा सख्त हो सकती हैं। इससे हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ जाता है, जो दिल की बीमारियों का एक अहम रिस्क फैक्टर है। डॉ आरएन कालरा ने बताया कि खून का गाढ़ा होना और थक्के बनना- वायु प्रदूषण ब्लड को गाढ़ा कर सकता है और क्लॉट बनने की संभावना को बढ़ा सकता है। यह क्लॉट आर्टरीज में रुकावट पैदा करके हार्ट अटैक या स्ट्रोक का कारण बन सकते हैं। हार्ट बीट में अनियमितता- प्रदूषण का संपर्क दिल की इलेक्ट्रिक रिदम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है, जिससे एरिथमिया हो सकता है। इनडायरेक्ट इफेक्ट- प्रदूषित हवा में सांस लेने से सीने में जकड़न या सांस की तकलीफ हो सकती है, जिससे दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है, खासकर उन लोगों में जो पहले से ही दिल की बीमारियों से पीड़ित हैं। हालांकि, वायु प्रदूषण किसी को भी प्रभावित कर सकता है, लेकिन कुछ लोगों को इसका खतरा ज्यादा होता है। इनमें बुजुर्ग, पहले से दिल की बीमारियां, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोग, बच्चे और प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल हैं।

## सात जुआरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से जुए के लिए दांव पर लगाई गई ७२,४००/- की नकदी और जुए से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की है।दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि जिले में आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए एसीपी ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित, प्रभारी स्पेशल स्टाफ के नेतृत्व में टीम मंगोल पुरी क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थी। गश्त के दौरान, टीम बाल्मीकि चौक के पास पहुँची। इसी बीच उन्हें ए-ब्लॉक मंगोलपुरी में अवैध जुआ खेलने वाले व्यक्तियों के एक समूह के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त की। टीम ने कई व्यक्तियों को अवैध जुआ खेलते हुए पाया।

# मरीज की आंख की रोशनी बचाने में मिली कामयाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ मामले में सर्जिकल उत्कृष्टता का शानदार नमूना पेश करते हुए, चुरू (राजस्थान) के ५३-वर्षीय मरीज की आंखों की रोशनी बचाने में कामयाबी हासिल की है। मरीज की आंखों की रोशनी बचाने के लिए जटिल फेशियल और आइ रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी की गई। इस मामले में, मरीज एक औद्योगिक दुर्घटना के शिकार हुए थे जिसमें वुड ग्राइंडिंग मशीन उनके चेहरे पर गिरने से उनकी बायीं आंख की ऊपरी और निचली पलकें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मरीज को तत्काल फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के इमरजेंसी विभाग में लाया गया क्योंकि उनकी पलक से गाल तक करीब सात सेंटीमीटर लंबा गहरा घाव हो गया था, जिससे प्रभावित हिस्से की त्वचा उधड़ गई थी और काफी खून बह रहा था तथा मांसपेशियां भी उभर आयी थीं।

डॉक्टरों का कहना था कि उन्होंने भी आंख और चेहरे पर इससे पहले इतनी खतरनाक चोट नहीं देखी थी, और इस दुर्घटना के बाद मरीज की जान के साथ-साथ उनकी आंख की रोशनी बचाने के लिए काफी गंभीरतापूर्वक प्रयास किए गए। इमेर्जंग से पता चला कि उनकी बायीं आंख की बाहरी सतह (कॉर्निया) और फ्रंट वॉल फट गई थी, साथ ही, चोट लगने की वजह से उनकी आंख के आसपास सूजन और हवा भरने की वजह से उभार भी दिखायी दे रहा था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### 1 मिलियन डॉलर के लिए ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में निगम ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की पूर्ण

# विश्व की 25 ग्लोबल सिटी में शामिल होने के लिए गाजियाबाद की तैयारी जोरों पर



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 की कार्यवाही को पूर्ण कराते हुए गाजियाबाद नगर निगम हित में बेहतर कार्य किया गया जिसके क्रम में गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही को रफ्तार दी गई। विश्व के टॉप 50 ग्लोबल सिटी में विशाखापट्टनम तथा गाजियाबाद नगर निगम का चयन हुआ, विश्व स्तर पर गाजियाबाद का नाम रोशन हुआ तथा गाजियाबाद नगर निगम को 50 लाख गोबर से पेंट बनाने के प्रोजेक्ट को प्रारंभ करने के लिए प्राप्त हुए। इस बार विश्व के टॉप 25 सिटी की सूची में शामिल होने के लिए ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयार्क के पोर्टल पर एक मिलियन डॉलर के लिए एप्लीकेशन फॉर्म सबमिट किया जा चुका है, सूची में आने पर गाजियाबाद नगर निगम को प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट के लिए एक मिलियन डॉलर की प्राप्ति होगी जिसके लिए निगम अधिकारियों द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। तेजी से गोबर से बने पेंट प्रोजेक्ट को रफ्तार दी जा रही है।

गाजियाबाद नगर निगम ने गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही को पूर्ण किया गया तथा पेंट को प्रथम चरण में 50 सरकारी स्कूल में इस्तेमाल में लिया जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से बने हुए पेंट की मार्केटिंग भी की गई तथा दीपावली मेला तथा स्वदेशी मेला में गोबर से बने हुए प्राकृतिक पेंट का स्टाल भी लगाया गया जन-जन को जागरूक किया गया। नगर आयुक्त ने बताया फाइनल राउंड के लिए ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयार्क के पोर्टल पर एप्लीकेशन सबमिट की गई है। प्राकृतिक पेट की संपूर्ण जानक. ारी एप्लीकेशन में दी गई है सकारात्मक सोच के साथ और कड़ी मेहनत के साथ गोबर से पेंट बनाने का कार्य पूर्ण करते हुए रिपोर्ट सबमिट की गई है, निर्णय 2026 में आएगा, विश्व के 25 टॉप शहरों में शामिल होने पर गाजियाबाद नगर निगम को 10 करोड़ का लाभ प्राप्त होगा।

गाजियाबाद नगर निगम ने प्राकृतिक पेंट के प्रोजेक्ट को वृहद स्तर पर रफ्तार से बढ़ाया गया है जनहित में गोबर का इस्तेमाल करते हुए पेट बनाया जा रहा है जिसमें न केवल पर्यावरण को लाभ मिल रहा है बल्कि शहर निवासियों को भी जागरूक किया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार फिर से ब्लूमबर्ग मेयर चौलेंज 2025 में एप्लीकेशन सबमिट की जा चुकी है विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए सराहनीय प्रयास किया है जो की सफल हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम हित तथा शहर हित में एक मिलियन डॉलर की प्राप्ति अवश्य होगी इस आशा से निगम अधिकारियों द्वारा एप्लीकेशन सबमिट की जा चुकी है तथा कड़ी मेहनत की जा रही है।

## छात्रा पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कॉलोनी निवासी कक्षा 12 की छात्रा के परिजनों ने क्षेत्र में रहने वाले युवक के खिलाफ सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप लगाए है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस ने पीड़िता के परिजन की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है। लोनी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री कक्षा 12 वीं की छात्रा है। आरोप है कि लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी निवासी युवक ललित ने 16 जून को सोशल मीडिया पर पुत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी की थी। उन्होंने बताया कि युवक ने सोशल मीडिया पर पुत्री द्वारा दूसरे धर्म के युवक के साथ विवाह किए जाने की झूठी अफवाह फैलाई है। उन्हें मामले की जानकारी रिश्तेदारों ने फोन करके दी। पुत्री को मामले की जानकारी मिली तो वह तनावग्रस्त होकर बीमार पड़ गई। बदनामी के चलते पुत्री स्कूल नहीं जा पा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई। पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर हुई पुलिस चौकी की स्थापना, यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था होगी और सुदृढ़

**गाजियाबाद।** नमो भारत के यात्रियों की सुरक्षा एनसीआरटीसी की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। यात्रियों के लिए स्टेशन और ट्रेन दोनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनसीआरटीसी निरंतर प्रयास कर रही है। इसी दिशा में आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के पास एक पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है तथा दिल्ली पुलिस को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया है। अब यात्री आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे, जिससे नमो भारत में उनकी यात्रा अब और भी ज्यादा सुरक्षित होगी। आनंद विहार नमो भारत गेट नंबर 2 के पास निर्मित इस चौकी में यात्री नमो भारत ट्रेन या स्टेशन परिसर से संबंधित घटनाओं की शिकायतें दर्ज करा सकेंगे तथा अन्य कानूनी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। यह चौकी पड़पड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करेगी।

नमो भारत के माध्यम से रोजाना हजारों यात्री सफर करते है जिनमें बड़ी संख्या में महिला यात्री भी शामिल है। आनंद विहार स्टेशन, नमो भारत कॉरिडोर के सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले स्टेशनों में से एक है। यहाँ पुलिस चौकी का निर्माण होने से यात्रियों की सुरक्षा और ज्यादा मजबूत और पुख्ता होगी और यात्री न सिर्फ गैरकानूनी घटनाओं की शिकायत दर्ज करा पाएंगे बल्कि उन्हें तत्काल पुलिस सहायता भी प्राप्त हो सकेगी। नमो भारत ट्रेनों का परिचालन यात्रियों के लिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है।

एनसीआरटीसी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए एनसीआरटीसी की योजना है कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के सभी नमो भारत स्टेशनों पर पुलिस चौकियों का निर्माण किया जाए। न्यू अशोक नगर, गुलधर और दुहाई नमो भारत स्टेशन पर पुलिस चौकी का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। हाल ही में, साहिबाबाद और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों के पास नई पुलिस चौकियों का निर्माण कर उन्हें सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया गया है।

## डेबिट कार्ड चोरी कर खाते से निकाले दस हजार रुपये

**लोनी।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी निवासी महिला के घर से चोरों ने डेबिट कार्ड चुरा लिया। आरोप है कि चोरों ने उसी दिन महिला के खाते से दस हजार रुपये निकाल लिये। पीड़िता की ई एफआईआर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी निवासी सलमा के घर से चोरों ने 14 अक्टूबर को पर्स चुरा लिया था। उन्होंने बताया कि पर्स में भारतीय स्टेट बैंक का डेबिट कार्ड समेत अन्य सामान था। शाम को चोरों ने उनके खाते से दस हजार निकाल लिये। मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्हें मामले की जानकारी हुई। उन्होंने बैंक पहुंच कर मामले की जानकारी बैंक अधिकारी से की।

### एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र का

# इंडियाज टैलेंट शो के टीवी राउंड के लिए हुआ चयन



**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र यशस्वी भटनागर का चयन भारत के सबसे बड़े रियलिटी शो इंडियाज टैलेंट शो के टीवी राउंड के लिए हुआ है। यशस्वी की उत्कृष्ट गायन प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उन्हें देश के सबसे होनहार युवा कलाकारों की श्रेणी में स्थान दिलाया है।

कैंपस प्रस्तुतियों से लेकर राष्ट्रीय टेलीविजन मंच तक की उनकी यह यात्रा समर्पण, जुनून और कड़ी मेहनत का प्रेरणादायक उदाहरण है। पूरे एस.डी.जी.आई परिवार छात्रों, संकाय सदस्यों और प्रबंधन ने यशस्वी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उनकी यह सफलता विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं, बल्कि संगीत, कला और नवाचार जैसे विविध क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है।

चांसलर महेन्दर अग्रवाल, प्रो चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव तथा कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार ने यशस्वी को आगामी टीवी राउंड के लिए शुभकामनाएँ दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्व. विद्यालय एवं गाजियाबाद शहर का नाम रोशन करेंगे।एस.डी.जी. आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी सदैव विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है, जहाँ "प्रतिभा और अवसर का संगम" साकार होता है।

# श्याम बाबा के भजनों पर देर रात तक झूमे श्याम प्रेमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** देव उठनी एकादशी की पावन तिथि पर श्री बालाजी एवं खाटू श्यामजी मंदिर श्याम मार्ग आम रोड के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाबा का जन्मोत्सव (पाटोत्सव) बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सायंकाल में श्याम बाबा के भव्य विशाल एवं संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नगर के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं श्याम प्रेमी सोनू पाठक एवं अनिल अग्रवाल सांवरिया एवं अनुज मित्तल के द्वारा श्याम बाबा की पावन जोत प्रज्ज्वलित की गई।

इसके साथ ही संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहकों के द्वारा श्याम बाबा का गुणगान भजनों के माध्यम से सभी श्याम प्रेमियों के साथ मिलकर किया गया। कोलकाता से पधारी सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहिका पूर्वा मिश्रा एवं चंडीगढ़ से आए प्रसिद्ध भजन प्रवाहक सनी सिंह लखा ने अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया। सभी श्याम प्रेमियों ने भजनों पर नाचते झूमते धमाल मचाते हुए श्याम बाबा का जन्मोत्सव (पाटोत्सव) बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया और श्याम बाबा को जन्मदिन की बधाई दी।

इस शुभ अवसर पर श्याम बाबा को मिष्ठान केक का भोग लगा कर सभी को वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर नगर के सम्मानित विशिष्ट अतिथियों में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, भाजपा नगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं शहर की मेयर सुनीता दयाल, अनिल अग्रवाल पूर्व राज्य सभा संसद ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सभी विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं छप्पन भोग प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। संकीर्तन के उपरांत सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। यह भव्य आयोजन श्याम परिवार समिति एवं श्री खाटू श्याम कुटुम्ब सेवा परिवार मंदिर समिति ट्रस्ट सभी पदाधिकारीयों अनिल सांवरिया, गौरव गर्ग, योगेश गोयल, राकेश करन, विशाल गर्ग, कुलदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, गुरविंद कंसल, अंकुर मित्तल, सौरभ गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, वरुण राजपूत, दीपक अग्रवाल, अतुल भूषण, हर्ष अग्रवाल, वैभव गोयल, विजय गर्ग, विक्रम यादव एवं समस्त सदस्यो की देख रेख में आयोजित किया गया। ये संस्थाएं वर्षो से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्याम बाबा का संदेश एवं प्रचार जन मानस तक पहुंचाते रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों की भूमिका सराहनीय है।

## दिव्य व ज्ञानवर्धक प्रवचन का आयोजन 9 नवम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नव सृजन चैरिटेबल ट्रस्ट 9 नवंबर रविवार को श्रीमद् भागवत गीता के भक्ति योग अध्याय पर आधारित दिव्य एवं ज्ञानवर्धक प्रवचन आयोजित करेगा। कविनगर रामलीला मैदान के जानकी भवन में होने वाले इस आयोजन का विषय श्रीमद्भागवत गीता के 12वें अध्याय में भक्ति योग का प्रवचन होगा और मुख्य वक्ता परम पूज्य दिनेश कुमार अपने मधुर वाणी से गीता के भक्ति मार्ग के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करेंगे। वे आधा घंटा ध्यान का अभ्यास भी कराएंगे। प्रवचन प्रात: 7:30 बजे से 9:30 बजे तक होगा।

यह सत्संग मानव जीवन को ईश्वर भक्ति, आत्मचिंतन एवं सद्गुणों से ओत-प्रोत करने का अनमोल अवसर है। सभी धर्म प्रेमी अपने मित्रों और परिवार के साथ इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रीकृष्ण के उपदेशों से जीवन को आलोकित कर सकते हैं। आमंत्रक अधिवक्ता मोहित कुमार बंसल ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होने से भगवान श्रीकृष्ण की साक्षात कृपा प्राप्त होती है, जिससे हमारा जीवन धन्य बनता है। मानव जीवन की सार्थकता भगवत भक्ति में ही है। इसलिए ऐसे आयोजनों का लाभ उठाना सभी के लिए कल्याणकारी है।

## गोशालाओं में कैमरे लगाकर होगी निगरानी

**गाजियाबाद।** जनपद में सभी गोशालाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे। इससे गोवंशों की स्थिति, चारे की उपलब्धता और कर्मियों पर नजर रखी जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसपी पांडे ने बताया कि गोशालाओं में होने वाली गति. विधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे जिस निकाय के क्षेत्र में गोशाला है, उनके द्वारा ही लगाए जाने हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि गोशालाओं में रखे गए गोवंशों को समय पर चारा-पानी मिल रहा है या नहीं। वहीं, कर्मचारी ड्यूटी ईमानदारी से कर रहे हैं या नहीं। कैमरे 24 घंटे रिकॉर्डिंग की सुविधा से लैस होंगे और विभागीय अधिकारी किसी भी समय लाइव फीड देखकर स्थिति का आकलन कर सकेंगे।

## बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पौने 53 लाख रुपये वसूले

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग महिला को एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर पौने 53 लाख रुपये वसूल लिए। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़िता को मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल भेजने की धमकी देकर रकम ट्रांसफर कराई। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि जालसाजों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। कविनगर थानाक्षेत्र के चिरंजीव विहार सेक्टर-एक में रहने वाले एसएस ठाकुर की 70 वर्षीय पत्नी उदय ठाकुर का कहना है कि 25 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई।

## 'शालीमार गार्डन में अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने किया ध्वस्त'

**■ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय निर्माणकर्ताओं ने किया विरोध**

**गाजियाबाद।** जीडीए द्वारा अवैध निर्माण/ अवैध कालो. नियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के चलते सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए भूखण्ड संख्या-एस-499-ए शालीमार गार्डन एक्स0-1 साहिबाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विपरीत अतिरिक्त तल पर निर्मित कॉलमों व दीवारों के निर्माण को ध्वस्त करते हुए अनुपयोगी श्रेणी में कर दिया गया है।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस बल एवं थाना शालीमार गार्डन का पुलिस बल उपस्थित रहा।

# मेयर ने शहर में दी सात करोड़ 21 लाख के विकास कार्यों की सौगात



**गाजियाबाद।** सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने फिर से शहर में 7 करोड़ 21 लाख के विकास कार्यों की सौगात का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया है।

**कार्यों का विवरण**

1. वार्ड 52 कोट गाँव मे चौधरी मोड़ से कोट गाँव फाटक तक मुख्य मार्ग सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 82 लाख है।
2. वार्ड 42 मानसरोवर पार्क कॉलोनी में क्रिसेंट चौक से हंसराज मार्किट तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 21 लाख है।
3. वार्ड 10 मोहन नगर वजीराबाद रोड से ताहिरपुर रोड तक सड़क के दोनों तरफ कच्ची साईड पटरी पर इंटरलॉकिंग टायल्स व सौन्दर्यकरण का कार्य जिसकी लागत लगभग 67 लाख है।
4. वार्ड 20 भोपुरा राजीव कॉलोनी में क्षतिग्रस्त सोम बाजार रोड का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 84 लाख है।
5. वार्ड 82 जवाहर पार्क मुख्य मार्ग पर बंगाली होटल से मंसूरी चौक तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 67 लाख है।

उपरोक्त विकास कार्यों का आज कार्य शुरू हो गया है जिसमे पार्षद व जनता द्वारा महापौर का स्वागत व धन्यवाद भी किया गया व महापौर ने सभी को अपने हाथ से प्रशाद वितरण कर सभी को सभी को नए विकास कार्य की शुभकामनाएं दी। महापौर सुनीता दयाल द्वारा उपरोक्त सभी कार्यो के शिलान्यास कर आज कार्य शुरू कराया गया है जिसमे महापौर द्वारा बताया गया कि शहर की जनता के आवागमन के लिए यह कार्य जनता को ही समर्पित किया जा रहा है ताहि शहर में आवागमन सुचारू रहे ओर यह सब हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देन है।

केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा इस गाजियाबाद शहर में विकास के लिए लगातार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है जिससे शहर में चौमुखी विकास हो रहा है और हम कोई भेद भाव नही करते जहा हिन्दू है वहाँ भी और जहा मुस्लिम हैं वहाँ भी विकास कार्य बराबर हो रहे है, वह भी हमारे ही शहर के नागरिक है उनको मूल सुविधा देने भी हमारी जिम्मेदारी है।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत हुए दो आयोजन

**साहिबाबाद।** गत दिनों ट्रांस हिण्डन जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति पुलिस टीम थाना कौशाम्बी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मिली जानकारी के अनुसार बालिकाओं को बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

इसके अलावा ट्रांस हिण्डन जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति पुलिस टीम थाना इन्दिरापुरम द्वारा स्कूल में भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई । बालिकाओं को बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 आदि के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

### आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर

# कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे। यह कोर्स एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करना है।

इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आर एस, प्रोफेसर, प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज, चेन्नई, सचिव एस्थेटिक्स डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आईएसीडीई के मानद महासचिव और डॉ शिशिर सिंह, एडिटर एंड चीफ, जनरल ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री, डीन प्रोफेसर और एचओडी, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग, टेरना डेंटल कॉलेज, नवी मुंबई थे, जिनके पास एस्थेटिक्स डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान है और वह नियमित रूप से इस तरह के पाठ्यक्रम संचालित कर रहें है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के सिद्धांतों और प्रथाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट वेनीयर तथा एंगल बिल्ड-अप तकनीकों पर विभिन्न व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को फिनिशिंग और पॉलिशिंग विधियों पर व्याख्यान, हैंड्स-ऑन और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किये गये, जिसमें मुख्य रूप से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट वेनीयर, एंगल बिल्ड-अप तकनीक और फिनिशिंग और पॉलिशिंग विधियां शामिल थी। तकनीकी कौशल के अलावा, कार्यक्रम में मरीजों और दंत प्रयोगशालाओं के साथ संचार कौशल बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिभागी पेशेवर बातचीत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकें।

दोनों वक्ताओं ने बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों के लिये इस तरह के ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेंटिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# जहरीला स्मॉग बरकरार, सेहत बिगाड़ रहे आंकड़े

**■ सड़कों पर उड़ती धूल भी वायु प्रदूषण में अहम रोल अदा कर रही है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है। विभिन्न क्षेत्रों से सामने आ रहे हर दिन के आंकड़े सेहत बिगाड़ रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' है, जो स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में एक्यूआई का स्तर भिन्न-भिन्न देखा जा रहा है, लेकिन अधिकांश जगहों पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। ऐसे में दिनभर आसमान में हल्की स्मॉग की चादर देखने को मिली। इसके चलते सुबह के समय दृश्यता भी कम रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान बुधवार को हवा गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में लैंडफिल साइट हैं। इन तीनों साइट पर लाखों टन कूड़ा पड़ा है। यहां से उड़ने वाली धूल वायुमंडल में तैरती रहती है।

कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का प्रयास कई साल से चल रहा है। -निर्माण कार्य से निकलने वाली धूलः पूरे साल दिल्ली में निर्माण कार्य चलते रहे हैं। कुछ अधिकृत होते हैं लेकिन उससे ज्यादा अनाधिकृत निर्माण कार्य होते हैं। इनमें धूल प्रबंधन के नियम ध्वस्त नजर आते हैं। जब वायु प्रदूषण बढ़ जाता है तो ग्रेप के नियम लागू होते हैं जब धूल प्रबंधन की याद भी आती है।एक आंकलन के मुताबिक दिल्ली में प्रतिदिन एक करोड़ दोपहिया से लेकर भारी वाहन सड़कों पर उतरते हैं। इनसे निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण को बढ़ावा देता है। धुएं से ज्यादा इनके टायरों से निकलने वाला मिनी पार्टिकल हवा को प्रदूषित करता है जो स्वास्थ्य के लिए ज्यादा नुकसानदेह होता है।

सड़कों और फुटपाथ पर धूलः सड़कों पर उड़ती धूल भी वायु प्रदूषण में अहम रोल अदा कर रही है। कुछ सड़कों पर मशीन से सफाई होती भी है तो फुटपाथ पर धूल जमी रहती है। फुटपाथ पर मशीनें नहीं चल पाती हैं। अनाधिकृत कालोनियों में कई सड़कों के साथ कच्चे फुटपाथ हैं, जहां से धूल उड़ती रहती है। इन पर रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था मजबूत नहीं हो पा रही है। निर्माण व विध्वंस का मलबा : निर्माण कार्य व विध्वंस (सीएंडडी) से निकलने वाला मलबा सड़कों के किनारे पड़ा रहता है। दिल्ली में सीएंडडी वेस्ट से दूसरे उत्पाद तैयार करने के लिए चार प्लांट हैं। जब ये पूरी क्षमता से काम करें तो भी पांच हजार टन मलबा प्रतिदिन खपाया जा सकता है। लेकिन प्रतिदिन छह हजार टन मलबा निकलता है।

राजधानी में जगह-जगह खुले में कूड़ा जलाया जा रहा है। इस पर पूरे साल रोक होती है। लेकिन निगम इस पर पूरी तरह से नियंत्रण करने में नाकाम है। ग्रेप के दूसरे चरण के बाद भी लोग चेते नहीं हैं और जगह-जगह कूड़ा जलाया जा रहा है।

## नौकरी से निकाला, तो जानलेवा हमला किया

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में पैसों को लेकर हुए विवाद में कर्मचारी ने अपने साथी के साथ मिलकर मालिक पर ही जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल युवक की पहचान रोहिणी सेक्टर-११ में रहने वाले राजेश बंसल के रूप में हुई। सेक्टर-११ रोहिणी में वह अपनी कार वाशिंग की दुकान चलाया करता है। उसकी दुकान पर सुमित नामक युवक नौकरी करता है। बीते शनिवार को सुमित से काम करने को लेकर विवाद हो गया था। जिसको उसी वक्त नौकरी से निकाल दिया था। रात के वक्त जब वह ऑफिस में अकेला बैठा था। सुमित अपने किसी साथी के साथ ऑफिस में आया और पैसों को लेकर बहसबाजी करने लगा। हाथापाई के बीच सुमित और उसके साथी ने किसी धारदार चीज से उसपर जानलेवा हमला किया।

# मिस्बाह हत्याकांड का मास्टर माइंड पहुंचा दुबई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व स्थानीय सीलमपुर पुलिस हाशिम बाबा के शार्प शूटर मिस्बाह की हत्या करने वाले आरोपी छेनू गैंग के बदमाशों की गिरफ्तारी के खेल में लगी रही, जबकि इस हत्याकांड को अंजाम देने वाला छेनू गैंग के सरगना छेनू का भतीजा रिजवान आसानी से देश से भागने में कामयाब हो गया।

मिस्बाह की हत्या के बाद वह एक घंटे में देश छोड़ कर दुबई चला गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व सीलमपुर थाना पुलिस ने ३० अक्तूबर की रात करीब १०:४० बजे जामा मस्जिद चौक के पास हाशिम बाबा गैंग के शार्प शूटर मिस्बाह की हत्या के आरोप में छेनू गैंग के प्रिंस गाजी और अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया । पुलिस इस हत्याकांड को अंजाम देने के निर्देश देने वाले आरा. पी रिजवान की तलाश कर रही है। जाफराबाद निवासी २२ वर्षीय मिस्बाह कॉफी पीने के बाद अपनी कार की ओर जा रहा था, जब दो अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से २० से अधिक खाली कारतूस बरामद किए थे और करीब १५ गोलियां मिस्बाह के शरीर में लगीं थीं। स्पेशल सेल के वरिष्ठ पुलिस सूत्रों के अनुसार मिस्बाह एक समय छेनू गैंग का शार्प शूटर था। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से हाथ मिलाने पर हाशिम बाबा गैंग के दिन चमकने लगे। ऐसे में छेनू गैंग का पतन होता जा रहा था। इसे देखते हुए मिस्बाह ने पासा पलट लिया था और वह हाशिम बाबा गैंग में शामिल हो गया था। अब लॉरेंस गैंग में फूट पड़ने से और मकाको में हाशिम बाबा के बंद होने से हाशिम बाबा बैंग कमजोर पड़ने लगा है। इसे देखते हुए छेनू गैंग अपनी पकड़ बढ़ाने लगा है। मिस्बाह कुछ महीने पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उसने शराब पीकर छेनू गैंग को काफी गालियां दी थीं। इन गालियों से छेनू का भतीजा रिजवान आपा खो बैठा था। उसने प्रिंस गाजी व अब्दुल्ला को मिस्बाह की हत्या करने को कहा था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रिंस गाजी ने दिल्ली के सीलमपुर थाने में सरेंडर किया था। ये भी बताया जा रहा है कि अब्दुल्ला ने मेरठ में सरेंडर किया था।

# भाजपा नेता गुरु नानक जयंती शोभा यात्रा में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने आज अन्य पार्टी नेताओं के साथ मिलकर सिख श्रद्धालुओं के साथ सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे समारोह में भाग लिया।आज सुबह उन्होंने गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से प्रारंभ हुई श्री गुरु नानक जयंती शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे पाँच सिख साहिबान (ग्रंथी/पुरोहित) का माल्यार्पण किया। यह समारोह फतेहपुरी और आस-पास के क्षेत्रों के सिख व्यापारियों द्वारा फतेहपुरी मस्जिद के निकट स्थापित मंच से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सांसद श्री खंडेलवाल ने सिख श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर भी इस अवसर पर सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल के साथ उपस्थित रहे।बाद में प्रवीन खंडेलवाल ने कमला नगर निवासियों द्वारा आयोजित लंगर वितरण कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका नेतृत्व चांदनी चौक जिला भाजपा अध्यक्ष श्री अरविंद गर्ग ने किया। यह लंगर वितरण बिरला मंदिर, सब्जी मंडी के समीप आयोजित किया गया, जहाँ से शोभायात्रा अपने अंतिम पड़ाव गुरुद्वारा श्री नानक प्याऊ की ओर अग्रसर थी।



भाजपा सांसद एवं अन्य नेता श्री गुरु नानक देव जी की जयंती शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए।

# लैंडफिल साइटों को निर्धारित समय सीमा के भीतर समाप्त करना निगम का लक्ष्यः महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम राजधानी की तीनों लैंडफिल साइटों भलस्वा, गाजीपुर और ओखला के निस्तारण के कार्य को युद्ध स्तर पर अंजाम दे रहा है।

निगम का लक्ष्य है कि इन लैंडफिल साइटों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी तरह समाप्त किया जाए, ताकि दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि इस दिशा में दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष, नेता सदन, उप महापौर एवं संबंधित पदाधिकारी समय-समय पर इन तीनों लैंडफिल साइटों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर चल रहे निस्तारण कार्य को निगरानी और पारदर्शिता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द दिल्ली को इन कूड़ा पहाड़ों से मुक्ति मिल सके।

महापौर ने यह भी बताया कि नगर निगम के सभी पार्षद एवं अधिकारीगण अपने-अपने वार्डों में मौजूद कूड़ा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और उन क्षेत्रों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं। दिल्ली नगर निगम का उद्देश्य है कि न केवल बड़े स्तर पर लैंडफिल साइटों का समाधान किया जाए, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी कूड़ा निस्तारण की सतत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रधानमंत्री के "स्वच्छ भारत मिशन" के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरे को गीले और सूखे अपशिष्ट में पृथक करके ही दें तथा स्वच्छ दिल्ली अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## नहर किनारे बुजुर्ग का शव मिला, सनसनी

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव कूकड़ा इस्लामपुर नहर के किनारे मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव सराय निवासी 75 वर्षीय मोटे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीणों ने नहर किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर वह मृत मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। पुलिस के अनुसार मृतक मोटे भिक्षुक था और आसपास के क्षेत्र में ही घूमकर रहता था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# दिल्ली का एक्यूआई सात सालों में सबसे बेहतरः सिरसा

**■ पर्यावरण विभाग ने सभी एजेंसियों को धूल नियंत्रण के उपायों को और तेज करने के निर्देश दिए हैं, इसमें मिस्टिंग और स्प्रिंकलिंग बढ़ाना, मशीनी सफाई, कूड़ा उठाना और निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी शामिल है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों के बनिस्बत बेहतर हुई है।

दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआईप) ४ नवम्बर २०२५ को २९१ रहा, जो २०२४ में ३८१, २०२३ में ४१५, २०२२ में ४४७, २०२१ में ३८२, २०२० में ३४३ और २०१९ में ४०७ था। यह पिछले सात वर्षों में इस तारीख का सबसे अच्छा स्तर है।भौगोलिक चुनौतियों, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने, निर्माण गतिविधियों, वाहनों की बढ़ी हुई संख्या और ग्रीन दिवाली मनाने के बावजूद दिल्ली ने इस बार हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है। यह सफलता निरंतर और वैज्ञानिक तरीकों से किए गए प्रयासों का परिणाम है।साल-दर-साल के आंकड़े यह साबित करते हैं कि हमारी समन्वित और निरंतर प्रदूषण नियंत्रण रणनीति असर दिखा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार दिल्लीवासियों को साफ हवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम सालभर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं ताकि सर्दियों में प्रदूषण को काबू में रखा जा सके।" उन्होंने आगे कहा कि "सर्दियों का समय दिल्ली के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहता है, लेकिन इस बार हमारी टीमें लगातार मैदान में सक्रिय हैं। निगरानी, प्रवर्तन और धूल नियंत्रण जब साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिणाम खुद नजर आने लगते हैं।" पर्यावरण विभाग ने सभी एजेंसियों को धूल नियंत्रण के उपायों को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसमें मिस्टिंग और स्प्रिंकलिंग बढ़ाना, मशीनी सफाई, कूड़ा उठाना, और निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी शामिल है। इस समय १,२०० से अधिक प्रवर्तन टीमें सक्रिय हैं - जिनमें ४४३ टीमें खुले में कचरा जलाने के खिलाफ, ३७८ टीमें धूल नियंत्रण के लिए, और ५७८ टीमें वाहन प्रदूषण नियंत्रण के लिए काम कर रही हैं।

ये टीमें वार्ड और औद्योगिक इलाकों में दिन-रात गश्त कर रही हैं ताकि प्रदूषण फैलाने वाली गति. विधियों को रोका जा सके। मंत्री सिरसा ने बताया कि हमने ३९० एंटी-स्मॉग गन, २८० वाटर स्प्रिंकलर और ७६ मैकेनाइज्ड स्वीपर लगाए हैं। वाहनों के उत्सर्जन की नियमित जांच की जा रही है। सभी एजेंसियां मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि सर्दियों में भी यह सुधार जारी रहे।" उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का विंटर एक्शन प्लान केवल प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मकसद लंबे समय तक साफ इंफ्रास्ट्रक्चर और जागरूकता के जरिए स्थायी सुधार लाना है।

# दुर्लभ जेनेटिक बीमारी के उपचार को लेकर विशेष नीति की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दुर्लभ और जीवन के लिए खतरा बनी एक जेनेटिक बीमारी से जूझ रहे बच्चों के जीवन को बचाने के संकल्प और गहरी संवेदना से प्रेरित होकर, दिल्ली के चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संबंधित congenital muscular dystrophy के उपचार हेतु विशेष नीति हस्तक्षेप और त्वरित अनुमोदन की माँग की है। CMD दुनिया की सबसे दुर्लभ और भयावह जेनेटिक बीमारियों में से एक है, जो नवजात और छोटे बच्चों को प्रभावित करती है और धीरे-धीरे उनकी चलने, हिलनेख्रडुलने और यहाँ तक कि साँस लेने की क्षमता को भी छीन लेती है। खंडेलवाल की यह अपील एक अत्यंत भावनात्मक अनुभव से उत्पन्न हुई है ख्र उनके संसदीय क्षेत्र की एक २० महीने की बच्ची इस भयंकर बीमारी से जूझ रही है, जिसका इस समय दुनिया में कहीं भी कोई उपचार नहीं है। यह कहानी अकेली नहीं है। इस साहसी परिवार ने अब तक देश भर में लगभग ६० बच्चों की पहचान की है जो इसी बीमारी से लड़ रहे हैं। सभी जीवन और आशा के बीच संघर्ष कर रहे हैं। अपने पत्र में श्री खंडेलवाल ने लिखा कि भारत आज फिर एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहाँ वह स्वास्थ्य नवाचार के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर सकता है- ठीक वैसे ही जैसे कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने वैक्सीन बनाकर पूरी मानवता को आशा दी थी।

## हंसराज कॉलेज में विजिलेंस जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के द्वारा हंसराज कॉलेज लाइब्रेरी के तत्वावधान में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से "सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी " विषय पर एक विजिलेंस जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार, ४ नवम्बर को कॉलेज के सेमिनार हॉल में हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि डीयू के चीफ विजिलेंस ऑफिसर प्रो. गजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. रमा द्वारा की गई। प्रो. गजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता का अर्थ केवल भ्रष्टाचार से बचना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में अपने नैतिक विवेक को जाग्रत रखना है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने हर निर्णय में सजगता और नैतिकता को सर्वोपरि रखें।

# महिला टीम ने विश्व कप जीतकर रचा इतिहासः दीपक गाबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा एवं प्रदेश प्रवक्ता व भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में कल भारतीय महिला टीम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए महिला विश्व चैंपियनशिप कप 2025 प्रतियोगिता जितने पर भाजपा शाहदरा जिला में लडडू बांटे और ढोल पर जमकर नाचें और हृदय की गहराईयों से भारतीय महिला टीम का आभार व्यक्त किया और शुभकामनाएं दीं।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर विश्व विजेता का ताज अपने नाम किया। भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ. अनिल गोयल ने भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार नेतृत्व और दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष



और जेमिमा रॉड्रिक्स खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने इस जीत को संभव बनाया। पूरी टीम ने टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, टीम भावना और संघर्षशीलता का अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।'

इस अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के खेलो इंडिया और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के द्वारा किए गए प्रयासों से ही इस ऐतिहासिक उपलब्धि खुशी जताई और भारतीय महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत देश की करोड़ों महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।'

भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता डीडीसीए सदस्य ऐडवोकेट भारत गौड़ ने ICC अध्यक्ष जय शाह का विशेष भूमिका निभाई उन्होंने महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों को विश्व स्तर की सुविधा उपलब्ध कराई, अंत. रराष्ट्रीय स्तर के जिम, पुरुष खिलाड़ियों के बराबर वेतन और अन्य सुविधाएं के साथ वूमेन्स प्रीमियर लीग की शुरूआत की जिससे एक विशेष टैलेंट हंट चलाया और इस जीत के साथ भारत ने पहली बार महिला क्रिकेट टीम विश्व चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया है, जिससे भारतीय खेल जगत में नया अध्याय जुड़ गया है।'

इस अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, भाजपा शाहद. रा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पूर्व अध्यक्ष कैलाश जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा गोयल, छविकला सिंह, डिंपल खन्ना, पूजा चौरसिया, बबीता खन्ना, पूनम अरोड़ा, कृष्ण भारद्वाज, पवन शर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोलियां बरसाकर मांगी 30 लाख की रंगदारी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली और शाहदरा जिले में हाशिम बाबा गैंग और छेनू गैंग की अपराधिक गति. विधियां बढ़ती जा रही है। बीते दिनों सीलमपुर इलाके में हाशिम बाबा गैंग के मिस्बाह नामक बदमाश को छेनू गैंग द्वारा गोलियों से भून दिया गया था। ताजा मामला शाहदरा के फर्श बाजार का है। जहां श्रीराम कॉलोनी में रात को तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक बुकी के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग के बाद हमलावर एक धमकी भरा पर्चा फेंककर भाग निकले। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात कुख्यात हाशिम बाबा गैंग से जुड़े बदमाशों की है, जिन्होंने परिवार से ३० लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। सीसीटीवी फुटेज में तीनों हमलावर हेलमेट और मास्क पहने नजर आए, जो महज २० सेकंड में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

# श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने किया एनडीएमसी का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के वरिष्ठ सिविल सेवकों के एक ४० सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज ष्स्वच्छ शहर - बेहतर भविष्यष विषय पर विचारों के साझाकरण संवाद में भाग लेने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का दौरा किया। यह दौरा श्रीलंकाई सिविल सेवकों के लिए शहरी परिवर्तन पर १३वें क्षमता निर्माण कार्यक्रम का एक हिस्सा था, जो २७ अक्टूबर से ७ नवंबर, २०२५ तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन एनडी एमसी ने राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के सहयोग से किया था।इस सत्र के दौरान, एनडीएमसी अध्यक्ष - केशव चंद्रा ने सतत शहरी विकास और आधुनिक नागरिक सुशासन के प्रति एनडीएमसी के एकीकृत दृष्टिकोण पर एक व्यावहारिक विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने उन प्रमुख पहलों का प्रदर्शन किया, जिन्होंने नई दिल्ली को देश के सबसे स्वच्छ, हरित और नागरिक-हितैषी राजधानी शहरों में से एक बनाया है।

इस अवसर पर पालिका परिषद के वित्तीय सलाहकार-सह-सचिव, ओएसडी (कार्मिक/शिक्षा), मुख्य अभियंता (सिविल एवं विद्युत), मुख्य वास्तुकार, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, निदेशक (बागवानी) और निदेशक (प्रशिक्षण) सहित एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे और उन्होंने क्षेत्र-विशिष्ट पहलों और नवाचारों पर अपने विचार साझा किए।पालिका परिषद की एमओएच - डॉ. शकुंतला श्रीवास्तव द्वारा स्वच्छता संबंधी पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें मशीनीकृत स्वच्छता, रात्रिकालीन सफाई अभियान, वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत पर कूड़े का पृथक्करण और आरआरआर (कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें) मॉडल जैसी कई पहल शामिल थीं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को समुदाय-संचालित सर्वोत्तम प्रचलनों पर आधारित अनुपम कॉलोनियों के विकास, व्यापक बाग. वानी और हरित आवरण विस्तार प्रयासों, वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रेयर लगाने और ई-कचरे के वैज्ञानिक निपटान इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र उत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया आज सुबह से जारी है। सेंट्रल पैनल के चार प्रतिष्ठित पदों के लिए कुल २० उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जहां उम्मीदवार और उनके समर्थक ढोल-नगाड़े और डफली बजाकर अपने पक्ष में नारेबाजी कर रहे हैं।

इस चुनाव में सेंट्रल पैनल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव के पद पर करीब ३० फीसदी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं। जबकि काउंसलर के पद पर करीब २५ फीसदी महिला उम्मीदवार शामिल हैं। छात्र संघ चुनाव दो अलग-अलग पाली में हो रहे हैं। पहली पाली में सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक चुनाव हो रहा है।

छात्र संघ चुनाव को लेकर वामपंथी छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) ने संयुक्त तौर पर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसमें अध्यक्ष पद के लिए आइसा से आदिती मिश्रा, एसएफआई से उपाध्यक्ष पद के लिए गोपिका बाबू, डीएसएफ से महासचिव के पद पर सुनील यादव, आइसा से संयुक्त सचिव के पद पर दानिश अली चुनाव लड़ रही हैं।

# नो एंट्री से बढ़ा खर्च, माल पहुंचाने के लिए बॉर्डर से पहले बदलने पड़ रहे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रदूषण को लेकर दिल्ली में बीएस-४ से नीचे के वाहनों की एंट्री पर रोक होने से पुरानी गाड़ियों से ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ गया है। अब टीकरी बार्डर पार करके दिल्ली में जाने से पहले बहादुरगढ़ में गाड़ियां बदली जा रही हैं। इससे दिल्ली में माल पहुंचाना ४ से ८ हजार तक महंगा हो रहा है। प्रदेश भर के डेढ़ लाख पुराने वाहनों पर इस व्यवस्था का असर है।

अब जो बीएस-३ वाहन यहां पहुंच रहे हैं, उनका माल बहादुरगढ़ में दिल्ली नंबर की गाड़ियों में शिफ्ट करके आगे भेजा जा रहा है। दिल्ली के अंदर दूरी के हिसाब से इसका खर्च अलग-अलग है। १ नवंबर से यह स्थिति है। बहादुरगढ़ में नेशनल हाइवे-९ के बाईपास पर वाहन आकर रुकते हैं। फिर दूसरी गाड़ियां यहां पहुंचती हैं। ऐसे में गाड़ियों का किराया और लेबर मिलाकर खर्च बढ़ जाता है। पुराने वाहनों को लेकर यही स्थिति रहेगी। यह व्यवस्था स्थायी तौर पर है या फिर इसमें बाद में कुछ राहत मिल सकती है, इस पर अभी कुछ स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक गाड़ी में माल शिफ्ट करवा रहे चालक मनोज ने बताया कि दिल्ली से दूसरी गाड़ी बुलाने और अन्य खर्च मिलाकर ८ हजार रुपये ज्यादा लगे। प्रदूषण के मद्देनजर बीएस-४ से नीचे कैटेगरी के मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री १ नवंबर से रुकी हुई है। दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड वाहनों पर यह नियम लागू है। इससे हरियाणा के बीएस-३ कैटेगरी के करीब डेढ़ लाख मालवाहक वाहन प्रभावित हैं। एनफोर्समेंट टीमें दिल्ली की सीमाओं पर तैनात हैं, जो पुराने वाहनों की कैटेगरी चेक करती हैं। जो बीएस-४ से नीचे मिलता है उसे वापस लौटाया जाता है। जबकि दिल्ली में पंजीकृत किसी भी वाहन पर यह नियम नहीं है। अभी रोजाना दिल्ली के २३ बार्डर प्वाइंटों पर टीमें तैनात हैं। पहले तो बीएस-६ कैटेगरी से नीचे के सभी डीजल-पेट्रोल वाहनों को दिल्ली में एंट्री न देने का निर्णय था, लेकिन बाद में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने नए आदेश जारी किए थे। इसमें बीएस-४ वाहनों को एक साल की मोहलत दी गई है।

## ऑटो लिफ्टरों पर पुलिस का शिकंजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की एएटीएस टीमों ने शाहदरा और उत्तर-पूर्वी जिले में एक के बाद एक कार्रवाई कर दो कुख्यात ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियानों में कुल छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जो दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से चोरी की गई थीं। शाहदरा एएटीएस की टीम ने जहां गौतम विहार निवासी योगेंद्र को पकड़ा, वहीं उत्तर-पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने आशोक नगर से जतिन उर्फ बाबू को दबोचा। दोनों ही आरोपी वाहन चोरी की वारदातों में सक्रिय थे और पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं। ३ नवंबर को शाहदरा एएटीएस के एसआई विक्रांत चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर आनंद विहार इलाके में जाल बिछाकर आरोपी ३० वर्षीय योगेंद्र को पकड़ा।

# लेन-देन के विवाद में मारी युवक को गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा के गीता कॉलोनी में सोमवार देर रात गोलीबा. री का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान २२ वर्षीय एक युवक आदित्य को गोली लगी जिसे हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गोलीबारी पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में की गई है। वारदात के वक्त घायल युवक अपनी पत्नी भूमि के साथ मोमोज खाने निकला था। घायल युवक की आपराधिक पृष्ठभूमि भी सामने आई है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि सोमवार रात १०.१० बजे गीता कॉलोनी थाने में गोलीबारी में एक युवक के घायल होने की सूचना मिली। पता चला कि २२ वर्षीय आदित्य को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक को उसके चाचा मुरारी शर्मा ने अस्पताल पहुंचाया है। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे तो एसबीआई एटीएम के पास सड़क पर खून के धब्बे पड़े मिले।

पुलिस ने क्राइम व एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। अस्पताल में पूछताछ और जांच के दौरान पता चला कि आदित्य की पीठ में गोली लगी है और गोली की लीड उसकी रीढ़ की हड्डी में फंसी हुई है। वारदात के वक्त घायल युवक अपनी पत्नी भूमि के साथ मोमोज खाने गया था।

# शोभायात्रा से चाचा व दो भतीजों का सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत दिवस शोभायात्रा में शामिल होने गए चाचा सहित दो बच्चों को अभी तक भी कोई सुराग नही लग सका है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो तीनों एक साथ जाते नजर आ रही है। फिलहाल थाना आदर्शमंडी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए बच्चों की तलाश तेज कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला धर्मपुरा निवासी लव जैन का 14 वर्षीय पुत्र चिराग जैन, 9 वर्षीय पुत्र कुशार्ग जैन सोमवार को शहर के सती मंदिर से निकाली गई बाबा श्याम की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए गए थे। बताया जाता है बच्चे दोपहर बाद तक नही पहुंचे तो पिता लव जैन ने अपने छोटे बेटे कुशार्ग को फोन किया, जिसने बडे भाई द्वारा शहर के गुरूद्वारा तिराहे पर छोडकर जाने की बात कही और बोला कि रास्ता भटक गया है।

जिसके बाद परिजनों में हडकंप मच गया। पिता लव जैन सहित चाचा कुश जैन भी दोनों बच्चों को ढूढने के लिए दौड पडे। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी दोनों को सुराग नही लगा और बाद में चाचा कुश जैन का नंबर भी बंद जाने लगा।

जिसके बाद परिजनों को चिंता सताने लगी तो उन्होने थाना आदर्शमंडी पुलिस व शहर कोतवाली पुलिस से संपर्क कर बच्चों के लापता होने और किसी अनहोनी घटना घटित होने की जानकारी दी।

मंगलवार को दूसरे दिन भी पुलिस ने घर के आसपास व बाजार की सीसीटीवी फुटेज खंगाली है, जिसमें कुछ कैमरों में दोनों बच्चे अकेले जाते दिखाई दे रहे तो कुछ सीसीटीवी फुटेज में चाचा साथ जाता दिखाई दे रहा है। फिलहाल थाना आदर्शमंडी ने दोनों बच्चों की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और बच्चों की तलाश तेज कर दी है।

# महिला ने की पड़ोसियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** घर के बाहर गली में खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद में कस्बा निवासी महिला ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला शेखजादगान निवासी महिला शबाना, पत्नी तस्लीम ने एसपी एनपी सिंह को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उसका 11 वर्षीय पुत्र अनस घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान उसका बच्चों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़िता बच्चों की कहासुनी की शिकायत करने पड़ोसी के घर गई तो आरोप है कि पड़ोसियों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उस वक्त तो मौके पर मौजूद लोगों ने मामले का निपटारा करा दिया। आरोप है कि देर शाम एक महिला सहित पांच लोगों ने पीड़िता के घर में घुसकर लात घूंसो और लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें पीड़िता सहित पति तसलीम और पुत्र अनस घायल हो गए। पीड़िता ने परिवार सहित एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंध थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम हिरनवाड़ा निवासी एक महिला ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। गांव हिरनवाडा निवासी सुमन पत्नी राजेन्द्र उर्फ पप्पन ने डीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि विपक्षीगणों ने गाली-गलौच, मारपीट और अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। नवम्बर को दोपहर लगभग 2:30 बजे जब वह घर पर अकेली थी तो विपक्षी विशाल, अंशु, काजल, ललतेश तथा मोनू निवासी ग्राम हिरनवाड़ा ने एक राय होकर उसके हिस्से की भूमि पर नींव खोदने लगे। विरोध करने पर मारपीट व अभद्र व्यवहार किया गया। सुमन ने बताया कि उसने तत्काल 112 नंबर पर कॉल की, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में विपक्षीगणों ने दीवार खड़ी कर कब्जा कर लिया। आरोप है कि थाना पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सुमन ने यह भी कहा कि जब वह एसपी कार्यालय में शिकायत देने पहुंची, तो वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उसकी तहरीर लेने से इनकार कर दिया और अपमान. जनक टिप्पणी की।

# बाल विवाह की सूचना पर मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिनांक 4.11.2025 को शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन आपातकालीन सेवा पर थाना कोतवाली शामली के क्षेत्रान्तर्गत एक अव्यस्क बालिका का बाल विवाह कराने की सूचना दी गई, जिसके प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाईन शामली की टीम से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सु अजरा खॉन के नेतृत्व में बालिका को घर से रेस्क्यू कर कोतवाली थाने में जी0डी0 दर्ज कराके बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बालिका को वन स्टॉप सेन्टर शामली में आवासित कराया गया। बालिका का विवाह दिनांक 5.11.2025 को प्रस्तावित था। जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के नेतत्व में चाइल्ड हेल्पलाईन शामली कार्य कर रही है। जिसका कार्यालय ट्राजिंट हॉस्टल, करोडी रोड बनत में स्थित हैं। 1098 एक आपातकालीन चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा है, जिस पर कोई भी पीडित बच्चा या बच्चे की ओर से कोई अन्य व्यक्ति कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। 18 वर्श से कम आयु की महिला एवं 21 वर्श से कम आयु के पुरूश का विवाह करना या कराना दण्डनीय अपराध है।

# तीन दिवसीय दिव्य धर्म यज्ञ का सतलोक आश्रम में भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में सतलोक आश्रम, वेदखेड़ी में मंगलवार से तीन दिवसीय शदिव्य धर्म यज्ञश का शुभारंभ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर इसे भक्ति, सेवा और सामाजिक सद्भाव का केन्द्र बना दिया। यह कार्यक्रम 4 से 6 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन की शुरुआत सुबह 4 बजे सामूहिक नाम-सुमिरन और अमरवाणी के पाठ के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में अनुशासनपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सभी ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।




आश्रम के प्रदेश समन्वयक भगत हरदेश दास ने बताया कि इस यज्ञ की विशेषता सेवा के विभिन्न आयाम रहे। एक ओर जहां (अन्नपूर्णा मुहिम) के तहत हजारों जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं शबाढ़ राहत अभियानश के अंतर्गत हरियाणा के लगभग दो सौ गांवों में प्रभावितों को मोटरबोट और अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। इन सेवा कार्यों को एक विशेष आध्यात्मिक प्रदर्शनी के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया। आयोजन में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की सुविधा का



विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत अलग-अलग पुरुष-महिला पंडाल, शुद्ध पेयजल, ठहरने की व्यवस्था, 24 घंटे चलने वाला शमोहन भोजन, जूता घर और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भगत हरदेश दास ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन सैकड़ों लोगों ने नि:शुल्क नाम दीक्षा ग्रहण की। दूसरे दिन (बुधवार) दहेज-मुक्त सामूहिक विवाह समारोह और एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जबकि तीसरे और अंतिम दिन (बृहस्पतिवार) अखंड पाठ के समापन और एक विशेष भंडारे के साथ इस आध्यात्मिक महोत्सव का समापन होगा। इस तरह सतलोक आश्रम में यह आयोजन न सिर्फ आध्यात्मिक शांति का स्रोत बना हुआ है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा-धर्म का एक जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

## एक नजर

### स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी लेखपाल ने नही छोड़ा चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना हल्का संख्या-2 में तैनात लेखपाल ने स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी अपना चार्ज नही छोड़ा है। राजस्व निरीक्षक ने नोटिस चस्पा करके आदेश की अवहेलना करने पर लेखपाल को कार्यवाही की चेतावनी दी है। विगत 29 अक्टूबर को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने कैराना हल्का संख्या-02 में तैनात लेखपाल शमशेर सिंह का स्थानांतरण कण्डेला क्षेत्र से बराला कुकरहेड़ी में कर दिया था, जबकि उनके स्थान पर लेखपाल अनुराग पंवार व अंकित कुमार को नियुक्त किया गया है। परन्तु , स्थानांतरण के एक सप्ताह बाद भी लेखपाल ने अपने क्षेत्र का चार्ज नही छोड़ा है। राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार ने लेखपाल के कमरे के गेट पर नोटिस चस्पा किया है, जिसमें स्थानांतरण के बावजूद नियुक्त क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण न करने पर विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है कि लेखपाल अपने स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराने की जुगत में लगा हुआ है।

### शादी समारोह के दौरान बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के कंधाला रोड स्थित ऊंचा गांव में सगाई समारोह के दौरान अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ऊंचा गांव निवासी अश्वनी कुमार पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 1 नवंबर को उनके चचेरे भाई मोहित शर्मा की सगाई का कार्यक्रम ऊंचा गांव में आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर न्च19ब्2952 टेंट के बाहर खड़ी की थी।शाम करीब साढ़े चार बजे जब वह वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक चोरी कर ली है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भीतर के मोह-माया से मुक्ति जरूरी: मुनि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के जैन धर्मशाला में प्रवचनों को संबोधित करते हुए जैन मुनि विव्रत सागर ने कहा कि आत्मा को सच्चा गुरु या स्वामी तब माना जाता है, जब वह अपने भीतर की कषायों, क्रोध, मान, माया और लोभ से पूर्णत: मुक्त हो जाती है। जब आत्मा अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण, इन तीन कषाय चौकड़ियों से मुक्त होती है, तब वह आचार्य या साधु कहलाती है। धर्मसभा में प्रवचन देते हुए उन्होने कहा कि गुरु तो बहुत हैं, परंतु सच्चा गुरु हमारी अपनी आत्मा में ही विद्यमान है। जब तक व्यक्ति अपनी निज भगवान आत्मा को नहीं पहच. ानता, तब तक बाहरी साधु या गुरु भी उसके सच्चे कल्याण का कारण नहीं बन सकते। प्रवचन में बताया गया कि एक साधक के लिए केवल एक ही स्वामी होना चाहिए। सच्चा स्वामी वही है, जिसका अधिकार केवल आत्मा पर होता है। अनेक स्वामियों की भक्ति व्यक्ति की साधना को बिखेर देती है, जबकि एक ही स्वामी के प्रति निष्ठा और समर्पण साधक को .ढ़ बनाकर मुक्ति मार्ग पर स्थिर करती है। कहा कि समुद्र मंथन कोई बाहरी घटना नहीं, बल्कि हमारे अंतर्मन का संघर्ष है। देवता हमारे शुभ संस्कारों और राक्षस हमारे नकारात्मक संस्कारों के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन मंजू जैन एवं उर्मिला जैन, संजय जैन, अरविंद जैन, पाल जैन, ममलेश जैन आदि मौजूद रहे।

# नप के आउटसोर्सिंग कर्मियों के ईपीएफ व ईएसआई कार्ड में भ्रष्टाचार का आरोप

**सफाई कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा शिकायती-पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सफाई कर्मचारी यूनियन नगरपालिका परिषद कैराना के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेजा है। उन्होंने नगरपालिका के विभिन्न विभागों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मियों के कर्मचारी भविष्य निधिद्धईपीएफ‍ऋ व कर्मचारी राज्य बीमाद्धईएसआईऋ कार्ड में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है।

सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती-पत्र में बताया कि नगरपा. लिका परिषद कैराना के विभिन्न विभागों में विगत 10-11 वर्षों से करीब 200-250 कर्मचारी आउटसोर्सिंग माध्यम से काम कर रहे है। आरोप है कि पिछले 01-02 वर्ष से इन कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के नाम पर जो कटौती की जा रही है, वह इन कर्मचारियों के खाते में जमा नही हो रही है। इसके अलावा, प्रत्एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी के वेतन से कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के नाम पर 90 रूपए प्रतिमाह काटा जा रहा है, लेकिन किसी भी कर्मचारी को आज तक ईएसआई कार्ड नही दिया गया है। 2 नवंबर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मौसम के अनुसार वर्दी दिए जाने का प्रावधान है परन्तु, सम्बंधित अधिक. ारी व बाबू को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराए जाने के बावजूद किसी भी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी को आजतक एक बार भी वर्दी नही दी गई। यह शासन के आदेशों की अवहेलना है। पत्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) व कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के नाम पर कटने वाली राशि तथा वर्दी के प्रकरण में हो रही धोखाधड़ी की जांच कराकर नगरपालिका परिषद कैराना हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। साथ ही, आउटसोर्सिंग कर्मियों को शासन स्तर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाने की गुहार लगाई गई है।

## वर-वधुओं को अब आधार कार्ड बायोमेट्रिक जरूरी

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चयनित वर वधुओं को अब आधार कार्ड की बायोमेट्रिक जानकारी अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। निद. ेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश के द्वारा जिन लाभार्थियों के आधार कार्ड में बचपन की फोटो लगी है या जिनका बायोमेट्रिक पुराना है, उन्हें शीघ्र आधार अपडेट कराना होगा। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि विवाह कार्यक्रम के दौरान बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग के माध्यम से ही उपस्थित जोड़ों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। केवल सत्यापित एवं दर्ज उपस्थिति वाले वर वधुओं का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।





# नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण

**शामली।** गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर मकून्स प्री स्कूल शामली के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ शहर स्थित गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य बच्चों को धार्मिक, सामाजिक व संस्कारिक मूल्यों से परिचित कराना रहा।

शहर के काकानगर स्थित मकून्स प्री स्कूल के बच्चों ने शहर के गुरूद्वारा का भ्रमण किया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर बच्चों ने सबसे पहले माथा टेका और कीर्तन का आनंद लिया। नन्हे बच्चों ने संगत के साथ मिलकर वाहेगुरु का जाप किया, जिससे उनके मन में श्रद्धा और शांति का भाव उत्पन्न हुआ। गुरुद्वारा के सेवादारों ने बच्चों को गुरुद्वारा की मर्यादा, सेवा भावना और लंगर परंपरा के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा गुरुद्वारा साहिब के सचिव राजेन्द्र पाल सिंह को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि मकून्स प्री स्कूल बच्चों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों में संस्कृति, सेवा भावना और सामाजिक संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बचपन से ही बच्चों में सभी धर्मों के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना विकसित हो। दौरे के अंत में बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ समूह फोटोग्राफ खिंचवाए और इस यादगार दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# एसडीएम व नायब तहसीलदार ने यमुना घाट का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के मद्देनजर एसडीएम व नायब तहसीलदार ने यमुना नदी पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बुधवार को यमुना नदी पर होने वाले स्नान को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

मंगलवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंची। जहां पर उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर बुधवार को यमुना पर होने वाले विशेष स्नान हेतु की गई व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। एसडीएम ने यमुना घाट पर



साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, चेंजिंग रूम व प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया।

साथ ही, अधीनस्थ अधिकारियों को यमुना स्नान के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं, शाम के समय नायब तहसीलदार सतीश यादव व राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार, लेखपाल लवकेश तंवर ने भी यमुना नदी पर पहुंचकर घाट का निरीक्षण किया। उधर, एसडीएम ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के मद्देनजर यमुना पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। यमुना पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं को गहनता से परखा गया है।

किसी भी विषम परिस्थिति के लिए यमुना नदी पर गोताखोर व मोटरबोट आदि की व्यवस्था की गई है। स्नान के मद्देनजर एक कंट्रोल रूम व सुरक्षा के .ष्टिगत वॉचिंग टावर बनाया गया है। महिला श्रद्धालुओं के लिए आधा दर्जन चेंजिग रूम बनाने को कहा गया है, जिनमें से तीन कंप्लीट हो गए है। शेष देर रात तक बन जाएंगे। सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर महिला पुलिसकर्मी भी यमुना पर तैनात रहेगी।

### वायरल फोटो पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी युवक तमंचे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र में कई दिन पूर्व तमंचे संग वायरल हुए फोटो पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक की पहचान करने के बाद युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में इन दिनों युवा अवैध हथियारों के साथ फोटो और वीडियो वायरल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील बना रहे हैं। पुलिस लगातार वीडियो और फोटो वायरल होने पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी युवा अपना भविष्य अंधकार में डालते हुए फ्लावर पाने के चक्कर में शौक पाल रहे हैं। कई दिन पूर्व थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का तमंचा के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वायरल फोटो में युवक हाथों में तमंचा लहराते हुए दिखाई पड़ रहा था जिसके साथ अन्य युवक भी दिखाई पड़ रहे थे। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद और मीडिया की सुर्खियां बनने पर पुलिस हरकत में आई और युवक की पहचान करने में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक की पहचान नाजिम पुत्र नफीस निवासी एकता कॉलोनी कांधला के रूप में कर आरोपी को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया और अभियोग दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

# जोर-शोर से चल रहा रजिस्ट्री कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सरकार द्वारा किसानो की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन तहसीलों में कार्य धीमी गति से चल रहा था इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा सभी जिला अधिकारियों को किसानो की शत प्रतिशत फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत तहसील में फॉर्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारी कृषि विभाग व पंचायत सहायक, जन सेवा केंद्र संच. ालकों के सहयोग से फार्म रजिस्ट्री का कार्य कर रहे हैं जिस कारण तहसील कार्यालय सूना पड़ा है। सरकार द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कार्य में प्रगति न होने के कारण मुख्य सचिव द्वारा जिला अधिकारियों को विशेष अभियान चला कर फार्म रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत जिला अधिकारी द्वारा सभी उप जिला अधिकारियों को 15 नवंबर तक सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिया है जिसके तहत तहसील ऊन में राजस्व विभाग के लेखपाल ,राजस्व निरीक्षक, कृषि विभाग के कर्मचारी, पंचायत सहायक ,जन सेवा केंद्र संचालक किसानो की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने में जुटे हैं जिसकी प्रतिदिन गति रिपोर्ट भेजी जा रही है ।तहसील ऊन में झिंझाना ग्रामीण, गढी अब्दुल्ला खान, पाथुपुरा ,टपराना, चौसाना विलायत, ऊन ग्रामीण, पिंडोरा, खेड़ी खुशनाम, पटनी परतापुर, रंगाना में फार्म रजिस्ट्री कार्य धीमा चल रहा है जिसके लिए कर्मचारी दिन-रात जुटे हैं तथा किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने हेतु कार्य कर रहे हैं कर्मचारियों के फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य में जुटे होने के कारण तहसील कार्यालय सुना पड़ा है। इस संबंध में तहसीलदार ललिता चौधरी ने बताया कि तहसील में करीब 60 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बना ई जा चुकी है।

## खेड़ा कुर्तान प्रकरण में कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान मैं मकान निर्माण को लेकर हुए दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के घायलों मैं अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सीआरपीएफ का जवान राज. ेंद्र कुमार छुट्टी पर आया हुआ है और अपना मकान का निर्माण कर रहा है। पड़ोसी व्यक्ति निवास का आरोप है कि फौजी अवैध तरीके से गली में कब्जा कर अपना निर्माण कर रहा है। सोमवार को दोनों पक्षों में लाठी डंडों सहित धारदार हथियार चले गए थे। मारपीट में एक तरफ से फौजी राजेंद्र कुमार तो दूसरी तरफ से, निवास,आकाश, रामकुमार रेखा, मंटो और सलोनी घायल हो गए थे, दोनों पक्षों के लोगों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने दोनों पक्षों को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के घायलों का इलाज जिला अस्पताल चल रहा है पुलिस जांच कर रही है।

## छूटे बच्चों के टीकाकरण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण अभियान के तहत एएनएम की बैठक आयोजित की गई जिसमें चिकित्सा प्रभारी द्वारा हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं तथा टीकाकरण से छूटे बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम की बैठक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी के अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सभी एएनएम को टीकाकरण में छूटे बच्चों, प्रतिरोधी परिवार तथा हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं को ढूंढ कर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं को रजिस्ट्रेशन के बाद टिटनेस का टीका लगाकर सभी जांच कर अन्य टीके लगाने के निर्देश दिए उन्होंने ब्लॉक में 27 प्रतिरोधी परिवारों को ब्लॉक टास्क फोर्स के द्वारा टीकाकरण के फायदे बताकर टी के लगवाने हेतु प्रेरित करने को कहा। सबसे ज्यादा टीकाकरण से नगरीय क्षेत्र के बच्चे छूटे हुए हैं कस्बा झिंझाना, उन ,गढी पुख्ता में सभासदों के साथ बैठक कर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में डॉक्टर शशिकांत ,डॉक्टर रवि वर्मा ,दीपक कुमार, शकील अहमद, नवीन पथिक, विजय कुमार समेत सभी एएनएम उपस्थित रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट नंबर S 9131919 में मेरा नाम मौ फैसल खान (Mohammad Faisal Khan) दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम Mohd Faisal Khan है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

मौ फैसल खान पुत्र इनाम खान
निवासी मकान नंबर-67 ज्ञ मौहल्ला जैर अंसरियान कैराना जनपद शामली

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 6 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से विकास खण्ड शामली परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं से जोड़ना और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में विभागीय विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी किया जाएगा। अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं।

# पैदल मुसाफिरों के लिए बनेगा स्काई वॉक

■ दिल्ली से नोएडा ट्रैफिक होगा स्मूद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** दिल्ली से हैवी ट्रैफिक नोएडा गोलचक्कर (सेक्टर-1, 2, 14, 15) होकर जाता है। ज्यादा संख्या पैदल मुसाफिरों की होती है। पीक आवर में पैदल मुसाफिरों को दिक्कत होती है। इससे जाम लगता है। सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए यहां स्काई वॉक बनाया जाएगा।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, प्राधिकरण के जीएम आरपी सिंह व अन्य लोगों ने इस क्रासिंग का निरीक्षण किया। जिसके बाद स्काई वॉक बनाने के लिए कहा गया। इसका डिजाइन तैयार होगा। इस स्काई वॉक में दोनों और स्वचालित सीढियां बनाई जाएंगी। इसके अलावा दिव्यांग के लिए लिफ्ट भी रहेगी। इसके निर्माण में कितना खर्च आएगा डीपीआर बनने के बाद तय किया जाएगा।इसके बनने से नोएडा गोलचक्कर पर पेडिस्ट्रेन के कारण लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही यहां होने वाली दुर्घटनाएं भी कम हो जाएंगी। उम्मीद है कि इस स्काई वॉक का निर्माण बिल्ट आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) बेस पर किया जाएगा। यानी कंपनी इसका निर्माण करेगी। विज्ञापन के जरिए अपना खर्चा निकालेगी। मेंटेनेंस करेगी जब लागत निकल जाएगी इसके बाद संचालन की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुलिस चौकी शुरू

■ 15 नवम्बर को आ सकते है सीएम, जल्द मिलेगा एयरोड्रम लाइसेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। उद्घाटन समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट परिसर के पास अस्थायी पुलिस चौकी शुरू की गई है, जिसमें एक इंस्पेक्टर सहित 12 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 नवंबर के बाद किसी भी दिन एयरपोर्ट का उद्घाटन कर सकते हैं।

वहीं, जल्द ही डीजीसीए से एयरड्रोम लाइसेंस मिलने की संभावना है। अनुमान है कि दिसंबर माह में एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरी जा सकती है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सूरजपुर स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। इसमें यमुना प्राधिकरण के सीईओ आर.के. सिंह, यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्लमैन सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विमानों की लैंडिंग, जनसभा स्थल की सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

**15 नवंबर को सीएम का दौरा संभव:** बैठक में चर्चा हुई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर तक एयरपोर्ट का दौरा कर सकते हैं, ताकि तैयारियों का जायजा लिया जा सके। इसी दौरान पीएम मोदी के आगमन मार्ग और जनसभा स्थल तक पहुंचने के मार्ग की रूपरेखा भी तय की गई।

**सुरक्षा का खाका तैयार:** एयरपोर्ट परिसर में नई पुलिस चौकी के अलावा प्रवेश द्वारों पर चेकिंग प्वाइंट, वायरलेस नेटवर्क, मेटल डिटेक्टर और निगरानी कैमरों की व्यवस्था की जा रही है। सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा जांच सख्त की जाएगी। पुलिस और प्रशासनिक टीमें हर व्यवस्था की नियमित समीक्षा कर रही हैं, ताकि उद्घाटन समारोह में किसी तरह की चूक न हो।

# कैब चालक ने चौथी मंजिल से कूदकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होशियारपुर गांव में किराये के मकान में परिवार के साथ रहने वाले 22 वर्षीय कैब चालक ने सोमवार रात चार मंजिला मकान की छत से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि अलीगढ़ के हरद. ुआगंज का राहुल चौहान बीते आठ सालों से होशियारपुर गांव में किराये के मकान में रहता था। उसके साथ उसके माता-पिता, भाई और बहन भी रहते हैं। सोमवार रात करीब नौ बजे राहुल किराये के चार मंजिला मकान की छत पर गया और नीचे छलांग लगा दी।

किसी के गिरने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे तो राहुल लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। उसकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मंगलवार को मृतक का अंतिम संस्कार हुआ। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने राहुल का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। साथ ही, जिस बिल्डिंग की छत से वह कूदा, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**घर में सबसे बड़ा था राहुल :** थाना प्रभारी ने बताया कि पांच भाई बहनों में राहुल सबसे बड़ा था। वह कैब चालक था। इसी से वह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। राहुल के छलांग लगाने की सूचना उसके पड़ोसियों ने पुलिस को दी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि राहुल की बहन ने कुछ समय पहले प्रेम विवाह किया था। बहन की शादी से वह खुश नहीं था। इसको लेकर उसकी परिवार के लोगों से कई बार बहस हो चुकी थी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में पार्किंग व जल भराव बड़ी बाधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में डीएम मेधा रूपम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्य्या में उद्यमियों ने हिस्स्सा लिया। उद्यमियों ने जलभराव, विद्युत कटौती, बिजली कनेक्शन में विलंब, ट्रैफिक जाम, सड़कों की खराब स्थिति, जगह-जगह अतिक्रमण, पार्किंग की कमी, औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी संबंधी कई समस्स्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए तत्काल कार्यवाई की जाए। साथ ही निर्देश दिया कि समस्स्याओं को निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए।

डीएम ने कहा कि औद्योगिक विकास तभी संभव है जब प्रशासन और उद्योग एक साझी भावना से कार्य करें। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा संचालित उद्यमी हितैषी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक उद्यमी तक पहुँचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। बैठक में जनपद के प्रमुख व्यापारी बंधु एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने व्यापा. रिक वर्ग की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एडीएम पर बड़ी कार्रवाई, राजस्व परिषद से किया गया अटैच

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा कराने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते शासन ने गौतमबुद्ध नगर के न्यायिक एडीएम भैरपाल सिंह पर बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया और लखनऊ स्थित राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। एडीएम भैरपाल सिंह पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और किसानों की जमीन के मामलों में मनमाने ढंग से फैसले लेने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थी। बताया जा रहा है कि शासन स्तर पर जांच रिपोर्ट आने के बाद यह निर्णय लिया गया। कार्रवाई की खबर फैलते ही गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही भैरपाल सिंह के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही उनके कार्यप्रणाली को लेकर शासन सख्त नजर बनाए हुए था। शिकायतों और साक्ष्यों के आधार पर अंततः शासन ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें उनके पद से हटा दिया।

**किसानों के हित से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:** जिला प्रशासन के कई अधिकारियों ने बताया कि एडीएम पर कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप है। शासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार या किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, एक घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के सरोजनी नगर निवासी वाजिद अली ने पुलिस को बताया कि उनका भाई तौकीर और उसका दोस्त असगर 31 अक्तूबर की रात करीब 11 बजे सेक्टर-63 स्थित छिजारसी जा रहे थे। सेक्टर-63 के जे ब्लॉक में कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग गया। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई। एसजेएम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया।

जहां से उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। तीन नवंबर को तौकीर अहमद की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दोस्त असगर का उपचार चल रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हादसा कैद हो गया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर कार चालक की पहचान कर रही है। वहीं, जिला बाराबंकी के अलिहाबाद गांव निवासी मोहम्मद जीशान ने सेक्टर-58 थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि उनके पिता सेक्टर-57 में सिलाई का काम करते थे। वह एक नवंबर की रात करीब 10.30 बजे साइकिल से घर जा रहे थे। सेक्टर-55 स्थित एक होटल के पास बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### किसान यूनियन ने प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की बनाई रूपरेखा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की बैठक हुई, जिसमें जिले के तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी रामकुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बीकेयू महात्मा टिकैत को छोड़कर बीकेयू (अराजनीतिक) में शामिल होने की घोषणा की। बैठक में संगठन विस्तार की भी घोषणा की गई। पंकज शर्मा (हतेवा निवासी) को गौतमबुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा बॉबी नागर को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, धीरज प्रमुख और जयवीर कसाना को राष्ट्रीय सचिव, जगत सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि वे संगठन के दायित्व का सम्मान करते हुए किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्राधिकरणों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने ऐलान किया कि तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत दनकौर इंटरचेंज से की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मंच से कार्यकर्ताओं ने किसानों से एकजुट होकर ताकत दिखाने का आह्वान किया।

# न्यू नोएडा के लिए ली जाएगी 80 गांव की जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बाद अब न्यू नोएडा के विकास की दिशा में तेजी आ गई है। करीब 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है और निर्माण कार्य के लिए अब प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

सबसे बड़ा सवाल किसानों के मुआवजे का है। किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए और अधिग्रहण के बदले कितनी प्रतिशत विकसित भूमि लौटाई जाए, इसके लिए एक विस्तृत खाका तैयार किया जा रहा है, जिसे शासन को भेजा जाएगा।

शासन की मंजूरी के बाद चार लेखपाल, दो तहसीलदार और दो नायब तहसीलदारों की टीम गठित कर स्थानीय कार्यालय खोला जाएगा। यह टीम किसानों के साथ बैठक कर अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण हाइब्रिड मॉडल पर होगा। यानी किसानों से आपसी सहमति और लैंड पूलिंग दोनों के माध्यम से जमीन ली जाएगी। प्राधिकरण सीधे खरीद का विकल्प भी खुले रखेगा।

**गांवों के प्रधानों से संवाद शुरू:** प्राधिकरण ने पहले चरण में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे और जीटी रोड के आसपास के गांवों से शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इनमें जोखाबाद और सांवली प्रमुख हैं। इन गांवों के प्रधानों से बातचीत शुरू हो चुकी है। किसानों की सहमति से जमीन खरीदी जाएगी और यहीं पर न्यू नोएडा का अस्थायी कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा।

## डेंगू मरीजों की संख्या 600 के पार

**नोएडा।** मलेरिया विभाग ने मंगलवार को डेंगू के 11 नए मरीजों की पुष्टि की। नए मरीजों में से पांच का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मलेरिया विभाग के अनुसार कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। जिले में अब कुल मरीजों की संख्या 604 हो गई है।

नवंबर के पहले चार दिनों में फिर से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले चार दिनों में ही 45 मरीज मिले। 15 नवंबर तक मरीजों की संख्या में और इजाफा होने की आशंका है। नए मरीजों के घर और आसपास मंगलवार को एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव शुरू कराया गया। अगस्त तक मरीजों की संख्या 79 थी। सितंबर में मरीजों की संख्या बढ़कर 370 के करीब पहुंच गई। अक्तूबर में 200 से अधिक मरीज मिले। ठंड बढ़ने के साथ ही डेंगू का प्रभाव कम होना शुरू होगा।

# जमीन विवाद में घर में घुसकर हमला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर हमला हुआ। पड़ोसियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पीड़ित विक्रम ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसियों के साथ एक प्लॉट को लेकर अदालत में मामला चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद के चलते सोमवार रात आरोपी उनके घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई। हमले में विक्रम की बहन सहित परिवार के चार सदस्य घायल हुए हैं। सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने अदालत में चल रहे मामले को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए यह हमला किया। पुलिस ने विक्रम की शिकायत के आधार पर बृजेश, भूपेश, गुल्लू, सानू, भूरा, भूरी और शस्त्री नामक सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# औद्योगिक विकास में नोएडा सबसे आगे, यीडा क्षेत्र में 94 फीसदी खाली, सर्वे में बड़ा खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राज्यव्यापी औद्योगिक विकास सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों का उपयोग सबसे कम हुआ है, जबकि नोएडा ने उद्योगों के मामले में सर्वाधिक प्रगति दर्ज की है। लम्प्व। क्षेत्र में लगभग 94 प्रतिशत औद्योगिक प्लॉट अभी भी खाली हैं। इसके विपरीत, नोएडा में प्रदेश का सबसे कम औद्योगिक क्षेत्र खाली पड़ा है, जिससे यह प्रदेश का सबसे सक्रिय औद्योगिक केंद्र बन गया है।

सर्वे इन्वेस्ट यूपी की ओर से कराया जा रहा है और इसका लगभग 77 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। सर्वेक्षण के तहत राज्य के सात प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, यूपीसीडा, जीडा, सीडा और यूपीईडा के कुल 33,493 औद्योगिक भूखंडों की जांच की गई। इनमें से 8,235 यानी करीब 25 प्रतिशत भूखंड खाली पाए गए। गौतमबुद्ध नगर जिले के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में कुल 3,476 औद्योगिक भूखंडों में से 3,264, यानी करीब 94 प्रतिशत फिलहाल खाली पड़े हैं। वर्तमान में केवल 8 प्लॉटों पर उद्योग संचालित हो रहे हैं, जबकि 198 पर निर्माण कार्य चल रहा है और 6 प्लॉट निष्क्रिय स्थिति में हैं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें कई भूखंड वर्षों पहले आवंटित किए गए थे, लेकिन आवंटियों ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ नहीं की गईं, तो ऐसे भूखंडों का आवंटन रद्द कर उन्हें दोबारा आवंटित किया जाएगा।

**ग्रेटर नोएडा में 16 फीसदी प्लॉट खाली:** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, कुल 2,677 औद्योगिक भूखंडों में से 416, यानी करीब 16 प्रतिशत, अभी खाली पड़े हैं। फिलहाल 1,624 प्लॉटों पर उद्योग संच. ालित हो रहे हैं, जबकि 311 पर निर्माण कार्य जारी है और 326 भूखंड निष्क्रिय स्थिति में हैं। अधिकारियों का कहना है कि यहां औद्योगिक विकास स्थिर है, हालांकि नोएडा की तुलना में गति कुछ धीमी है। इसका मुख्य कारण पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में वित्तीय बाधाएं और चल रहे कानूनी विवाद हैं।

**नोएडा में महज 6 फीसदी खाली:** नोएडा औद्योगिक क्षेत्र ने प्रदर्शन के मामले में सबसे बेहतर परिणाम दिए हैं। कुल 7,742 औद्योगिक भूखंडों में से 5,308 पर उद्योग संचालित हो रहे हैं, जबकि केवल 497 यानी लगभग 6 प्रतिशत भूखंड खाली पाए गए हैं। इसके अलावा, 802 यूनिटों पर निर्माण कार्य जारी है। प्राधिकरण के अनुसार, नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, टेक्सटाइल और अन्य क्षेत्रों में अनुकूल निवेश माहौल और मजबूत औद्योगिक ढांचा होने के कारण भूमि उपयोग का स्तर अधिक है।

**प्राधिकरणों में चार हजार प्लॉट खाली:** इन तीन औद्योगिक प्राधिकरणों में कुल लगभग 14 हजार भूखंडों में से करीब 4 हजार प्लॉट अभी खाली पड़े हैं। अधिकारियों का मानना है कि इन भूखंडों का पुनः आवंटन कर बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया जा सकता है, विशेष रूप से ईवी निर्माण, डाटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में। यह सर्वे इन्वेस्ट यूपी और रामटेक सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 'निवेश मित्र' पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

# कल बंद रहेंगे सभी स्कूल और सरकारी ऑफिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में कल यानी बुधवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर स्कूल, कॉलेज, बैंक और सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे. केंद्र और राज्य सरकारों ने इस दिन को राजपत्रित अवकाश घोषित किया है। नोएडा के अलावा गाजियाबाद, फरीदाबाद, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में सरकारी और शिक्षण संस्थानों में छुट्टी रहेगी।

गुरु नानक जयंती, जिसे प्रकाश पर्व या गुरु पर्व भी कहा जाता है, सिख धर्म के पहले गुरु गुरु नानक देव के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह दिन सिख समुदाय के लिए सबसे पवित्र और श्रद्धा का पर्व माना जाता है। इस मौके पर देशभर के गुरुद्वारों में नगर कीर्तन, भजन-सत्संग और लंगर सेवा का आयोजन किया जाता है। गुरु नानक जयंती के अगले दिन यानी 6 नवंबर को भी कई स्थानों पर स्कूल बंद रहेंगे। यूपी के बुलंदशहर, मेरठ, हाथरस, मथुरा जैसे जिलों में गंगा स्नान और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने 6 नवंबर तक अवकाश की घोषणा की है। इसके अलावा मेघालय में पारंपरिक नॉग्रेम डांस फेस्टिवल के कारण भी कुछ क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे।

**नवंबर में अगली छुट्टी बाल दिवस पर:** 5 और 6 नवंबर के बाद स्कूलों में अगला अवकाश 14 नवंबर को बाल दिवस पर रहेगा। हालांकि यह सभी स्कूलों में अनिवार्य छुट्टी नहीं होती, लेकिन ज्यादातर जगहों पर इस दिन कक्षा संचालन बंद रहता है और बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

## जिला अस्पताल में ईईजी जांच की सुविधा शुरू

**नोएडा।** जिला अस्पताल में ईईजी जांच की सुविधा मंगलवार से शुरू हो गई। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक पंकज सिंह ने किया। तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों की जांच इस मशीन से हो सकेगी। जिला अस्पताल में तंत्रिका तंत्र से जुड़े मरीजों को जांच के लिए दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता था, जिससे मरीजों को परेशानी होती थी। अब यह जांच जिला अस्पताल में ही हो सकेगी। ईईजी मस्तिष्क की विद्युतीय गतिविधि (ब्रेन वेव्स) को रिकॉर्ड करता है। यह सिर की त्वचा पर लगाए गए छोटे सेंसर (इलेक्ट्रोड) का उपयोग करके मस्तिष्क की कोशिक. ाओं द्वारा उत्पन्न सूक्ष्म विद्युत संकेतों का पता लगाती है। इस मशीन से मिर्गी, नींद संबंधी विकार और अन्य तंत्रिका संबंधी जांच हो सकेगी। सीएमएस डॉ. अजय राणा ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों की जांच यहीं हो सकेगी।

# शादियों के मौसम में बाजारों की रौनक बढ़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शादी का सीजन शुरू हो चुका है। 15 दिसंबर तक शहर में शहनाइयों और बैंडबाजों की गूंज सुनाई देगी। शादियों की खरीदारी के कारण बाजारों में भी रौनक है। शहर के प्रमुख व्यापार संगठनों ने जिले के बाजारों में बेहतर कारोबार की उम्मीद जताई है। देवउठनी एकादशी के साथ शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। जिले में नवंबर और दिसंबर 2025 में करीब दो हजार से अधिक शादियां होने की उम्मीद जताई जा रही है। सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन के अनुसार इन दिनों अकेले आभूषणों की करोड़ों रुपये की खरीदारी होगी। प्रमुख व्यापारी संगठन के चेयरमैन नरेश कुच्छल ने बताया कि सेक्टर 5 हरौला, सेक्टर 27 की इंदिरा मार्केट समेत तमाम बाजारों में घर की सजावट, साज-सज्जा, दूल्हा-दुल्हन के साज-सामान, परिधान, आभूषण और उपहारों से लेकर आयोजन स्थल बुकिंग और सजावट तक, सभी श्रेणियों में मांग बढ़ी हुई है।

शादियों का मौसम स्थानीय व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं के लिए महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर लेकर आएगा। वहीं फनीर्चर और बर्तन कारोबार में भी तेजी आ रही है। 20-60 हजार में बैंड की बुकिंग बैंड बाजे की इन दिनों बुकिंग जारी है। सेक्टर-101 सलारपुर निजी बैंड संचालक सोनू ने बताया कि इस बीच शादी बारात के लिए 20 हजार से लेकर 60 हजार रुपये तक के बैंड की बुकिंग की जा रही है। इसके अलावा यदि ग्राहक चाहता है तो उन्हें अलग से चार्ज के अनुसार कैटरिंग, घोड़े या बग्घी या विंटेज कार समेत फ्लावर डेकोरेशन करते दिया जाता है।

इसके शुल्क अलग अलग रहते हैं। वीडियोग्राफी में एक लाख तक खर्च सेक्टर-22 स्थित स्टूडियो के मालिक एचएस चौधरी ने बताया कि अब आजकल लोग अपनी शादी के लिए छह-छह महीने पहले से ही बुि. कंग करा लेते हैं। खासकर प्री वेडिंग शूट से लेकर स्टील फोटोग्राफी और अन्य तरह के आकर्षक पैक भी पसंद किए जाते हैं। सभी के रेट अलग अलग हैं। आमतौर पर लोग अपने सिर्फ शादी की फोटोग्राफी के लिए 35000 से लेकर 1 लाख तक के पैक पसंद करते हैं। बैंक्वेट हॉल में एक दिन में दो-दो शादियां सेक्टर-51 स्थित निजी बैंक्वेट हॉल के संचालक एसके सिंह ने बताया कि अब बढ़ती डिमांग के चलते एक ही दिन में दो-दो शादियां कराई जा रही हैं। असल में आजकल दिन में भी विवाह का चलन भी बढ़ रहा है। ऐसे में समय प्रबंधन के अनुसार विवाह समारोह संपन्न कराए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इन दिनों लगातार बुकिंग की कॉल उन तक पहुंच रही है। लेकिन कम शुभ मुहूर्त के चलते एक ही दिन के लिए कई कई कॉल्स आ रही हैं, लेकिन लोग पहले से ही उन दिनों की बुकिंग कराए हुए हैं।

# नई व्यवस्था में अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम ने 58 अवर अभियंता (जेई) को नई व्यवस्था के तहत जिम्मेदारी दे दी है। उनके कार्यक्षेत्र बांट दिए गए हैं। सभी 15 नवंबर से नई व्यवस्था के तहत कार्य करेंगे। आने वाले दस दिन काम की जानकारी लेंगे। विद्युत निगम ने मंगलवार को 58 अवर अभियंताओं की सूची जारी की। इसमें 38 अवर अभियंताओं को बिजली उपकेंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। दो अवर अभियंता स्काडा का कार्य करेंगे। नौ अवर अभियंताओं को वाणिज्यिक का कार्य सौंपा गया है। पांच अवर अभियंता मीटर और एएमआरआई का कार्य करेंगे।

दो अवर अभियंता बिलिंग का कार्य करेंगे। दो अवर अभियंताओं को प्रवर्तन दल के साथ शामिल किया गया है। इस दौरान अवर अभियंताओं को अवकाश पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान अभियंता अपना आईडी पासवर्ड हस्तांतरण और बंद की प्रक्रिया पूरी कर ले, ताकि बाद में किसी तरह की परेशानी नहीं आए। अभियंता 14 नवंबर तक अपने उच्चाधिकारियों से संपर्क स्थापित करके व्यवस्था जान लें, ताकि 15 नवंबर से निरंतर कार्य होते रहे। अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। प्रयास है कि नई व्यवस्था के तहत 15 नवंबर से बेहतर तरह से कार्य हो सकेगा। इससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करें कार्य:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्तिक पूर्णिमा के दृष्टिगत यमुना घाट छपरौली का किया निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय द्वारा तहसील बड़ौत के थाना छपरौली क्षेत्रान्तर्गत यमुना घाट पर आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं गुरु नानक जयंती के अवसर पर लगने वाले गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नाव–नौका संच. ालन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, सफाई एवं चिकित्सा जैसी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे और व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं गुरु नानक जयंती का पर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, सीओ तहसीलदार श्वेता सिंह, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी बाल गोविंद यादव सहित नगर पालिका छपरौली संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल मजदूर से इनकार पर करने पर आरोपियों ने परिवार पर किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में बाल मजदूरी से इनकार करने पर एक मजदूर परिवार पर हमला किया गया। इस हमले में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

यह घटना तब सामने आई जब एक परिवार ने मजदूर परिवार के नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराने की पेशकश की। मजदूर परिवार ने बच्चों की कम उम्र का हवाला देते हुए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। मजदूरी से इनकार करने के कुछ ही देर बाद, आरोपी लाठी–डंडे और धारदार हथियार लेकर मजदूर परिवार के घर पहुंच गए। उन्होंने परिवार पर हमला कर दिया, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

पीड़ित मोमिन ने बताया कि उनकी पत्नी के सिर में गंभीर चोट आई है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस फरार हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# विवाहिता की बुखार के चलते मौत, दर्जनों बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक 25 वर्षीय विवाहिता की बुखार के चलते मौत हो गयी जिससे परिजनों का रो–रो बुरा हाल है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

रटौल निवासी मोनू की 25 वर्षीय पत्नी पिंकी को पिछले 4 दिन से बुखार आ रहा था जिसका ईलाज पहले निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था जिसके बाद उन्हें खेकड़ा के एक चिकित्सक के यहा भर्ती कराया विवाहिता के ससुर मास्टर धर्म सिंह ने बताया कि खेकड़ा ब्लड टेस्ट कराने पर महिला की प्लेटलेट कम आयी जिसके बाद उसे तुरंत बडौत के आस्था अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत खराब होने पर उसे मेरठ के एक अस्पताल भेजा गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परि. जनों का रो–रो बुरा हाल है। कस्बे के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है। वहीं कस्बे के लोगो ने बताया कि कस्बे में आसमां गुलाबो वाहिद शहजाद नफीसा सरिता तहसिना दीपक सोनू सचिन सहित



दर्जनो लोग बुखार से पीड़ित है। कस्बे के लोगो ने उच्च अधिकारियों से गांव मे फाकिंग कराने की मांग की है।

# आरोपियों ने छात्रा से छेड़छाड़ कर की उसके पिता से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में कक्षा 11 की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा और उसके पिता के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान गांव के तीन युवकों ने उसे गली में रोका और छेड़छाड़ की। जब छात्रा ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर छात्रा के पिता बचाव में आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

# सरकार द्वारा निर्धारित दर से काफी कम मुआवजे पर उनकी जमीन का अधिग्रहण करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टटीरी गांव के ग्रामीणों ने दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत अपनी कृषि भूमि के मुआवजे को दोगुना करने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। उनका आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर से काफी कम मुआवजे पर उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिग्रहीत भूमि की दरें आसपास के क्षेत्रों की तुलना में काफी कम हैं। परियोजना के कारण उनकी खेती योग्य जमीन छिन गई है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों के भविष्य और उनकी मेहनत को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की दर को दोगुना किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण–पोषण और पुनर्वास कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस मुद्दे पर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# इंटरनेशनल स्पोर्ट चैंपियनशिप में काजल व रौनक ने जिता गोल्ड मैडल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव की दो लाडली बेटियों ने पोखरा नेपाल में जनपद का नाम रोशन किया। कोताना गांव में इंटरनेशनल स्पोर्ट चैंपियनशीप 2025 का खिताब जीते हुए पोखरा नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम रैंक गोल्ड मैडल जीतने पर गांव के सम्मानित लोगों ने काजल मोगा एवं रौनक प्रजापति का गांव आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। आतिशबाजियों के साथ दोनों लाडली बेटी को गांव के सम्मानित लोगों ने फूलों की मालाओं के साथ अपना आशीर्वाद दिया। रौनक प्रजा. पति ने 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। काजल मोंगा ने 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वागत करने वालों में विना. द त्यागी, पुष्पेंद्र कुमार, कृष्ण पाल, रुपेश प्रजापत, शिला देवी, बालेश्वर प्रजापत, मुकेश खां, मुनेश कुमार, कालू प्रजापत, विनोद शर्मा, राजकुमार शर्मा, आदि ने बेटियों का भव्य स्वागत किया। सम्मान समारोह के दौरान काजल मोगा व रौनक प्रजापति ने कहा कि जो सम्मान हम जीत कर लाए हैं यह सब हमारे माता–पिता एवं हमारे गुरुजनों की देन है अपने माता–पिता के आशीर्वाद से हमने जनपद का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है और हम आगे भी अपने बागपत का नाम रोशन करने में किसी प्रकार की कोई कमी महसूस नहीं होने देंगे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अमूल डेरी पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अमूल डेरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई एक्सपायरी डेट की छाछ बेचे जाने की शिकायत के बाद की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर अंकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने यह निरीक्षण किया।

छापेमारी के दौरान डेरी पर कोई भी एक्सपायरी डेट का सामान नहीं मिला। शिकायत में बताई गई छाछ के पैकेट भी डेरी पर मौजूद नहीं थे। हालांकि, टीम ने फ्लेवर्ड मिल्क का एक नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। डेरी संचालक को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए हैं। फूड सेफ्टी ऑफिसर अं. कता श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें एक ग्राहक से शिकायत मिली थी। ग्राहक के अनुसार, उन्हें अमूल डेरी से एक्सपायरी डेट के छाछ के चार पैकेट बेचे गए थे। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई। अधिकारी ने डेरी संचालक को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे बेचे जाने वाले सभी सामानों की एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें। उन्होंने ग्राहकों से भी अपील की है कि वे कोई भी सामान खरीदने से पहले उसकी अच्छी तरह से जांच–पड़ताल कर लें। इस दौरान ग्राहकों को भी जागरूक किया गया।



# जब खिलाड़ी ऐसी स्पर्धाओं में भाग लेते हैं तो उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और हौंसला होता है पैदा:सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया जाए ताकि हर खिलाड़ी को अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी ऐसी स्पर्धाओं में भाग लेते हैं तो उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और हौंसला पैदा होता है। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और खेल संस्कृति का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि फिटनेस और खेल अब जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिटनेस का डोज़, आधा घंटा रोज़ आहवान का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि यह हर नागरिक के लिए एक स्वस्थ जीवन का मंत्र है। सांसद ने अंत में कहा कि यह आयोजन एक जनआंदोलन है जो फिट इंडिया और खेलो इंडिया की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि जब बागपत के युवा खेलेंगे तभी प्रदेश और देश का नाम विश्व पटल पर और ऊंचा होगा।

# भारतीय संस्कृति की थीम पर संगम प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** ग्रोवैल स्कूल के को–एड विंग में मंगलवार को भारतीय संस्कृति की थीम पर भव्य 'संगम' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एक ही छत के नीचे भारत की विविध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली विरासत का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में सजे दर्जनों स्टालों ने भारतीय संस्कृति का जीवंत गुलदस्ता प्रस्तुत किया।



कक्षा एक से छह तक के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय हाई स्कूल बदरखा की प्रधानाचार्य गीता शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर को–एड विंग की प्रधानाचार्या सविता शर्मा, प्रधानाचार्या मंजू शर्मा एवं डा. कमलदीप जिंदल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यालय में लगाई गई आभार दीवार पर आगंतुकों ने अपने विचार व प्रशंसा संदेश लिखे। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावक बच्चों की प्रतिभा और मेहनत देखकर अभिभूत हो उठे। विद्यार्थियों ने न केवल विभिन्न राज्यों की झलक पेश की बल्कि वहां की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर संस्कृति को सजीव बना दिया। गुरुकुल शिक्षा पद्धति, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं के सजीव चित्रण ने दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक विश्वास चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी नन्हे कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवंत करने का अनुपम प्रयास है, जिसने सबका हृदय छू लिया।

# ग्रामीणों ने की गन्ना केंद्र कर्मचारी के खिलाफ डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गागनौली गांव के ग्रामीणों ने चीनी मिल के गन्ना केंद्र कर्मचारी के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों ने कर्मचारी पर किसानों से अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है।



ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि यह गन्ना केंद्र जमीन पर स्थापित है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और उन्हें धमकाता है। ग्रामीण राजीव राठी ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से गांव में रमाला मिल का यह गन्ना केंद्र एक युवक के प्लांट में संचालित हो रहा है। तब से किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के उपकरण अक्सर कई दिनों तक बंद रहते हैं, जिससे किसानों को पर्ची और गन्ने की तौल में परेशानी होती है। किसानों का कहना है कि जब वे इन समस्याओं को लेकर शिकायत या विरोध करते हैं, तो व्यक्ति उन्हें गालियां देता है और मारपीट की धमकी भी देता है। इस व्यवहार से गांव के किसानों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी चीनी मिल प्रबंधन और तहसील प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने किसानों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए गन्ना केंद्र को वर्तमान स्थान से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त जगह स्थानांतरित करने की मांग की है।

# यातायात माह: एक महीने पुलिस पढाएगी यातायात नियमों का पाठ



**मथुरा।** चार नवम्बर को जनपद में यातायात माह का विधिवत शुभारम्भ हो गया। धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह के शुभारम्भ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। इससे पूर्व मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया तथा दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने यातायात माह के दौरान पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से किये जाने वाले तमाम प्रयासों की जानकारी साझा की।

इस दौरान आम लोगों से अपील की गई कि वह तेज गति से वाहन ना चलाएं। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें और यातायात नियमों का अनुपालन करें। इस वर्ष केन्द्र सरकार की ओर से सडक दुर्घटनाओं की संख्या को आधा किये जाने कें संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। इस के लिए कई तरह की योजनाएं लाई गयी है। यातायात माह के दौरान लोगों को लगातार सतर्क किया जाता है। यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है और दंडित भी किया जाता है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 व अनुक्रमांक 0655986 इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0530864 तथा बीएससी की डिग्री के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए है।

मीनू पुत्री रामकिशन त्यागी निवासी ग्राम नैथला जनपद बागपत।

# खेल के मैदान से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का होता है निर्माण:सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने कहा कि इस बार की सांसद खेल स्पर्धा का लक्ष्य हर गांव से खिलाड़ी की भावना को साकार करना है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस मंच के माध्यम से अपनी क्षमता को पहचान सकें। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। खेल केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन और समाज को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्पर्धा के माध्यम से न सिर्फ युवा, बल्कि हर आयु वर्ग के लोग फिटनेस की ओर प्रेरित होंगे। इस दिशा में बुजुर्गों पुरुषों एवं महिलाओं के लिए रस्साकसी और 100 मीटर दौड़ तथा दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर दौड़ जैसी गति. विधियों को भी शामिल किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशासन इस आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि खेल स्पर्धाओं का उद्देश्य सिर्फ प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा जब खेलेंगे तभी जीवन के हर क्षेत्र में खिलेंगे। बैठक में समिति सदस्यों ने सुझाव दिए कि खेल स्पर्धाओं का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार किया जाए ताकि गांव–गांव तक संदेश पहुंचे। मंगल दलों, उड़ान यूथ क्लब, शिक्षण संस्थान, एनएसएस, एनसीसी और अन्य संगठनों के माध्यम से भी युवाओं को जोड़ा जाएगा।

# बागपत में सांसद खेल स्पर्धाओं की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद बागपत की धरती एक बार फिर उत्साह और जोश से भरने को तैयार है। लोकसभा क्षेत्र बागपत में होने जा रही सांसद खेल स्पर्धा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस आयोजन को लेकर लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में सांसद डा.राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न प्रशास. निक अधिकारी मौजूद रहे।



सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन से बागपत के युवा खिलाड़ियों को जोन और राज्य स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कुल आठ खेल विधाओं एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, शूटिंग, प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन 19 से 21 नवंबर तक जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत के विशाल खेल मैदान में होगा। इसके लिए खिलाड़ियों को ऑनलाइन पोरटल पर पंजीकरण करना होगा ताकि विभाग खिलाड़ियों की सूची तैयार कर सके। वहीं मौके पर कार्यक्रम स्थल पर समय से मौजूद होकर भी पंजीकरण का विकल्प होगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि खिलाड़ियों की भूमि रही है, जहां के युवाओं ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का उद्देश्य जिले की नई खेल प्रतिभाओं को मंच देना है और युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जगाना भी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव के साथ जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा, क्रीडाधिकारी अमित कुमार, डीआईओएस राघवेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, युवा कल्याण अधिकारी वैश्विक डबास, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, स्टेट यूथ अवॉर्डी अमन कुमार और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कपड़ों का व्यापारी बताकर धोखाधड़ी से किया था निकाह, विरोध के बाद काटा गला

## 17 सितंबर को सिवाल खास के जंगल में गंग नहर पटरी के पास मिला था महिला का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते 17 सितंबर को सिवाल खास के जंगल में गंग नहर पटरी के पास मिली अज्ञात महिला के शव की गुत्थी का जानी पुलिस ने खुला. सा कर दिया। इस दौरान के ऐसे पहलू पुलिस ने पत्रकारों के सामने रखें जिसे देखकर सब दंग रह गए। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने प्रेसवार्ता में बताया कि सिवालखास के जंगल में गंगनहर पटरी स्थित खेत में अज्ञात महिला का शव मिला था, जो काला बुरखा पहने हुई थी, जिसकी हत्या गला काटकर की गई थी। इस मामले में पुलिस ने शहजाद पुत्र फारूख निवासी मोहल्ला कुरेशियान फलावदा, हाल पता लक्कीपुरा थाना लिसाड़ी गेट एवं नदीम पुत्र निसार निवासी मोहल्ला ऊंचा फलावदा को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में मुख्य कातिल शहजाद ने बताया कि वह लगभग 18 वर्षों से मस्जिदों में इमाम का कार्य करता है। पांचवीं कक्षा तक शिक्षित है, जो वर्तमान में ग्राम सैद नगला थाना चरथावल मुजफ्फरनगर मस्जिद में इमाम का कार्य करता है। मृतका नईमा यासमीन (असम) की रहने वाली एक शिक्षित महिला थी, जो पूर्व में भी कई मल्टी नेशनल कम्पनी में काम कर चुकी थी, जिसने पहले पति से तलाक के बाद पुन: निकाह किया था। शहजाद ने स्वयं को कपड़ों का व्यापारी बताकर मृतका से ऑनलाइन निकाह किया, जबकि वह पहले से विवाहित था और उसके तीन बच्चे भी थे। नईमा को जब यह सच्चाई पता चली कि शहजाद मस्जिद में इमाम है, उसका कोई घर नहीं है और उसका भरण-पोषण गांव के लोग करते हैं, तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। नईमा यासमीन द्वारा शहजाद पर धोखाधड़ी का आरोप लगाने और उसकी पहली पत्नी से मिलने पर रोक लगाने के कारण शहजाद ने उसे रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। और अपने दोस्त संग मिलकर नईमा की गला काटकर हत्या कर दी थी। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को एसएसपी ने घटना का खुलासा कर दिया।

## प्रेमवीर ही नहीं हर थानेदार है धनकुबेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व थानेदार प्रेमवीर इस समय अपने धन वैभव के लिए चर्चा में हैं लेकिन वह अकेले ऐसे थानेदार नहीं है जिनके पास करोड़ों की संपत्ति हो माना जाता है कि लगभग हर थानेदार की यही स्थिति है। जनपद के एक थानेदार तो कथित रूप से सोने की ईंटे खरीदने के लिए मौखिक चर्चा में बने रहते हैं। सरकार को चाहिये कि एक ऐसा तंत्र विक. सित करें जिससे सरकारी नौकरी में रहकर लूट करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों की संपत्ति परखी जा सके क्योंकि शिकायत कर्ताओं को तो झूठे मुकदमें में फंसाने की एक प्रथा पूरे देश में है। एक से देखकर दूसरा हिम्मत हार जाता है। इस प्रकरण में भी माना जा रहा है कि मुनव्वर परिवार से तनातनी के कारण थानेदार का वैभव सामने आया है लेकिन हकीकत तो यह है कि कितना भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हो पुलिस लोगों को झूठे मुकदमें में फंसाने में बाज नहीं आती। एक दिलचस्प मामले में तो मानवाधिकार कार्यकर्ता को मानवाधिकार आयोग से ही जालसा. जी में फंसा दिया गया था।

# विधायक अतुल प्रधान से मिले किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** जिला पंचायत वार्ड नंबर 5 के बिसौला गांव में जिला पंचायत निधि से बनाए जा रहे नाले को लेकर किसानों व ग्रामीणों में जिला पंचायत के विरुद्ध भारी रोष देखने को मिल रहा है।

मंगलवार को बिसौला गांव के किसान सरधना विधायक अतुल प्रधान के आवास पर पहुंचे और बताया कि जिला पंचायत निधि से गांव में नाले का निर्माण कराया जा रहा है जो किसानों की भूमि से होकर गांव की आबादी के निकट बने तालाब में डाला जाएगा। जिससे गांव में गंभीर बीमारी भी पैदा होगी। किसानों ने विधायक से बताया कि नाला निर्माण के लिए उनकी भूमि को अधिकृत नहीं किया गया और न ही कोई मुआवजे की बात की गई साथ ही गांव में बने स्कूल व कब्रिस्तान की भूमि से भी इस नाले को निकाला जाएगा। उन्होंने विधायक अतुल प्रधान से नाला निर्माण को यहां से रुकवाकर अन्य जगह से निकलवाने की मांग की जिस पर अतुल प्रधान ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

- बिसौला गांव में नाला निर्माण रुकवाने की मांग

### जिला पंचायत सदस्य को नाला निर्माण की नहीं दी गई जानकारी

इस समय जिला पंचायत मेरठ सुर्खियों में बना हुआ है जिला पंचायत पर आए दिन नए-नए आरा. प सामने आ रहे हैं बिसौला गांव में हो रहे नाला निर्माण को लेकर किसानों के भारी विरोध के बीच जब वार्ड 5 के सदस्य अजीत प्रताप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने नाले का प्रस्ताव रखा था लेकिन इस नाले का प्रस्ताव जिला पंचायत ने कब पास किया और जब टेंडर दिया गया ओर कब इसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया, आज तक उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई है। अब सवाल ये बनता है जिस वार्ड में निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसके जिला पंचायत सदस्य को ही इसकी जानकारी नहीं है जबकि बिना सदस्य की सहमति के कोई भी निर्माण कार्य उसके क्षेत्र में भी किया जाता है इस बात से जिला पंचायत द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग साफ साफ नजर आ रहा है।

## काशी टोल प्लाजा पर सांसद धर्मेंद्र यादव का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को समा. जवादी पार्टी के सिवाल खास विधानसभा के अध्यक्ष तसव्वर अली ने काशी टोल प्लाजा पर समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। धर्मेंद्र यादव ने भी गर्म जोशी दिखाते हुए सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली को गले लगाया और हाल-चाल जाना। बतादें कि धर्मेंद्र यादव मेरठ में एक शादी समारोह में आ रहे थे। जहां सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली ने काशी टोल प्लाजा पर ही उनका फूल मालाओं से स्वागत किया इस दौरान साहिल राणा, अशरफ अली आदि मौजूद रहे।

# न्याय की जीत! तरुण हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा

- कोर्ट ने चारों पर 48 हजार का जुर्माना भी ठोका



तरूण गिरी का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तीन साल पुराने तरुण हत्याकांड में कोर्ट ने मंगलवार को चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों पर कुल 48 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला 7 जून 2022 का है, जब ग्राम गोविंदपुरी निवासी मनोज गिरी के पुत्र तरुण गिरी की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। किठौर थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात ने उस समय इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने इस मामले में तुषार भाटी, प्रिंस, गुल्लू उर्फ अनिकेत और अंकुर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष की सशक्त और प्रभावी पैरवी के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-2) आलोक द्विवेदी ने चारों अभियुक्तों को धारा 302 में उम्रकैद और 48 हजार रुपये जुर्माना, साथ ही अन्य धाराओं में सजा सुनाई। **इन आरोपियों को सुनाई गई सजा:** तुषार भाटी पुत्र ओमपाल, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा राधना, थाना किठौर, प्रिंस पुत्र सरदार, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा राधना, थाना किठौर, गुल्लू उर्फ अनिकेत पुत्र रविन्द्र, निवासी ग्राम हसनपुर कलां थाना किठौर, अंकुर पुत्र विजेंद्र, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा, थाना किठौर

### किठौर पुलिस की बेहतर पैरवी से मिली सजा

इस सफलता में थाना किठौर प्रभारी, कांस्टेबल रवि कुमार और जितेन्द्र उर्फ लोकेश की अहम भूमिका रही। मेरठ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत यह एक और बड़ी सफलता है, जिसने साबित कर दिया कि अपराध करने वालों को सख्त सजा दिलाना मेरठ पुलिस की प्राथमिकता है।

# राजकीय बीज भंडार दौराला का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को निदेशालय से अपर कृषि निदेशक जेपी चौधरी, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय बीज भंडार दौराला पर औचक निरीक्षण किया गया। रवि सीजन में गेहूं, दलहन और तिलहन के गुणवत्ता युक्त बीज की सही दरों पर बिक्री को सुनिश्चित करने के लिए यह औचक निरीक्षण किया गया।

गोदाम बीज प्रभारी कृष्णकांत द्वारा बताया गया कि गोदाम पर गेहूं, दलहन और तिलहन का पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध है जिसको किसानों को पोस मशीन द्वारा वितरित किया जा रहा है। अपर कृषि निदेशक जेपी चौधरी द्वारा निर्देशित किया गया कि गोदाम पर साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाए। कृषकों को निर्धारित मूल्य पर ही बीज का वितरण किया जाए सभी बीजों की दरों को दीवार पर लिख दिया जाए और साथ ही विकासखंड के समस्त कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आप द्वारा प्रत्येक गांव में कलेक्टर के रूप में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करे विभागीय योजनाओं का समुचित प्रचार प्रसार अवश्य किया जाए। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किसानों में जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रत्येक गांव को कृषि विभाग की योजनाओं से आच्छादित किया जाए। गोदाम पर गेहूं की PBW 187 और PBW 303 का बीज पर्याप्त मात्रा में कृषकों को वितरण करने के लिए उपलब्ध है साथ ही सहफसली खेती को बढ़ावा देने के लिए गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती में सरसों आजाद महक किस्म का निशुल्क वितरण हेतु बीज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अपर कृषि निदेशक जेपी चौधरी द्वारा अपनी उपस्थिति में कृषकों को बीज का वितरण स्वयं अपने सामने पोस मशीन के द्वारा कराया गया। उप कृषि निदेशक मेरठ नीलेश चौरसिया द्वारा अपर कृषि निदेशक को आश्वस्त किया गया कि जनपद के सभी राजकीय बीज भंडारों पर बीज की बिक्री निर्धारित विक्रय दरों पर ही कराई जाएगी और सभी कृषकों को गुणवत्ता युक्त रवि सीजन का दलहन तिलहन और गेहूं का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ सचिन पवार, सहायक विकास अधिकारी कृषि अविनाश कंसल, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा संजीव तोमर आदि रहे।

## डीएम-एसएसपी ने मखदूमपुर गंगा घाट मेले का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा ने संबंधित अधिकारियो के साथ मखदूमपुर गंगा घाट मेले का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियो का जायजा लिया। उन्होंने वहां श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक व्यवस्था, घाटों पर साइनेज, एम्बुलेन्स, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एसडीएम मवाना संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वहीं दोनों अधिकारियों ने पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिये है।

## एक नजर

### जीटीबी स्कूल में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु नानक देव जी की आराधना से हुई, जिसमें छात्रों ने उनके उपदेशों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति एवं शबद गायन किया। बच्चों ने अपने भाषण में कहा कि, गुरु नानक देव जी ने हमें एकता, दया और करुणा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहेगी। इसके बाद, प्रिंसिपल डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल होने वालों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक था।

### किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने पराली जलाने पर लगाए जा रहे जुर्माने का किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर पराली जलाने पर किसानों पर लगाए जा रहे जुर्मानों और मुकदमों को रोकने की मांग की। संगठन ने कहा कि जब तक NGT के आदेशानुसार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए मशीनें, दवाइयां, बेलर आदि उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई न हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने कहा कि सरकार केवल दंड देने के प्रावधान लागू कर रही है, जबकि किसानों को संसाधन उपलब्ध कराना भी उसी आदेश का हिस्सा है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. नियर शादाब चौधरी ने 2019 से रोकी गई 100 क्विंटल पराली प्रबंधन सहायता तुरंत जारी करने और मशीनें उपलब्ध कराने की मांग की।

### कल सर्किट हाउस में होगी महिला सुनवाई

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से महिला आयोग की सदस्या मनीषा अहलावत (कल) गुरुवार को 11 बजे सर्किट हाऊस में जनसुनवाई करेंगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

## हरियाली संरक्षण ट्रस्ट ने उठाई जनहित की आवाज

# मंडी समिति में रास्ता खोले जाने की लगाई गुहार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** हरियाली संरक्षण ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधि मंडल के साथ लोकप्रिय रोड, अमन कालोनी, महाराणा प्रताप नगर और धर्मपुरी ईदगाह बस्ती के सैकड़ों लोग, जिनमें बुजुर्ग व महिलाएं भी शामिल थीं, उपस्थित रहे।

उन्होंने लोकप्रिय रोड स्थित मंडी समिति की दीवार निर्माण से जुड़ी जनसमस्या रखी। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पहले मंडी समिति की दीवार के पास आवागमन हेतु एक खुला रास्ता था, जिससे होकर इन कालोनियों के मजदूर वर्ग के लोग रोजगार के लिए मंडी जाते थे तथा सब्जी, राशन आदि लाने-ले जाने में सुविधा रहती थी। साथ ही स्थानीय लोग इसी मार्ग से टहलने भी जाते थे। मगर अब दीवार निर्माण के चलते यह रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। गेट तक पहुंचने के लिए लोगों को लगभग आधा किला मीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूरों को भारी परेशानी हो रही है। कालोनी वासियों ने बताया कि मंडी समिति की दीवार बनने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि दीवार में एक छोटा गेट या चरखी लगा दी जाए तो राहगीरों को राहत मिलेगी। इस मौके पर सीडीओ नूपुर गोयल ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और मंडी समिति के अधिकारियों को इस जनहित की समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में हरियाली संरक्षण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिहान मलिक, कामिल, प्रमोद, सचिन, विनोद, बानो, मुनव्वर, पिंकी, सीमा, मोनू, सोहन लाल, रमेश, विनोद, अंकुर, अंकित, मनीष, जाहिद, आबिद, आसिफ, गुल्लू, इरशाद, अयूब समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# वार्ड 15 में सभासद का चुनाव जीती शाहिदा ने ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना के वार्ड संख्या-15 के उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली शाहिदा अंसारी पत्नी तराबुद्दीन अंसारी ने मंगलवार दोपहर नगर पालिका सभागार में सभासद पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन लिपिक विपिन शर्मा ने किया। चेयरपर्सन शबीला अंसारी, व अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने विधिवत रूप से उन्हें पद की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर चेयरपर्सन शबीला अंसारी ने शाहिदा अंसारी को पुन: सभासद निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जनता के विश्वास को जीतकर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शाहिदा अंसारी नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बोर्ड के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगी। शपथ ग्रहण के बाद शाहिदा अंसारी ने अपने समर्थकों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा उन्हे दोबारा सेवा का अवसर देने के लिए वह वार्ड-15 के सभी नागरिकों की ऋणी हैं। उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी न रहे। सफाई व्यवस्था, सड़क, जलनिकासी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि करीब पांच महीने पहले वार्ड की सभासद वसीला के निधन के कारण वार्ड-15 का यह स्थान रिक्त हो गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 15 अक्टूबर को उपचुनाव संपन्न हुआ था और 17 अक्टूबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान खालिद अंसारी, शहजाद सितारा, यूसुफ अंसारी, सईद अंसारी, इरशाद मलिक, सहित आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभासदों और नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने शाहिदा अंसारी का स्वागत करते हुए उन्हे

# सरधना में जल्द होगी एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना: विक्रम त्यागी

- मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से की गई मांग, कोर्ट क्रिएशन कमेटी ने बार भवन प्रस्ताव को दी मंजूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के लोगों और अधिवक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सरधना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम त्यागी ने जानकारी दी है कि सरधना में जल्द ही एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना होने जा रही है। उन्होंने कहा कि बार अध्यक्ष बनने के बाद उनका सबसे पहला और प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र में एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना कराना था, जिसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। विक्रम त्यागी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में भेंट कर एक विस्तृत प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें सरधना की न्यायिक आवश्यकताओं और बढ़ते मुकदमों की संख्या का विवरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाया है। इसके अलावा, उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से भी मुलाकात कर सरधना में कोर्ट स्थापना की मांग रखी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कोर्ट क्रिएशन कमेटी मेरठ के अध्यक्ष एवं एडीजे फर्स्ट मेरठ अचल नारायण सकलानी सरधना पहुंचे थे।

कमेटी अध्यक्ष ने उस प्रस्ताव को देखकर उसे 'ओके' स्वीकृति दे दी है। साथ ही, बार एसोसिएशन के रिन्युअल नवीनीकरण का मामला भी अंतिम चरण में है और जल्द ही स्वीकृत होने की उम्मीद है। कहा कि सरधना में एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना से क्षेत्र के सैकड़ों अधिवक्ताओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, वहीं स्थानीय स्तर पर न्यायिक कार्य की गति में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरधना क्षेत्र के अधिकांश गंभीर आपराधिक मुकदमे मेरठ सेशन कोर्ट में चलते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के पीड़ितों और गवाहों को बार-बार मेरठ आना-जाना पड़ता है। कोर्ट के खुलने से लोगों को यातायात, समय और आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। बार अध्यक्ष ने कहा कि यह मांग कई वर्षों से लंबित थी, लेकिन अब प्रयासों के चलते यह सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन की टीम, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और न्यायिक अधिकारियों से लगातार संवाद बनाए हुए हैं। विक्रम त्यागी ने कहा सरधना में एडिशनल सेशन कोर्ट खुलने से न सिर्फ अधिवक्ताओं का कार्य बढ़ेगा, बल्कि आम जनता को न्याय मिलने में आसानी होगी। यह सरधना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस अभियान में सहयोग करें।

## गांधी जी की प्रतिमा हटाकर सहकारिता मंत्री की प्रतिमा लगाने का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष अबरार अंसारी ने गांधी जी की प्रतिमा हटाने का विरोध किया है। इस बीच उन्होंने मंगलवार को एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें उनका कहना था कि सरकार द्वारा लगातार वैश्य समाज के महापुरुषों की प्रतिमा को हटाने का काम किया जा रहा है। 27 अक्टूबर को सीतापुर के बिसवां में बड़े चौराहे पर गांधी के नाम से सुविख्यात समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल के परदादा स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा प्रशासन द्वारा हटाई गई यह मामला अभी ठंड भी नहीं हुआ था की 29 अक्टूबर को छिबरामऊ तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को हटाकर पूर्व सहकारिता मंत्री की प्रतिमा लगाई गई जिसका समाजवादी व्यापार सभा ने मंगलवार को विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि महापुरुषों की प्रतिमाओं को पूरे प्रदेश से हटाया जा रहा है जिसका वह पूर्ण जोर विरोध करते हैं। उन्होंने मांग की है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को उसी स्थान पर सम्मान से लगवाई जाए। अन्यथा वैश्य समाज सरकार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन करेगा। इस दौरान शाहिद पहलवान, मौ. वसीम अंसारी, महानगर अध्यक्ष व्यापार संघ मुशीर खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई लर्निंग हब के अंतर्गत प्राचार्यों की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना में सीबीएसई लर्निंग हब के अंतर्गत एक दिवसीय प्राचार्य बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, विद्यालयों के बीच समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को दिशा देना था। बैठक में सीबीएसई लर्निंग हब से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना के प्रधानाचार्य डॉ. रोहित मेहरा ने सभी आगंतुक प्राचार्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि लर्निंग हब के माध्यम से हम सभी विद्यालय एक साझा मंच पर आकर न केवल शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं, बल्कि एक-दूसरे के अनुभवों से सीख लेकर विद्यार्थियों के भविष्य को और उज्जवल बना सकते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी को भी सशक्त बनाए। बैठक के दौरान सभी प्राचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में अपनाई जा रही शिक्षण विधियों, तकनीकी संसाधनों के प्रयोग तथा विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को लेकर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में आ रही नई चुनौतियों और उनके समाधान पर भी सार्थक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लर्निंग हब के अंतर्गत आने वाले विद्यालय समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और साझा गतिविधियां आयोजित करेंगे, जिनसे विद्यार्थियों को नई शिक्षा पद्धतियों का लाभ मिल सके। बैठक के समापन पर सभी प्राचार्यों ने सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना के आतिथ्य की सराहना की तथा इस प्रकार की सार्थक बैठकों को निरंतर आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद से हुआ।

संक्षिप्त खेल समाचार

## आन्या श्रब्सोल बनीं आरसीबी महिला टीम की गेंदबाजी कोच

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी की महिला टीम ने इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज आन्या श्रब्सोल को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। यह बदलाव उनके सपोर्ट स्टाफ में किए गए फेरबदल का हिस्सा है। श्रब्सोल मलोलन रंगराजन के साथ काम करेंगी, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं और आने वाले सीजन में मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि ल्यूक विलियम्स, जिन्हें 2024 सीजन से पहले हेड कोच बनाया गया था, बीबीएल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण डब्ल्यूपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## नारायणन दिप्तायन, अरोन्याक दूसरे दौर में पहुंचे

**पणजी, वार्ता।** भारत के जीएम नारायणन एसएल और जीएम दिप्तायन घोष ने शानदार तरीके से अपने दोनों रैपिड गेम जीतकर फिडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि अरोन्याक घोष ने सोमवार को यहां राउंड 1 टाइब्रेक के दूसरे चरण में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका साथ दिया। पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने पेरू के आईएम स्टीवन रोजास को 52 चालों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया और फिर सफेद मोहरों से खेलते हुए केवल 22 चालों में जीत हासिल की। बगल के बोर्ड पर, दिप्तायन घोष ने चीन के ग्रैंडमास्टर पेंग ज़ियोनजियान के खिलाफ पहले गेम में 70 चालों में जीत हासिल की। यह जीत उनके दो मोहरों की बदौलत मिली।

# लॉरा बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज



- **मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर-1 बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपनी फॉर्म में नहीं थी**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वुलफार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफार्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जेमिमा रॉड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के बाद वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 10 पर पहुंचीं। वहीं सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए 119 रन बनाने वाली फीबी लिचफील्ड 13 स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंची हैं। दक्षिण अफ्रीका की मरीजान काप इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 5 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन से ही पीछे हैं। अनाबेल सदरलैंड (छठे) और किम गार्थ (सातवें) भी एक-एक स्थान ऊपर बढ़ीं, जबकि उनकी टीममेट अलाना किंग अब काप के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और नॉकआउट चरण में सात विकेट लेने के साथ-साथ 82 रन भी बनाए। इससे वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 4वें स्थान पर पहुंच गईं।

# टॉम मूडी एलएसजी के डायरेक्टर नियुक्त किए गए



**लखनऊ, वार्ता।** आरपीएसजी ग्रुप ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टॉम मूडी को ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। इस नई भूमिका में टॉम मूडी, आरपीएसजी ग्रुप की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों के संचालन, रणनीति और दीर्घकालिक क्रिकेट विकास कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। टॉम मूडी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत का लोकप्रिय चेहरा रहा है। आरपीएसजी ग्रुप की प्रमुख क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों में लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल), डरबन सुपर जायंट्स (एसए20) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (द हंड्रेड) शामिल हैं। आगामी आईपीएल सत्र में टॉम मूडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच एवं अपने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी जस्टिन लैंगर और हाल ही में रणनीतिक सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए केन विलियमसन के साथ मिलकर टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मूडी ने अपनी नियुक्ति पर कहा आरपीएसजी ग्रुप के लिए ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका स्वीकार करना मेरे लिए एक विशेष सम्मान है। ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका से सकारात्मक बातचीत से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक रोमांचक अवसर है।

# आईसीसी महिला विश्व कप टीम में भारत की तिकड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हाल ही में संपन्न हुए टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद, तीन भारतीय सितारों-स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा - को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

मंधाना, जेमिमा और दीप्ति विजयी भारतीय टीम का हिस्सा थीं। दीप्ति टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर उभरीं। उन्होंने फाइनल में 39 रन देकर पांच विकेट सहित कुल 22 विकेट लिए। मंधाना और जेमिमा ने बल्ले से प्रभावित करते हुए क्रमश: 434 और मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाए। मंधाना ने लीग चरण में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। 12 सदस्यीय टीम की कप्तान दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वुलफार्ट हैं और उनकी साथी मारिज़ैन कैप और नादिन डी क्लार्क भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग करती हैं, जबकि इंग्लैंड की नैट शिवर-ब्रंट और सोफी एक्लेस्टन, पाकिस्तान की सिदरा नवाज के साथ मिलकर टीम को पूरा करती हैं। चयन पैनल में कमेंटेटर इयान विशप, मेल जोन्स और ईसा गुहा, आईसीसी महाप्रबंधक गौरव सक्सेना और पत्रकार एस्टेले वासुदेवन शामिल थे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की अंतिम टूर्नामेंट की टीम है।

## अर्पित- सनत के शतक लेकिन पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्पित राणा (नाबाद 170) सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया। हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी।

# भव्य रोशनी में मनाया टीम ने जीत का जश्न

- **भारतीय महिला टीम के विशेष रूप से डिजाइन की पृष्ठभूमि में शानदार नज़ारा पेश किया**

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक शानदार सजावटी प्रदर्शनी के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गौरवपूर्ण जश्न मनाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में जीवंत रोशनी और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पृष्ठभूमि ने एक शानदार नज़ारा पेश किया, जिसने शहर भर के क्रिकेट प्रशंसकों की प्रशंसा बटोरी। स्टेडियम के सामने के हिस्से को विजयी भारतीय टीम के आकर्षक दृश्यों से सजाया गया था, जो गर्व और उपलब्धि की भावना को दर्शाने के लिए चमकदार नीली रोशनी से नहाए हुए थे। यह सजावट महिला टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन के प्रति सम्मान था, जिसने देश को अपार गौरव दिलाया और लाखों महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सीएबी के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि बंगाल में क्रिकेट के घर के रूप में, हम उनकी सफलता का जश्न मनाना चाहते थे और इस विशेष सम्मान के माध्यम से अपनी हार्दिक बधाई व्यक्त करना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि बीस साल पहले, जब महिला क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी के कारण संघर्ष कर रहा था, तब बहुत से लोग इसके भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं थे। उन सभी महिलाओं को बधाई जिन्होंने खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत की। गांगुली ने कहा कि जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष बना, तो मुझे महिला क्रिकेट के उत्थान के लिए काम करने में बहुत खुशी हुई और मैंने इसकी नींव मजबूत करने की पूरी कोशिश की। 50 ओवर का विश्व कप जीतना तो बस शुरुआत है - महिला क्रिकेट यहां से और भी आगे बढ़ेगा। बंगाल क्रिकेट संघ हमेशा से पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

## ऋत्विक संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया कि ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बीबीएल से बाहर हुए अश्विन



- **घुटने की सर्जरी की वजह से अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** घुटने की सर्जरी की वजह से आर अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह मौका गंवाने से वह बहुत निराश हैं, क्योंकि इससे वह बीबीएल में खेलने वाले भारत के पहले कैप्ड खिलाड़ी बन जाते। वहीं थंडर ने कहा कि वे अश्विन के साथ मिलकर एक नई योजना पर काम कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद अश्विन के लिए विदेशी लीग में खेलने का रास्ता खुला था। उन्होंने थंडर के साथ पूरे बीबीएल सीजन के लिए करार किया था। अश्विन ने थंडर के बयान में कहा, ष्मुझे बीबीएल 15 मिस करने का बहुत अफसोस है। अब मेरा पूरा ध्यान रिकवरी पर है। मैं थंडर परिवार और फैंस का शुक्रगुज़ार हूं, जिन्होंने पहले ही बहुत अपनापन दिखाया है। ट्रेंट (कोपलैंड, थंडर जनरल मैनेजर) और पूरी मैनेजमेंट टीम ने पहले ही बातचीत से मुझे क्लब का हिस्सा महसूस कराया। अगर रिहैब और यात्रा की योजना अनुमति दें, तो मैं सीजन के बाद के हिस्से में टीम के साथ रहना और फैंस से मिलना चाहूंगा। थंडर टीमों को शानदार साल की शुभकामनाएं। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि सिडनी थंडर के सभी लोग अश्विन की घुटने की चोट की खबर से बहुत दुखी हुए, जिसने उन्हें बीबीएल 15 से बाहर कर दिया। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जब हमने पहली बार अश्विन से बात की, तभी उनके थंडर के प्रति समर्पण का अंदाज़ा लग गया था। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें बीबीएल 15 के कुछ हिस्से के दौरान अपने डगआउट में स्वागत कर सकेंगे, फैंस से मिलवाएंगे।

# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जितेश शर्मा होंगे भारत 'ए' के कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** जतेश शर्मा को आने वाले एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसे पहले इमर्जिंग टूर्नामेंट भी कहा जाता था। यह टूर्नामेंट दोहा में 14 से 23 नवम्बर तक खेला जाएगा। नमन धीर को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टी-20 टूर्नामेंट की टीम काफी मज़बूत दिख रही है और इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रमनदीप सिंह, अभिषेक पोरेल, सुयश शर्मा, आशुतोष शर्मा, नेहाल वढेरा, प्रियांश आर्या और वैभव सूर्यवंशी के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर्ष दुबे, सुर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजयकुमार वैशाख और युधवीर सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। पाकिस्तान ए और ओमान इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला खेलेंगे, जबकि भारत ए बनाम पाकिस्तान ए मुकाबला 16 नवम्बर को होगा। टीमों दो ग्रुप में बंटी हैं: ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बंगलादेश, हांगकांग और श्रीलंका, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं। यह सितम्बर में हुए सीनियर एशिया कप के बाद पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमें आमने-सामने होंगी, हालांकि सीनियर महिला टीमें इसी महीने की शुरुआत में वनडे विश्व कप में भिड़ीं थीं। जब पुरुष टीमों ने एशिया कप खेला था, तब दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच ना तो हैंडशेक हुए थे और ना ही कोई औपचारिक अभिवादन। टूर्नामेंट भारत की जीत के साथ खत्म हुआ, लेकिन टीम ट्रॉफी लिए बिना दुबई छोड़ गई।

# मोहम्मद अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त



**ढाका, वार्ता।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं।

2014 में बीपीएल में मैच फिक्सिंग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिंग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवम्बर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा कि अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

# रिबाकिना ने स्वियाटेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**रियाद, वार्ता।** कज़ाकिस्तान की छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने रियाद में महिला टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स के ग्रुप चरण में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर शानदार वापसी की। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरी जीत हासिल की और एक मैच बाकी रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

स्वियाटेक ने इस सीजन में अपनी प्रतिद्वंद्विता पर दबदबा बनाए रखा था और पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की थी। रिबाकिना की सर्विस जल्दी तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस सिलसिले को आगे भी जारी रखेंगी। हालांकि, दूसरे सेट में गति बदल गई क्योंकि रिबाकिना ने अपना स्तर बढ़ाया, अपनी सर्विस और बेसलाइन आक्रामकता दोनों में सुधार किया, जबकि स्वियाटेक का फॉर्म गिर गया, जिससे अनफोर्स्ड एरर बढ़ गए। कज़ाकिस्तान की खिलाड़ी ने दो बार सर्विस तोड़कर सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक सेट में, रिबाकिना ने पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया और लगातार छह गेम जीतकर अंतिम सेट 6-0 से जीत लिया और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया। रिबाकिना ने बाद में कहा कि मुझे लगता है कि उसने इस मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की और मैं थोड़ी धीमी थी, इसलिए उसने मेरी सर्विस तोड़ दी।

# सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में खेलेंगी शेफाली



**मुंबई, वार्ता।** नागालैंड सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी 4 से 14 नवम्बर तक करने के लिए तैयार है।यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण होगा, जिसकी शुरुआत साल 2022 में हुई थी। यह प्रतियोगिता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित की जाती है। 2025 सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में छह क्षेत्रीय क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन का नाम शामिल है। भारत की वर्ल्ड कप विजेता शेफाली वर्मा को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि इस साल की शुरुआत में भारत को अंडर-19 टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाली निकी प्रसाद साउथ जोन टीम की कप्तानी करेंगी। इस टूर्नामेंट में कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें साइमा ठाकोर, अमनदीप कौर और आशा शोभना शामिल हैं। सीनियर महिला इंटर जोनल टी 20 ट्रॉफी 2025 की टीमें ईस्ट जोन: मीता पॉल (कप्तान), अश्विनी कुमारी (उप-कप्तान), प्रियंका लूथरा, धारा गुज्जर, तनुश्री सरकार, रश्मी गुड़िया (विकेटकीपर), जिन्तिमणि कलिता, रश्मी डे, तन्मयी बेहरा, सुश्री दिव्यदर्शनी, तितास साहू, साइका इशाक, आरती कुमारी, ममता पासवान, प्रियंका अचर्जी। नॉर्थ ईस्ट जोन: देबस्मिता दत्ता (कप्तान), नवाम यापु (उप-कप्तान), किरणबाला हाओरुंगबाम, लालरिनफेली पौतु, रितिसिया नोंगबेट, नजमीन खातून (विकेटकीपर), समयिता प्रधान, प्रियंका कुर्मी, विपेनी, नंदिका कुमारी, नबाम अभि, प्रणिता छेत्री, सोलिना जाबा, प्रिमुला छेत्री, रंजीता कोइजाम। नॉर्थ जोन: शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), दीया यादव, आयुषी सोनी, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), एसएम सिंह, भारती रावल, बावनदीप कौर, मन्नत कश्यप, अमनदीप कौर, कोमलप्रीत कौर, अनन्या शर्मा, सोनी यादव, नाजमा, नंदिनी। वेस्ट जोन: अनुजा पाटिल (कप्तान), सयाली सतघरे (उप-कप्तान), पूनम खेमनार, धरणी थप्पेटला, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, हुमैरा काजी, इरा जाधव, किरण नवगिरे, अमृता जोसेफ, केशा पटेल, अर्शिया धारीवाल, उमेश्वरी जेठवा (विकेटकीपर), सिमरन पटेल, इशिता खले। साउथ जोन: निकी प्रसाद (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना (उप-कप्तान), कमलिनी जी (विकेटकीपर), वृंदा दिनेश, युवश्री के, आशा शोभना, चल्लुरु प्रत्यूषा, प्रणवी आदि।

## कंधे में खिचाव, ब्रेविस पाक के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**फैसलाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस 1 नवम्बर को लाहौर में तीसरे टी-20 मैच के दौरान कंधे की मांसपेशियों में हल्के खिचाव के कारण आज से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 22 वर्षीय ब्रेविस इस महीने के अंत में होने वाले दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे से पहले पुनर्वास के लिए पाकिस्तान में टीम के साथ रहेंगे, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक ब्रेविस के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति पहले से ही कमज़ोर वनडे टीम को और कमज़ोर कर देती है, क्योंकि वरिष्ठ खिलाड़ी एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा को आराम दिया गया है, और तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और एनरिक नॉर्टजे चोटों के कारण बाहर हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 5 नवम्बर 2025

# रेल हादसों पर आंखें बंद

बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सोमवार शाम एक भीषण रेल हादसा हो गया, एक पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह दुर्घटना लालखदान के पास हावड़ा रूट पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में कई यात्रियों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। आखिर देश का रेलवे सिस्टम कब आंखें खोलेगा। हर साल कोई न कोई हादसा होता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जाता, यही कारण है कि लोग मर जाते हैं और विभाग जांच बैठा देता है, जिसके पूरे होने में महीने नहीं, बल्कि साल लग जाते हैं। क्या यही देश के सिस्टम का काम रह गया, या वह और लोगों के मारे जाने की इंतजार में है। ये काम किसका है। रेलवे नेटवर्क केंद्र सरकार का एक महत्वाकांशी नेटवर्क है, जिसका संबंध सीधा आम जनता से जुड़ा है। इसी में कोई सुधार नहीं किया जाता। ये कैसी विडंबना है कि जिस विभाग के पास इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, वह आंखें बंद करके कैसे बैठ सकता है। यह दुर्घटना देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक पर हुई है, जिसके कारण इस सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। 6 जून 1981 को बिहार में हुई रेल दुर्घटना को भारत के इतिहास की सबसे भयावह रेल त्रासदी माना जाता है। एक भीड़भाड़ वाली पैसेंजर ट्रेन, जिसमें 800 से अधिक यात्री सवार थे, बागमती नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी चक्रवात के कारण यह पटरी से उतर गई। ट्रेन के सात डिब्बे नदी में गिर गए, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित 500 से 800 लोगों की मौत हो गई। 20 अगस्त 1995 को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के पास एक बड़ा हादसा हुआ, जब पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने खड़ी कलिंदी एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में करीब 350 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हो गए। 2 अगस्त 1999 को पश्चिम बंगाल के गैसल स्टेशन के पास ब्रह्मपुत्र मेल और अवध असम एक्सप्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे में 285 से अधिक लोग मारे गए, जबकि 300 से ज्यादा घायल हुए। सितंबर 2002 में कोलकाता से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस बिहार के औरंगाबाद जिले में धावे नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी यह हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन के कई डिब्बे नदी में गिर गए, जिसमें कम से कम 120 लोगों की मौत हुई। 2 जून 2023 को ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थीं। कोरोमंडल एक्सप्रेस एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद इसके डिब्बे पटरी से उतर गए और दूसरी ट्रेन से जा टकराए। इस हादसे में 296 से अधिक लोगों की मौत हुई और 1,200 से ज्यादा घायल हुए। यह 21वीं सदी की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक थी।

## लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब अधूरा



भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है, जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा, यह समय है, जब भारत को वंशवाद छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए, इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंत. रिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं, ' नेहरू-गांधी परिवा की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है, जम्मू- कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच





**अमरेंद्र राय**

बचपन में बच्चे जब छोटे होते थे तो और देर रात तक सोते नहीं थे तो माएं उन्हें डराकर सुलाया करती थीं कि सो जा नहीं तो हुंड़ार आएगा और ले जाएगा। मैंने कभी हुंड़ार देखा नहीं। यह भी नहीं जानता कि हुंड़ार होता भी है या नहीं। लेकिन तब गांवों में रात होते ही सियारों की आवाज आने लगती थी। दिमाग में एक कल्पना बस गई है कि हुंड़ार शायद सियार जैसा ही कोई जानवर होगा जो सियार से ज्यादा खतरनाक होगा। जो बच्चे थोड़ा बड़े हो जाते हैं और हुंड़ार के अस्तित्व पर सवाल खड़े करते, उन्हें माएं डराने के लिए लकड़सुंघवा (लकड़ी सुंघाकर बड़े झोले में डालकर ले जाने वाला) का डर दिखातीं। कहतीं-अगर शैतानी करोगे तो लकड़सुंघवा आएगा और ले जाएगा। बच्चा शक्तिमान की स्टाइल में कहता मैं बहादुर हूं, स्ट्रांग ब्वाय, फिर बड़ा भी हूं तो वो कैसे ले जाएगा। मां कहती उसके पास बहुत बड़ी झोली होती है उसमें डालकर ले जाएगा। बच्चे डर भी जाते और मां की बात मानकर सो जाते या शैतानी करना बंद कर देते।

आजकल बिहार में भी यही हो रहा है। आजकल क्या पिछले 25 सालों से यही हो रहा है। जब-जब चुनाव आते हैं बिहार में जंगल राज का डर दिखाकर लोगों को एनडीए को वोट देने को कहा जाता है। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि हुंड़ार या लकड़सुंघवा की तरह काल्पनिक, झूठी बात का डर दिखाकर आम जनता को डराया जाता है लेकिन यह भी नहीं मानूंगा कि जंगलराज खत्म हो गया है और तेजस्वी-राहुल गांधी के महागठबंधन के आने से उसकी वापसी हो जाएगी। बल्कि सच यह है कि बिहार में जंगलराज लालू राज से पहले भी था, लालू के समय थोड़ा और उसमें वृद्धि हुई और वह आजतक मौजूद है। उसमें थोड़ी कमी जरूर आई लेकिन आप ए नहीं कह सकते कि जंगलराज बिहार में खत्म हो गया है और लालू-तेजस्वी-राहुल की वापसी के साथ उसकी भी वापसी हो जाएगी। मोकामा की जो घटना हुई है, उससे इस बात की सौ प्रतिशत पुष्टि हुई है। इससे पहले जो इक्का-दुक्का घटनाएं बीच में चर्चा में आती थीं उन्हें यह कहकर दबा दिया जाता था कि कुछ घटनाएं तो हर राज्य में हो जाती हैं। लालू राज की तरह नियमित नहीं होतीं। आखिर वो कौन सा पैमाना है जिसके आधार पर आप किसी राज को जंगलराज कहते हैं और किसी राज को सुशासन और मंगलराज। साल में सौ हत्या, दो सौ हत्या, पांच सौ हत्या, हजार हत्या, दो हजार हत्या, चार हजार हत्या? इसी तरह अपहरण, लूट, फिरौती और दूसरे अपराध। क्या कोई ऐसी क्राइटीरिया बनी है? पानी के मामले में ये मापदंड जरूर तय किया गया है। अगर पानी 98-100 डिग्री से ज्यादा गर्म हो जाएगा तो भाप बन जाएगा। इसी तरह तापमान जब शून्य डिग्री से नीचे, माइनस में पहुंचे तो वह बर्फ बन जाता है। लेकिन यह बात जंगलराज के बारे में तो आप नहीं कह सकते। एक मोटी धारणा यह है कि जब आपके चारो तरफ समाज में अपराध की घटनाएं बेइंतहां घटने लगें, लोगों का जीवन असुरक्षित हो जाए, कानून का राज खत्म हो जाए तो उसे जंगलराज कहने लगते हैं। तो क्या यह सब बिहार में लालू राज में ही था? अब नहीं है? न आम धारणा से इस बात की पुष्टि होती है न आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं। इसको समझने के लिए सबसे आसान, तथ्यपरक तरीका है एन सी आर बी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों को देखना जो लालू राज में थे और अब सुशासन बाबू के राज में सामने आ रहे हैं।

सबसे पहले 2025 की रिपोर्ट देखते हैं कि वह सुशासन बाबू (नीतीश कुमार- मोदी राज), एनडीए की बिहार में सरकार के बारे में क्या कहती है। 2025 में प्रकाशित एनसीआरबी की रिपोर्ट, बीजेपी-आरएसएस, जेडी यू और एनडीए के मजबूत वर्गों का कमजोर वर्गों पर बढ़ते शोषण और दमन तथा सुशासन के झूठे दावों की कलई खोलती है। एनसीआरबी पूरे देश की रिपोर्ट देता है, इसलिए पहले देश में अपराध की स्थिति और फिर उसमें बिहार की स्थिति देख लेते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, जहां पूरे देश में कुल अपराध दर में वृद्धि हुई है, वहीं सभी गंभीर अपराधों में बीजेपी शासित राज्य, जिनमें बिहार भी शामिल है लगातार शीर्ष पर कायम हैं। 2025 में हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार शीर्ष पर हैं। और ये तीनों ही बीजेपी शासित राज्य हैं। अपहरण के मामले में भी यही तीनों राज्य शीर्ष पर हैं। बस क्रम बदल गया है। हत्या के मामले में बिहार जहां तीसरे नंबर पर है वहीं अपहरण में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। बिहार में अपहरण के 12 हजार 981 मामले हुए। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में बिहार जरूर शीर्ष के तीन राज्यों में नहीं शामिल है लेकिन जिन राज्यों में सबसे ज्यादा महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए हैं वे भी भाजपा के सुशासन के दावे वाले राज्य ही हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान। अपराध की जितनी श्रेणियां बनाई गई हैं उनमें ज्यादार मामलों में बीजेपी शासित राज्य ही शीर्ष पर हैं। आप ए न समझें कि ए सिर्फ 2025 में ही ऐसा हुआ है। बल्कि इससे पहले के वर्षों में भी ऐसा ही होता रहा है। बिहार अपराध के मामले में शीर्ष के राज्यों में हमेशा बना रहा है। 2024 की एनसीआरबी की रिपोर्ट जरूर इसका अपवाद है। इसमें बिहार अपराध के मामलों में शीर्ष दस राज्यों में नहीं आता, लेकिन बीजेपी शासित आठ राज्य शीर्ष अपराध वाले राज्यों में आते हैं। जैसे 2023 की एनसीआरबी की रिपोर्ट में बिहार हत्या के मामले में देश का दूसरा राज्य है। 2023 में बिहार में 2862 हत्याएं, 22952 महिलाओं के खिलाफ अपराध, बलात्कार के 902 मामले, अपहरण के 14371 केस और आदिवासियों के खिलाफ ज्यादती के 7178 मामले दर्ज किए गए। कुछ लोग कह सकते हैं कि लालू राज में तो हत्या के पांच-दस हजार मामले होते होंगे। तभी तो उनके राज को जंगलराज कहा गया। हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े-लिखे को फारसी क्या। दोनों के शासन काल की तुलना आप खुद कर लीजिए। आंकड़े, एनसीआरबी के ही आपके सामने हम रख देते हैं। लालू राज की तुलना में नीतीश राज में अपराध जरूर थोड़े कम हुए हैं लेकिन इतना नहीं कि एक को जंगलराज कहें और दूसरे को मंगलराज। अगर आप लालू राज को जंगलराज कहेंगे तो नीतीश-मोदी के शासन को भी जंगलराज ही कहना पड़ेगा। यहां हम दोनों के शासन काल में हुई हत्याओं की बात कर रहे हैं। लालू के राज में 2001 में 3643 हत्याएं हुईं और 2003 में वो बढ़कर 3771 हो गईं। नीतीश के राज में भले हत्याओं का आंकड़ा 3700 तक न पहुंचा हो लेकिन इनके राज में भी हत्याएं खूब हुईं। हजारों की तादाद में। 2007 में 3034, 2012 में 3566, 2019 में 3000, 2020 में 3150, 2021 में 2759, 2022 में 2930 और 2023 में 2862, एक बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि लालू यादव और राजद के 15 वर्षों के शासन में 32,000 से अधिक अपहरण, 18,136 हत्याएं और 59 बड़े जातीय नरसंहार हुए। केंद्रीय मंत्री ने इसे बिहार के इतिहास का सबसे काला दौर बताते हुए कहा था कि यही असली जंगलराज था। नित्यानंद राय ने लालू राज की हकीकत तो बयान कर दी, लेकिन नीतीश और अपनी सरकार की हकीकत नहीं बताई। अगर वो बता देते तो इससे सिर्फ लालू राज का सच नहीं पूरा सच (नीतीश और बीजेपी शासन का भी) सामने आ जाता। बिहार में 2001 में 8520, 2005 में 7704, और 2020 में 9419 मामले दंगे के दर्ज हुए। वहीं 2005 से 2020 तक दंगों में लगभग 22।3 फीसदी की वृद्धि हुई। यह बताना नित्यानंद राय भूल गए। भूल नहीं गए बल्कि जानबूझ कर गोल कर गए ताकि उनके शासन काल की हकीकत किसी को पता न चल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मोदी शाह के भाषणों में पीके पर हमला सुना क्या

पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है।



**श्रवण गर्ग**

चौदह नवंबर को जिस रहस्य से पर्दा उठने वाला है वह यह नहीं होगा कि बिहार के कश्मकश भरे चुनावों में जीत किसकी होने वाली है। इस बात से उठेगा कि मोदी, ममता, केजरीवाल आदि नेताओं को जिताकर सरकारें बनवाने वाले चुनावी कंसलटंट प्रशांत किशोर (पीके) अपने दावे के मुताबिक खुद की पार्टी को 150 सीटें नहीं दिला पाते हैं तो फिर किस दल को हराने की उन्होंने सुपारी ली थी। प्रशांत किशोर दावे करते नहीं थकते कि उन्होंने 2014 में मोदी जी को, 2017 में अमरिंदर सिंह, 2019 में उद्धव-जगन, 2020 में केजरीवाल और 2022 में ममता को जितवाया था।

प्रशांत किशोर जानते हैं कि उनकी जन सुराज पार्टी का अगर वही हश्र हुआ जो पिछले चुनाव में चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी का हुआ था तो न सिर्फ उनकी चुनावी कन्सल्टेंसी खतरे में पड़ जाएगी बिहार की राजनीति में भी वे हाशिए पर आ जाएंगे। अत: मानकर चलना चाहिए कि वे इतना बड़ा जुआं किसी बड़े दांव के लिए ही खेल रहे हैं, तो क्या नीतीश की नाराजी दरकिनार कर चुनाव लड़ रही बीजेपी के अंदर पक रहा आत्मविश्वास प्रशांत किशोर के चमत्कार के भरोसे है? साल 2015 में जेडी (यू) को जितवाकर नीतीश को मुख्यमंत्री बनवाने वाले पीके के इस कथन पर गौर किया जाना चाहिए कि जो पुरोहित विवाह संपन्न करवाता है वही श्राद्ध भी निपटाता है। बिहार विधानसभा चुनावों की सबसे ज्यादा जमीनी तैयारी अगर किसी एक व्यक्ति ने की है तो वे प्रशांत किशोर हैं। पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है। किसकी सरकार बनेगी यह जनता तय कर करेगी। पीके की भविष्यवाणी के पीछे निश्चित ही कोई ठोस आधार होना चाहिए। उनके घोषित गणित पर यकीन करना हो तो महागठबंधन और एनडीए दोनों के वोट शेयर लगभग बराबर हैं। दोनों के पास 36-36 प्रतिशत वोट शेयर है। अत: बाकी 28 प्रतिशत की जगह उनकी पार्टी के लिए खाली है। क्या बीजेपी और प्रशांत दोनों के आत्मविश्वास एक ही डोर से बंधे नहीं हो सकते? प्रशांत किशोर और चिराग दोनों द्वारा ही चुनाव न लड़ने की घोषणा को नतीजों के बाद ही डी-कोड किया जा सकेगा। दोनों ने पहले चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की थी। तो क्या फैसला बीजेपी के दबाव में बदला गया? ध्यान रखा जाना चाहिए कि तेजस्वी, चिराग और प्रशांत तीनों के बीच सिर्फ पांच-पांच साल का फर्क है। तीनों महत्वाकांक्षी हैं। चिराग ज्यादा कुछ नहीं कर पाएं तो भी इसलिए फर्क नहीं पड़ेगा कि वे केंद्र में मंत्री हैं।तेजस्वी को बिहार की राजनीति में ही रहना है। विपरीत नतीजों का सबसे ज्यादा असर प्रशांत के प्रोफेशनल और पोलिटिकल करियर पर पड़नेवाला है। मोदी जी को छोड़ दें तो अपनी कन्सल्टेंसी के जरिए जिन-जिन नेताओं को सत्ता में लाने का दावा प्रशांत किशोर करते हैं उनमें से अब सिर्फ दो बड़े ही बचे हैं- नीतीश और ममता। बीज. `पी की मदद के लिए इस चुनाव में वे अगर नीतीश को सत्ता से बाहर करवा देते हैं तो हो सकता है अगले साल ममता का नंबर लगा दें। राहुल जानते हैं प्रशांत किशोर को उन्होंने भाव नहीं दिया था और वे कांग्रेस से नाराज हैं। कहीं तो नोट किया ही जा रहा होगा कि मोदी और शाह अपनी सभाओं में न तो प्रशांत पर हमला कर रहे हैं और न ओवैसी पर। दाल में कुछ तो काला होना ही चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सौंदर्य को कई गुना निखार देता है विटामिन सी



**शहनाज हुसैन**

अगर आप अपने सौन्दर्य बिशेष्ज्ञ को त्वचा के लिए बेहतरीन प्रकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में पूछेंगी तो विटामिन सी की खुराक शायद सबसे टॉप पर होगी। विटामिन सी को शरीर में सप्लीमेंट या डाइट द्वारा ही लिया जा सकता है तथा इसकी शरीर में प्रकृतिक रूप में उत्पति नहीं होती। विटामिन सी की गणना सबसे प्रभाबी और सुरक्षित पौषक तत्वों में की जाती है जोकि आंबला और अमरुद जैसे शाकाहारी भोज्य पदार्थों में सर्बाधिक पाया जाता है। यह पालक ,मूली , अंकुरित अनाज, संतरे, हरी और लाल मिर्च, ब्रॉक्ली, पपीते, स्ट्रॉबेरी, अनानास, कीवी और आम जैसे फलों, सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है। डॉक्टरों की मानें तो व्यस्क पुरष को रोजाना 90 मिली ग्राम और महिला को रोजाना 75 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करना चाहिए। गर्भबती महिलाओं को लगभग 85 मिलीग्राम तथा स्तनपान करबाने बाली महिलाओं को रोजाना 120 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है और इससे ज्यादा विटामिन सी का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द, पथरी आदि कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डॉक्टरों के अनुसार विटामिन सी की शरीर में अधिकता से कोई विषाक्त और हानिकारक प्रभाब नहीं पड़ता क्योंकि जल में घुलनशील होने की बजह से इसका उतसर्जन शरीर में मूत्र के द्वारा हो जाती है। विटामिन सी दिल की बिमा. रियों, एनीमिया, कोलेस्ट्रोल, मोतियाबिन्द और डायबिटिक जैसी बिमारियों को ठीक करने के लिए भी काफी मददगार साबित होती है। विटामिन सी की कमी से जोड़ों का दर्द, दांतों में दर्द, मसूड़ों से खून बहना, थकान ध्कमजोरी आदि की अनेक समस्याएं सामने आती हैं। त्वचा की देखभाल तथा सौन्दर्य के लिए आप अकसर महंगें सौन्दर्य प्रसाधनों तथा फेशियल और क्लीजिंग जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की ओर रुख करती है। जबकि बास्तविकता यह है कि स्वस्थ्य और नर्म, मुलायम त्वचा के लिए जिम या पार्लर जाने की ज्यादा जरूरत जरूरत नहीं है। अगर आप रोजना सुबह विटामिन सी का उपयोग करती है तो आपको स्वास्थ्य तथा सौन्दय्र दोनों एक साथ मिल सकते है। विटामिन सी के प्रतिदिन सेवन से आप प्राकृतिक तौर पर आकर्षक तथा चुस्त दिखेगी। प्रतिदिन सुबह अपने नाश्ते में नीबूं, संतरा, आमला, अंकुरित अनाज, टमाटर तथा अंगूर आदि शामिल करने से आप बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर सकती है। विटामिन सी के सेवन से शरीर में कोलेजन का निर्माण होता है जिससे त्वचा में कसाहट तथा कोमलता पैदा होती है जिससे चेहरें पर पड़ने वाली झुर्रियों को रोका जा सकता है तथा सूरज की किरणों तथा वातावरण में विद्यमान प्रदूषण से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। विटामिन सी का सेवन यकृत अमाशय, सर्दी, जुकाम, न्यूमोनिया में असरकारक साबित होता है। विटामिन सी का उपयोग शरीर और सौन्दर्य दोनों के लिए लाभकारी है। अनेक वैज्ञानिक शोधों में यह पाया गया है कि विटामिन सी के नियमित सेवन से आप मुलायम त्वचा, चमकीले बाल, आकर्षक आंखें तथा छरहरा बदन पाने के साथ ही अनेक रोगों से मुक्ति भी पा सकती है। बालों के स्वास्थ्य के लिए विटामिन सी अत्यन्त प्रभाबी बिकल्प माना जाता है शरीर में विटामिन सी की कमी से डैंड्रफ, दो मुहें बाल, रूखेपन जैसी बालों की समस्याएं सामने आती हैं। विटामिन सी के नियमित सेवन से सिर में रक्त संचार बढ़ता है और आप के बाल लम्बे, मुलायम और खूबसूरत दिखने लगते हैं। सबसे पहले अगर हम त्वचा को ले तो सामान्य त्वचा बरकरार रखने के लिए हमें प्रतिदिन उचित पौषाहार की जरूरत होती है। त्वचा की सेहत तथा यौवनता व त्वचा को कोशिकाओं के पुर्ननिर्माण के लिए विटामिन सी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को सु.ढ़ करके हमारी त्वचा को लचीला , सुदृढ़ तथा आकर्षक बनाते है। विटामिन सी के आहार में शामिल करने से सूर्य की किरणों से बचाव के लिए त्वचा पर प्रयोग की गई सनस्क्रीन को ज्यादा प्रभाबी बनाने में मदद मिलती है।

विटामिम-सी की कमी जवान उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां पड़नी शुरू हो जाती है तथा त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है जिससे त्वचा बेजान हो जाती है। आमला में सर्वाधिक मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है। आयुर्वेदिक में आमला को अनेक रोगों के उपचार में रामबाण बताया गया है। आमला में विद्यमान प्रचुर मात्रा में विटामिन सी गर्मियों में लू आदि से बचाने में अत्यन्त सहायक होता है। प्रत्येक सुबह आमला जूस को पानी में मिलाकर पीने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा सूर्य की गर्मी से झूलसी त्वचा तथा अन्य त्वचा रोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अपने सौन्दर्य को निखारने के लिए फलों को अपने आहार विशेषकर ब्रेकफास्ट का अभिन्न अंग बनाईए। प्रत्येक सुबह गर्म पानी में नीबूं रस मिलाकर पीने से शरीर में विषैले प्रदार्थ बाहर निकलते है तथा पाचन तंत्र को सु.ढ़ होता है। जिससे चेहरे की आभा में निखारे आता है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है। नीबूं को अनेक सौन्दर्य समस्याओं के निदान में उपयोग में लाया जा सकता है लेकिन नींबू रस को हमेशा पानी में मिलाकर ही प्रयोग में लाए क्योंकि गाढ़ा नीबूं का रस त्वचा में रूखापन ला सकता है। नीबूं के रस से धूप की तपसध्जलन से त्वचा पर पड़े काले धब्बों को मिटाने में मदद मिलती है तथा इसे हैंड लोशन की तरह भी प्रयोग किया जा सकता है। नीबूं के रस को गुलाब जल में मिलाकर हाथ में रगड़ने से हाथों की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा मुलायम हो जाती है। अगर आपके हाथों की त्वचा सख्त या खुरदरी है तो नीबूं रस को दानेदार चीनी में मिलाकर इस मिश्रण को हाथों पर रगडेघ् तथा इससे आपके हाथ मुलायम, चमकदार, आकर्षक हो जाऐगे। अन्य खट्टे फलों की तरह अंगूर स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ सौन्दर्य निखारने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। अंगूर त्वचा की रंगत को निखारते है तथा प्रभावी क्लीजिंग के रू प में असरकारक साबित होते है। अंगूरों के रस को त्वचा पर लगाने के 20 मिनट बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। यह तैलीय तथा कील मुंहासे से प्रभावित त्वचा के लिए अत्यन्त लाभदायक साबित होगा तथा त्वचा के छिद्रों को कसने में मददगार होते है।

संतरे में विटामिन-सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। संतरे को अपने आहार में शामिल करने के साथ ही बाहरी त्वचा के निखार में भी उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के जूस को फेस पैक में मिलाने या उसे सीधे अपने चेहरे पर लगाने से त्वचा के एसिड-एलकलाईन संतुलन को बनाने में मदद मिलती है। जिससे चेहरे पर काले धब्बे मिटते है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है । संतरे के छीलके में फल की अपेक्षा विटामिन-सी की प्रचुरता कही ज्यादा होती है। त्वचा के छिद्रों को कसने तथा तेल को सोखने के लिए सूखे तथा संतरे के छिलको के पाऊडर को स्क्रब तथा मास्क की तरह उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के छिलक के पाऊडर को मिल्क क्रीम या दही मिलाने से श्रेणी की स्क्रब बनाया जा सकता है। संतरे के छिलको के पाऊडर में मुलतानी मिट्टी तथा गुलाब जल मिलाकर बने पेस्ट को त्वचा पर लगाने से कील मुंहासों, फोडेघ्, फुन्सी तथा अन्य त्वचा सम्बन्धी विकार को दूर करने में मिलती है।

विश्व के सौन्दर्य विशेषज्ञ विटामिन-सी को सौन्दर्य निखारने में चमत्कारी मानते है। विटामिन सी को विटामिन ई या फेरुलिक एसिड जैसे दूसरे एन्टी ऑक्सीडेंट से मिलाकर लेने से चेहरे की झुर्रियों ,त्वचा की रंगत निखारने , फ्री रैडिकल्स से बचाव के लिए ज्यादा प्रभाबी बनाया जा सकता है। इसे विटामिन बी या ह्यलुरॉनिक एसिड से मिलाकर भी लिया जा सकता है लेकिन विटामिन सी को रेटिनॉल से मिलाकर लेने से परहेज करें और अगर आप दोनों को लेना चाहती हैं तो दोनों के उपयोग में न्यूनतम आधे घण्टे का अन्तर जरूर रखें।

# अमेरिका में शटडाउन से हवाई यात्रा ठप

## एयर ट्रैफिक कंट्रोलर काम छोड़ रहे, देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सरकारी शटडाउन के 34 दिन पूरे हो चुके हैं और इसका असर अब देश के हवाई यातायात पर गहराई से दिखने लगा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और टीएसए कर्मी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, कई कर्मचारी काम पर नहीं लौट रहे, जिससे देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही है।



रिपोर्ट: कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं, ताकि घर का खर्च चला सकें

एक रिपोर्ट के अनुसार, कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं ताकि घर का खर्च चला सकें। इस कारण हवाई अड्डों पर लंबी कतारें और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। नेशनल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निक डेनियल्स ने बताया कि लंबे शटडाउन से कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा हर गुजरते दिन के साथ हवाई प्रणाली पहले से कम सुरक्षित हो रही है। हमसे उम्मीद की जाती है कि हम 100 प्रतिशत फोकस के साथ काम करें, लेकिन जब दिमाग में किराए और बिलों की चिंता हो, तो यह संभव नहीं। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि उड़ानों में देरी एक सुरक्षा उपाय है। उन्होंने कहा स्टाफ की कमी से सिस्टम में जोखिम बढ़ा है। अगर हालात असुरक्षित हुए तो हम पूरा एयरस्पेस बंद कर देंगे। फिलहाल हम देरी झेल रहे हैं, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। शिकागो, डेनवर, ह्यूस्टन और नेवार्क जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानों में व्यापक देरी हो रही है। ह्यूस्टन के बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट ने यात्रियों को चेतावनी दी है कि टीएसए जांच में तीन घंटे तक लग सकते हैं। के2 सिक्योरिटी स्क्रीनिंग ग्रुप के उपाध्यक्ष कीथ जेफ्रीज ने बताया कि टीएसए कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ रही है क्योंकि कई कर्मी अब निजी जरूरतों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, एंब्री-रिडल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइक मैककार्मिक ने कहा कंट्रोलर यह समझ रहे हैं कि अगर वे 100 प्रतिशत फोकस में नहीं हैं, तो काम पर न जाना ही बेहतर है। यही फैसला फिलहाल सिस्टम को सुरक्षित रखे हुए है। यूएस ट्रैवल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एरिक हैनसेन ने कहा हम सुरक्षा से समझौता नहीं कर रहे, लेकिन अब यात्रियों के लिए उड़ानों की पूर्वानुमेयता खत्म हो गई है। लोग तय समय पर कहीं नहीं पहुंच पा रहे। यूनियन प्रमुख निक डेनियल्स ने कांग्रेस और प्रशासन से अपील की हमारा संदेश साफ है-सरकार को तुरंत खोला जाए। अब और इंतजार नहीं किया जा सकता।

## जिनपिंग ने की रूसी पीएम मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने मंगलवार को यहां रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकास रणनीतियों में बेहतर तालमेल पर सहमति जताई। जिनफिंग ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से ही चीन और रूस ने जटिल अंतर्राष्ट्रीय माहौल के बावजूद दृढ़ता और संयम के साथ आगे बढ़ते हुए उच्च स्तर और बेहतर गुणवत्ता वाले विकास लक्ष्यों को साधा है। उन्होंने जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखना, सुदृढ़ करना और आगे बढ़ाने पर दोनों देशों सहमत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठकों के दौरान दोनों देशों के संबंधों के लिए नई रूपरेखाएं तैयार की गईं।



गुरुग्राम। धुंध की मोटी परत के कारण कम दृश्यता के बीच एक महिला स्कूटर चलाती हुई।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 20 लोगों की मौत

**खार्तूम।** मध्य और पश्चिमी सूडान में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए दो अलग-अलग ड्रोन हमलों में सोमवार को कम से कम 20 लोग मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने दी। स्वयंसेवी समूहों के अनुसार, हमलों का लक्ष्य मध्य उत्तरी कोर्डोफन राज्य में एक नागरिक सभा और पश्चिमी उत्तरी दारफुर राज्य में एक बच्चों का अस्पताल था। स्वयंसेवी समूह नॉर्थ कोर्डोफन प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एक ड्रोन से नॉर्थ कोर्डोफन की राजधानी एल ओबैद से लगभग 15 किलोमीटर पूर्व में अल-लुलिब क्षेत्र को निशाना बनाया जिसमें 13 नागरिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। क्षेत्र के एक प्रत्यक्षदर्शी ने शिन्हुआ से कहा कि हमले में शोक व्यक्त करने के लिए आयोजित एक बड़ी नागरिक सभा को निशाना बनाया गया जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सेना ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि ये आतंकवादी दो सैन्य अभियानों में मारे गए हैं। पहला अभियान रविवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के एशम इलाके के पास हुआ, जहां सैनिकों ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाया।

### चीन में धोखाधड़ी के दोषियों को सुनाई मौत की सजा

**शेन्ज़ेन।** चीन की एक अदालत ने धोखाधड़ी करके लोगों को नुकसान पहुंचाने में लिप्त पांच लोगों को मौत की सजा सुनाई है। गुआंगदोंग प्रांत के शेन्ज़ेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट के सोमवार को दिए गए फैसले के अनुसार, यह गिरोह धोखाधड़ी करने के अलावा जानबूझकर हत्या करने और चोट पहुंचाने जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल था। इस गिरोह की आपराधिक गतिविधियों के कारण छह चीनी नागरिकों की मौत हुई जबकि एक व्यक्ति ने इन लोगों की वजह से व्यथित होकर आत्महत्या कर ली।

### बांग्लादेश में 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले दर्ज

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले सामने आए हैं और पांच नई मौतें हुई हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। आंकड़ों के अनुसार, नवम्बर में अब तक डेंगू के 2960 मामले दर्ज किए गए जिससे इस वर्ष अब तक कुल मामलों की संख्या 72822 हो गई तथा मरने वालों की संख्या 288 हो गई। डेंगू बुखार, जो आमतौर पर बंगलादेश में मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी है, अब जून-सितम्बर की अवधि से आगे भी फैल रहा है।

### कामचटका के पूर्वी तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** रूस के सुदूर पूर्व में स्थित प्रायद्वीप कामचटका के पूर्वी तट पर मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 03:45 बजे पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। भूकंप का केन्द्र, 10.0 किमी की गहराई पर, शुरुआत में 52.33 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 160.17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

# ममदानी को चुना, तो फंडिंग बंद: ट्रम्प

## न्यूयॉर्क मेयर की रेस में सबसे आगे हैं ममदानी, कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार, वोटिंग शुरू

**न्यूयॉर्क।** भारतीय समय के मुताबिक 3.30 बजे मेयर पद के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ममदानी चुनाव जीतते हैं तो न्यूयॉर्क को मिलने वाली फंडिंग कम कर दी जाएगी। न्यूयार्क सिटी में रैंक चाइस वोटिंग सिस्टम लागू है। इसमें वोटर तीनों उम्मीदवारों को पसंद के क्रम में रैंक कर सकता है (1,2,3)। अगर किसी को पहली पसंद में 50 प्रतिशत वोट नहीं मिलते, तो सबसे कम वोट पाने वाला बाहर हो जाता है और उसके वोट दूसरी पसंद के आधार पर बांटे जाते हैं।



- वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है
- पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं

यह तब तक चलता है जब तक कोई उम्मीदवार 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं पाता। वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है, क्योंकि मेल-बैलट्स और अनुपस्थित वोटों की गिनती बाद में होती है। अगर ममदानी जीतते हैं, तो वे पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर बनेंगे। ममदानी की जीत के रास्ते में 2 लोग खड़े हैं। न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो खुद भी डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कुओमो का कहना है कि ममदानी की नीतियां इतनी खतरनाक हैं कि अगर वे जीते तो शहर में चल रहे बिजनेस तबाह हो जाएंगे। इसके जवाब में ममदानी उन्हें 'ट्रम्प की कठपुतली' करार दे चुके हैं। ममदानी के दूसरे विरोधी रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा हैं। वे ममदानी और कुआेमो दोनों को शहर के विकास का विरोधी बता चुके हैं। पिछले महीने हुई डिबेट में सिल्वा ने दोनों पर तंज कसा, जोहरान तुम्हारा रिज्यूमे एक नैपकिन में समा जाएगा और एंड्रयू तुम्हारी नाकामियां इतनी हैं कि पूरी लाइब्रेरी भर जाएगी। हालांकि सर्वे में न्यूयार्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो ममदानी के मुकाबले काफी पीछे रह गए हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी से कर्टिस स्लिवा के भी जीतने की संभावना काफी कम है। ममदानी राजनीति में आने से पहले हिप-हाप रैपर थे। उनका सबसे मशहूर गाना 'कांडा' था, जो युगांडा में वायरल हुआ। इस गाने में युगांडा की राजधानी कम्पाला की जिंदगी और युवाओं की चुनौतियों को दिखाया गया था। ममदानी कहते हैं कि संगीत के जरिए उन्होंने पहली बार महसूस किया कि समाज में असमानता और पहचान की राजनीति पर आवाज उठाना जरूरी है। कॉलेज से निकलने के बाद ममदानी क्वींस चले गए। यहां उन्होंने प्रवासियों, किराएदारों और ब्लैक लाइव्स मैटर जैसे आंदोलनों में हिस्सा लिया। इसी दौरान साल 2017 में ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ अपनी राजनीति की शुरुआत की। 2020 में वो न्यूयार्क स्टेट असेंबली के लिए चुने गए। 2022 और 2024 में उन्हें निर्विरोध जीत मिली। अपने कार्यकाल के दौरान ममदानी ने ऐसे मुद्दे उठाए जो सीधे आम लोगों से जुड़े थे। इससे उन्हें खूब पापुलैरिटी मिली।

## अमेरिका ने दी परमाणु परीक्षण पर सफाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा। राइट ने फॉक्स न्यूज़ के कार्यक्रम 'द संडे ब्रीफिंग' में एक सवाल के जवाब में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। उनके अनुसार कि हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 'आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी' की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा इस बारे में कोई चिता नहीं है।

सिस्टम टेस्ट होगा, परमाणु विस्फोट नहीं

## भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के उस व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे एक हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की हत्या की सजा को इसी साल अदालत ने रद्द कर दिया था। वेदम जब सिर्फ 9 महीने के थे, तब अपने माता-पिता के साथ कानूनी रूप से अमेरिका पहुंचे थे। उनके पिता पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। अमेरिकी इमिग्रेशन जज ने गुरुवार को आदेश दिया कि जब तक बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स उनका केस नहीं देखता, तब तक वेदम को निर्वासित नहीं किया जाएगा।



हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा

उनके वकीलों ने पेनसिल्वेनिया की जिला अदालत से भी राहत पाई, जिससे मामला फिलहाल स्थगित हो गया है। वेदम को 1980 में अपने दोस्त थामस किंसर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गवाहों और सबूतों के अभाव में भी उन्हें दो बार दोषी ठहराया गया। लेकिन अगस्त 2024 में अदालत ने नई बैलिस्टिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सजा रद्द कर दी। 3 अक्टूबर को जेल से रिहाई के बाद, उन्हें सीधा इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। फिलहाल वे लुइसियाना के एलेक्जेंड्रिया डिटेंशन सेंटर में रखे गए हैं, जो निर्वासन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट वेदम को एक पुराने मामले के चलते निर्वासित करना चाहती है। करीब 20 साल की उम्र में उन्होंने एलएसडी ड्रग केस में 'नो कान्टेस्ट' प्लिया दी थी। वेदम के वकील कहते हैं कि उन्होंने 43 साल जेल में निर्दोष रहते हुए बिताए, जहां उन्होंने शिक्षा हासिल की और कैदियों को पढ़ाया भी इसलिए उनका पुराना मामला अब महत्वहीन है। लेकिन अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग का कहना है कि हत्या का केस रद्द होने से ड्रग केस की सजा खत्म नहीं होती।

# रूस के सहयोग से आठ नए परमाणु संयंत्र बनाएगा ईरान

## ईरानी राष्ट्रपति बोले: हथियार विकसित नहीं करेंगे

**तेहरान।** ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने घोषणा की है कि तेहरान अपना स्वच्छ-सतत ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के तहत रूसी मदद से 8 नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करेगा। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम व हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बात उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के दौरे पर कही।

इस्लामी ने कहा, ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है। इसके सटीक स्थानों की घोषणा सरकार जल्द करेगी। ये संयंत्र स्थिर-स्वच्छ परमाणु ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और ईरान को परमाणु ऊर्जा से 20,000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे। इस्लामी ने कहा, ईरान के उत्तरी प्रांत गोलेस्तान के तट पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण शुरू हो गया है। खुजेस्तान प्रांत में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य भी पूरा करने की योजना है, जिसका निर्माण 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले शुरू हुआ था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा, बम बनाना इस क्षेत्र का एक छोटा, असंगत और अमानवीय हिस्सा है, जबकि बाकी आवश्यक मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वह बोले, पश्चिमी शक्तियां ईरान सहित स्वतंत्र देशों को उन्नत तकनीक से वंचित करना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य आश्रित देशों को असेंबली उद्योगों के स्तर तक ही सीमित रखना है। ईरानी वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर की जा रही शत्रुता व हत्याएं, ईरान की वैज्ञानिक और तकनीकी स्वतंत्रता के प्रति प्रमुख शक्तियों के डर से उपजी हैं।



ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है: मो. इस्लामी

## 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचित: संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया है। लेकिन करीब 22.4 करोड़ महिलाएं खासकर, विकासशील देशों में अब भी सुरक्षित और प्रभावी परिवार नियोजन साधनों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आधुनिक गर्भनिरोधक उपायों का बढ़ता उपयोग एक बड़ी स्वास्थ्य सफलता है। इससे लाखों युवाओं को अनचाही गर्भावस्था से बचने और अपने भविष्य के बारे में फैसला करने की आजादी मिली है। हालांकि यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि बहुत से लोगों के लिए अब भी यह मूल मानव अधिकार 'बच्चों को जन्म देने या न देने का फैसला' सीमित बना हुआ है।

## अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार, चेनी की मौत स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण हुई। वे लंबे समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे।




## नेपाल में भीषण हिमस्खलन सात पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के दोलखा जिले के रोलवालिंग पर्वत श्रृंखला में सोमवार सुबह आए भीषण हिमस्खलन में सात पर्वतारोहियों की मौत हो गई है। मरने वालों में पांच विदेशी और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं, जबकि चार नेपाली पर्वतारोही अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। दोलखा ज़िला पुलिस कार्यालय के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे उस समय हुआ जब 15 सदस्ईय टीम यालुंग री चोटी की ओर बढ़ रही थी। इस टीम में पांच विदेशी पर्वतारोही और दस नेपाली गाइड शामिल थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से पूरी टीम बर्फ में दब गए। लेकिन खराब मौसम और संचार बाधित होने के कारण समय पर बचाव अभियान नहीं चलाया जा सका। दोलखा के पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान कुमार महतो ने बताया कि मारे गए विदेशी पर्वतारोहियों में तीन फ्रांसीसी, एक कनाडाई और एक इतालवी नागरिक शामिल हैं। महतो के अनुसार, टीम का मूल लक्ष्य दोल्मा कांग पर्वत पर चढ़ना था, लेकिन उससे पहले यालुंग री को उन्होंने अभ्यास पर्वतारोहण के रूप में चुना था।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले सियासत तेज

## राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने पिछली गलतियों के लिए देशवासियों से मांगी माफी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के अमीर शफीकुर रहमान ने अपनी पार्टी की श्पुरानी गलतियोंश के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है।

जेईआई चीफ शफीकुर रहमान ने 22 अक्टूबर को न्यूयार्क में पत्रकारों से कहा कि 1947 से अब तक, जिन-जिन लोगों को हमारी वजह से कोई कष्ट या नुकसान हुआ, हम उनसे दिल से माफी मांगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह माफी सभी के लिए है कि किसी एक दिन या घटना के लिए नहीं, बल्कि हर उस समय के लिए जब किसी को हमारी वजह से पीड़ा मिली। वहीं शफीकुर रहमान के इस माफीनामे की कुछ लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं, आलोचकों का कहना है कि यह माफी अधूरी और अस्पष्ट है। इसमें यह साफ नहीं किया गया कि पार्टी किस अपराध या गलती के लिए माफी मांग रही है। खासतौर पर 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान किए गए अपराधों और नरसंहारों का कोई सीधा उल्लेख नहीं है। बता दें कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जमात-ए-इस्लामी ने पाकिस्तान के साथ मिलकर काम किया था। उस समय 'अल-बदर', 'अल-शम्स' और 'रजाकार' नाम के अर्धसैनिक संगठन बने, जिन पर स्वतंत्रता सेनानियों, महिलाओं और आम नागरिकों की हत्या के गंभीर आरोप हैं। इन संगठनों को जमात से ही जोड़ा जाता है। जेईआई चीफ ने माफी मांगने के बाद कहा कि पार्टी पहले भी कई बार माफी मांग चुकी है कि प्रोफेसर गुलाम आजम ने माफी मांगी थी, मौलाना मतीउर रहमान ने भी मांगी थी, और मैंने भी पहले माफी मांगी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह माफी पार्टी की राजनीतिक वापसी की कोशिश का हिस्सा है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जमात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया था। इसके बाद से पार्टी फिर सक्रिय हो गई है, छात्र संघ चुनावों में हिस्सा ले रही है और दूसरे इस्लामी दलों के साथ गठजोड़ बना रही है।



फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है

